जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

33वाँ
वार्षिक प्रतिवेदन

(1 अप्रैल 2002 से 31 मार्च 2003 तक)

नई दिल्ली-110067

अनुक्रमणिका

	पृष्ठ संख्या
आमुख	1 – 5
1. प्रस्तावना	6 – 13
2. विश्वविद्यालय	14 – 21
3. विश्वविद्यालय के निकाय	22 – 24
4. संस्थान और केन्द्र	**25 – 225**
1. कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान	25 – 28
2. कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	29 – 31
3. पर्यावरण विज्ञान संस्थान	32 – 44
4. अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	45 – 77
5. सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान	78 – 81
6. भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	82 – 110
7. जीवन विज्ञान संस्थान	111 – 120
8. भौतिक विज्ञान संस्थान	121 – 128
9. सामाजिक विज्ञान संस्थान	129 – 202
10. जैव–प्रौद्योगिकी केन्द्र	203 – 207
11. विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र	208 – 215
12. संस्कृत अध्ययन केन्द्र	216 – 221
13. आणविक चिकित्सा–शास्त्र केन्द्र	222 – 225
5. अकादमिक स्टाफ कालेज	226 – 227
6. छात्र गतिविधियां	228 – 235
7. कमजोर वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं	236 – 237
8. विश्वविद्यालय प्रशासन	238 – 239
9. विश्वविद्यालय वित्त	240 – 244
10. परिसर विकास	245
11. यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति	246 –247
12. केन्द्रीय सुविधाएं	**248 – 254**
1. विश्वविद्यालय पुस्तकालय	248 – 251
2. विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्रीकरण केन्द्र	252 – 253
3. विश्वविद्यालय रोजगार सूचना और मार्गदर्शन ब्यूरो	254

परिशिष्ट

I.	**विश्वविद्यालय निकायों की सदस्यता**	**255 – 261**
1.	विश्वविद्यालय कोर्ट	255 – 257
2.	कार्य परिषद	258
3.	विद्या परिषद	259 – 260
4.	वित्त समिति	261
II.	**शिक्षक**	**262 – 276**
1.	विश्वविद्यालय के शिक्षक	262 – 269
2.	मानद प्रोफेसर	270
3.	शिक्षकों की नई नियुक्तियां	271
4	सेवा निवृत्त हुए शिक्षक	271
5	त्याग–पत्र देने वाले शिक्षक	271
6	पुनर्नियुक्त शिक्षक	272
7	स्थायी हुए शिक्षक	272 – 273
8.	स्वेच्छा से सेवा निवृत्त हुए शिक्षक	273
9.	अध्ययन/आवधिक/असाधारण अवकाश पर रहे शिक्षक	273 – 276
III.	**शोध छात्र**	**277 – 307**
1.	पी–एच.डी.	277 – 288
2.	एम.फिल.	289 – 306
3.	एम.टेक	307

विश्वविद्यालय के अधिकारी
(31.3.2003 को)

डॉ. कर्ण सिंह	कुलाधिपति
प्रो. गोपाल कृष्ण चड्ढा	कुलपति
प्रो. बलवीर अरोड़ा	कुलदेशिक
प्रो. राजीव के. सक्सेना	कुलदेशिक
श्री रमेश कुमार	कुलसचिव
श्री एस. नन्दक्योलयार, आई.ए. ऐंड ए.एस.	वित्त अधिकारी
डॉ. एस. चन्द्रशेखरन	समन्वयक (मूल्यांकन)
श्री जीत सिंह	कुलपति के सचिव

अध्ययन संस्थानों के डीन

प्रो. ज्योतिन्द्र जैन	डीन, क. और सौ. शा. सं.
प्रो. के.के. भारद्वाज	डीन, कं. व प.वि.सं.
प्रो. कस्तूरी दत्ता	डीन, प.वि.सं.
प्रो. आर.आर. शर्मा	डीन, अं.अ.सं.
प्रो. आर. रामास्वामी	डीन, सू.प्रौ.सं.
प्रो. एच.सी. पांडे	डीन, भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. आलोक भट्टाचार्य	डीन, जी.वि.सं.
प्रो. ए.के. रस्तोगी	डीन, भौ.वि.सं.
प्रो. प्रभात पटनायक	डीन, सा.वि.सं.

अध्ययन केन्द्रों के अध्यक्ष

प्रो. अनुराधा एम. चिनाय	अध्यक्ष, रू. म.ए. और पू.यू.अ.के./अं.अ.सं.
प्रो. अब्दुल नफे	अध्यक्ष, अ. और प.यू.अ.के./अं.अ.सं.
प्रो. अलोकेश बरुआ	अध्यक्ष, रा.अ.वि. और अ.अ.के/अं.अ.सं.
प्रो. अजय कुमार दुबे	अध्यक्ष, प.ए. और अ.अ.के./अं.अ.सं.
प्रो. उमा सिंह	अध्यक्ष, द.म.द.पू.ए. और द.प.म.अ.के./अं.अ.सं.
डॉ. लालिमा वर्मा	अध्यक्ष, पू.ए.अ.के./अं.अ.सं.
डॉ. वरूण साहनी	अध्यक्ष, अं.रा.सं. और नि.के./अं.अ.सं.
प्रो. रामाधिकारी कुमार	अध्यक्ष, रू.अ.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. मोहम्मद असलम इस्लाही	अध्यक्ष, अ. और अ.अ.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. वसन्त जी. गद्रे	अध्यक्ष, इ.अ.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. वैश्ना नारंग	अध्यक्ष, भा.वि. और अं.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. मैनेजर पाण्डेय	अध्यक्ष, भा.भा.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. एम. आलम	अध्यक्ष, फा. और म.ए.अ.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. पी.के. मोटवानी	अध्यक्ष, जा. और उ.पू.ए.अ.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
डा. एम.एल. भट्टाचार्य	अध्यक्ष, ची. और द.पू.ए.अ.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. शांता रामाकृष्णन	अध्यक्ष, फ्रे.और फ्रें.अ.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. अनिल भट्टी	अध्यक्ष, ज.अ.के./भा.सा. और सं.अ.सं.
प्रो. दीपक कुमार	अध्यक्ष, जा.हु.शै.अ.के./सा.वि.सं.
प्रो. पी.बी. मेहता	अध्यक्ष, दर्शनशास्त्र केंद्र/सा.वि.सं.
प्रो. एम.एच. सिद्दीकी	अध्यक्ष, ऐ.अ.के./सा.वि.सं.
प्रो. अरूण कुमार	अध्यक्ष, आ.अ. और नि.के./सा.वि.सं.
प्रो. एहसानुल हक़	अध्यक्ष, सा.प.अ.के./सा.वि.सं.
डा. रामा वी. बारु	अध्यक्ष, सा.चि. और सा.स्वा.के./सा.वि.सं.

प्रो. असलम महमूद	अध्यक्ष, क्षे.वि.अ.के. / सा.वि.सं.
प्रो. जोया हसन	अध्यक्ष, रा.अ.के. / सा.वि.सं.
प्रो. वी.वी. कृष्णा	अध्यक्ष, वि.नी.अ.के / सा.वि.सं.
प्रो. संतोष कार	अध्यक्ष, जै.प्रौ.के.
प्रो. नीरजा गोपाल जयाल	अध्यक्ष, वि. और अ.अ.के.
प्रो. राजेन्द्र प्रसाद	अध्यक्ष, आ.वि.शा.वि.के.
प्रो. शशि प्रभा कुमार	अध्यक्ष, सं.अ.के.
प्रो. जयती घोष	निदेशक, महिला अध्ययन कार्यक्रम
प्रो. बलवीर अरोड़ा	शैक्षिक निदेशक, जे.एन.आई.ए.एस.
प्रो. आदित्य मुखर्जी	निदेशक, अकादमिक स्टाफ कॉलेज

उप कुलसचिव / उप वित्त अधिकारी

श्री फतेह सिंह	उप कुलसचिव
श्री करतार सिंह	उप वित्त अधिकारी
श्री एन. बालासुब्रामणियन	उप कुलसचिव
श्री अवैस अहमद	उप कुलसचिव
श्री ए.के. मलिक	उप वित्त अधिकारी
श्री आर. वेंकटेश्वरन	उप कुलसचिव
श्री जे.एस. बवेजा	उप कुलसचिव
श्री यशवन्त सिंह	उप कुलसचिव
श्री बनवारी लाल	उप कुलसचिव
श्री जे.पी.एस. ढाका	उप कुलसचिव

पुस्तकालयाध्यक्ष का कार्यालय

श्री एस.के. खुल्लर	कार्यकारी पुस्तकालयाध्यक्ष
डॉ. कृष्ण गोपाल	उप पुस्तकालयाध्यक्ष
श्री एच.एम.के. मुदगल	उप पुस्तकालयाध्यक्ष
डॉ. (श्रीमती) अंजना चट्टोपाध्याय	उप पुस्तकालयाध्यक्ष

डीन (छात्र) कार्यालय

प्रो. राजेन्द्र डेंगले	डीन (छात्र)
प्रो. वी.के. जैन	सह डीन (छात्र)
श्रीमती दमयंती वी. ताम्बे	उप निदेशक (शारीरिक शिक्षा)
डा. गौतम पात्रा	मुख्य चिकित्सा अधिकारी

मुख्य कुलानुशासक कार्यालय

प्रो. आर.के. काले	मुख्य कुलानुशासक
डॉ. लालिमा वर्मा	कुलानुशासक
प्रो. एच.बी. बोहिदार	कुलानुशासक

विदेशी छात्र सलाहकार कार्यालय

प्रो. सुषमा जैन	विदेशी छात्र सलाहकार

जन–सम्पर्क कार्यालय

श्रीमती पूनम एस. कुदेसिया	जन–सम्पर्क अधिकारी

समान अवसर कार्यालय

डॉ. तुलसी राम	मुख्य सलाहकार
डॉ. एस.एन. मालाकार	सलाहकार

आमुख

पं. जवाहरलाल नेहरू ने एक बार कहा था कि :

> "विश्वविद्यालय का उद्देश्य मानवता, सहनशीलता, तर्कशीलता, चिन्तन प्रक्रिया और सत्य की खोज की भावना को स्थापित करना होता है। इसका उद्देश्य मानव जाति को निरन्तर महत्तर लक्ष्य की ओर प्रेरित करना होता है। अगर विश्वविद्यालय अपना कर्तव्य ठीक से निभाएं तो यह देश और जनता के लिए अच्छा होगा।"

स्वतंत्रत भारत के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा 13 दिसम्बर 1947 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय की हीरक जयंती के अवसर पर दिए गए उपर्युक्त वक्तव्य से यह परिलक्षित होता है कि पं. नेहरू ने भारत में विश्वविद्यालीय शिक्षा को विशेष महत्व दिया है। नेहरू का दृढ़ विश्वास था कि विश्वविद्यालय युवा छात्रों में मानवता, सहनशीलता, मैत्रीभाव, तर्कशीलता के आधारभूत सदगुण और दूरदर्शिता विकसित करने में तथा छात्रों को कल्पनाशक्ति–सम्पन्न विचारों और सत्य की खोज के लिए प्रेरित करते हुए न केवल राष्ट्र के स्वरूप को बदलने बल्कि उसे शक्तिशाली बनाने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

ऐसे महान राजनेता के विचारों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की स्थापना ज.ने.वि. अधिनियम 1966 (1966 का 53) के अन्तर्गत वर्ष 1966 में की गई थी। निःसन्देह यह विश्वविद्यालय पं. जवाहरलाल नेहरू के नाम पर एक राष्ट्रीय स्मारक के रूप में था। पं. जवाहरलाल नेहरू को और अधिक सम्मान देने की दृष्टि से विश्वविद्यालय का औपचारिक उद्घाटन भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति स्व. श्री वी.वी. गिरी द्वारा पं. नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर 14 नवम्बर 1969 को किया गया था। संयोगवश यह वर्ष महात्मा गाँधी का जन्मशती वर्ष भी था। विश्वविद्यालय के उद्देश्य हैं –

> 'अध्ययन, अनुसंधान और अपने संगठित जीवन के उदाहरण और प्रभाव द्वारा ज्ञान, प्रज्ञान एवं समझदारी का प्रसार व अभिवृद्धि करना तथा विशिष्टतः उन सिद्धान्तों की अभिवृद्धि का प्रयास करना, जिनके लिए जवाहरलाल नेहरू ने जीवन–पर्यंत काम किया, जैसे – राष्ट्रीय एकता, सामाजिक न्याय, धर्म निरपेक्षता, जीवन की लोकतांत्रिक पद्धति, अन्तर्राष्ट्रीय समझ और सामाजिक समस्याओं के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण।

इस लक्ष्य की दिशा में, विश्वविद्यालय --

- भारत की सामासिक संस्कृति के संवर्धन के लिए ऐसे विभाग और संस्थान स्थापित करेगा जो भारत की भाषाओं, कलाओं और संस्कृति के अध्ययन तथा विकास के लिए अपेक्षित हों,
- सम्पूर्ण भारत से छात्रों और अध्यापकों को विश्वविद्यालय में सम्मिलित होने और उसके शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेने की सुविधा देने के लिए विशेष उपाय करेगा;
- छात्रों और अध्यापकों में देश की सामाजिक आवश्यकताओं के प्रति जागरूकता और बोध की अभिवृद्धि करते हुए उन्हें ऐसी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए तैयार करेगा;
- अपने शैक्षिक कार्यक्रमों में मानविकी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में समन्वित पाठ्यक्रमों के लिए विशेष व्यवस्था करेगा;
- अन्तर–विषयक अध्ययन के प्रोत्साहन के लिए समुचित उपाय करेगा;
- छात्रों में विश्वव्यापी दृष्टिकोण और अन्तर्राष्ट्रीय समझ विकसित करने की दृष्टि से ऐसे विभाग या संस्थान स्थापित करेगा जो विदेशी भाषाओं, साहित्य और जीवन के अध्ययन के लिए आवश्यक हों; और
- विभिन्न देशों से आए छात्रों और अध्यापकों के लिए शैक्षिक कार्यक्रमों और गतिविधियों में भाग लेने हेतु सुविधाएं प्रदान करेगा।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की अद्वितीयता का प्रमाण इसके मूल दर्शन, नीतियों और मुख्य कार्यक्रमों से मिलता है, जिनका उल्लेख विश्वविद्यालय के अधिनियम में स्पष्ट रूप से किया गया है। तदनुसार, विश्वविद्यालय का हमेशा यही प्रयास रहा है कि ऐसी नीतियां और अध्ययन कार्यक्रम विकसित किए जाएं जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पहले से उपलब्ध सुविधाओं में मात्र विस्तार न होकर राष्ट्रीय संसाधनों में महत्वपूर्ण वृद्धि करें। इस तरह विश्वविद्यालय ऐसे कार्यक्रमों पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है जो राष्ट्र की उन्नति और विकास के लिए संगत हों। इस संबंध में, विश्वविद्यालय ने निम्नलिखित प्रयास किए हैं –

(1) विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्षता, जैसे विचारों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जीवन के प्रति विश्वव्यापी और मानववादी दृष्टिकोण विकसित करने के लिए निरन्तर प्रयास किए हैं;

(2) विश्वविद्यालय ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से छात्रों और शिक्षकों का चयन करके अपने राष्ट्रीय चरित्र को बनाए रखा है;

(3) ज्ञान की अविभाज्यता को स्वीकारते हुए अन्तर–विषयक शिक्षण तथा शोध को बढ़ावा दिया गया है और तद्नुसार अध्ययन संस्थानों और केन्द्रो की स्थापना की गई है;

(4) विश्वविद्यालय में परम्परागत क्षेत्रों में शिक्षण एवं शोध पर बल देते हुए यह सुनिश्चित किया गया है कि जहां तक संभव हो सके अन्य विश्वविद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की पुनरावृत्ति न हो;

(5) विश्वविद्यालय में भारतीय और विदेशी भाषाओं के शिक्षण और शोध का एक मॉडल संस्थान/केंद्र स्थापित करने पर ध्यान दिया गया है। इसमें विभिन्न उपकरणों से सुसज्जित एक आधुनिक भाषा प्रयोगशाला है, जोकि सम्भवतः देश में अपने तरह की एक सर्वोत्तम प्रयोगशाला है। यह एक ऐसा केंद्र है जहाँ सम्बन्धित देशों के साहित्य, संस्कृति और सभ्यता का अध्ययन काफी उपयुक्त और प्रभावी ढंग से होता है;

(6) विश्वविद्यालय में एक ऐसी पद्धति विकसित की गई है, जिसके अन्तर्गत पढ़ाए जाने वाले कोर्स, उन कोर्सों की संक्षिप्त विषय–वस्तु और मूल्यांकन पद्धति जैसे मूल शैक्षिक निर्णय स्वयं शिक्षकों द्वारा ही लिए जाते हैं। शिक्षकों ने निरन्तर आन्तरिक मूल्यांकन का एक ऐसा ग्रेडिंग सिस्टम अपनाया है जिससे आपसी समझ को बढ़ावा मिलता है,

(7) विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश देश भर में फैले 47 केंद्रों और विदेशों में स्थित 2 केंद्रों पर आयोजित अखिल भारतीय प्रवेश–परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट सूची के आधार पर दिया जाता है;

(8) भारत सरकार की नीति के अनुसार, विश्वविद्यालय में छात्रों को प्रवेश और शिक्षकों की भर्ती के स्तर पर आरक्षण दिया जाता है;

(9) विश्वविद्यालय में मेरिट–कम–मीन्स छात्रवृत्तियाँ/अध्येतावृत्तियाँ तथा छात्रों और शिक्षकों को शोध कार्य के लिए देश-विदेश का दौरा करने हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान है;

(10) विश्वविद्यालय अन्तर्राष्ट्रीय समझ को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से विदेशों के विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों में भाग लेता है;

(11) शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया के अनुसार अपने-अपने विशेषीकृत क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त व्यक्तियों को शिक्षकों के रूप में भर्ती किया जाता है;

(12) विश्वविद्यालय ने अपने सेवानिवृत्त हो रहे या सेवानिवृत्त हो चुके शिक्षकों के लिए 'प्रतिष्ठित विद्वान' नाम से एक योजना शुरू की है। यह योजना उन शिक्षकों के लिए है जो सेवानिवृत्ति के समय अपनी कोई पुस्तक लिख रहे थे या किसी परियोजना पर काम कर रहे थे और उसे वे पूरा करना चाहते हैं। यह योजना 65 से 70 वर्ष तक की उम्र के विद्वानों के लिए है;

(13) छात्रों और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने के लिए एक शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है;

(14) एक स्वच्छ सामाजिक वातावरण और जेएनयू समुदाय में सुरक्षा की भावना विकसित करने की दृष्टि से विश्वविद्यालय ने यौन उत्पीड़न के विरूद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति का गठन किया है;

(15) शिक्षकों के लिए टेलीफोन, इंटरनेट, वीडियो कान्फ्रेंसिंग और डिजिटल लाइब्रेरी डाटा सिस्टम जैसी आधुनिक दूर संचार सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं;

(16) बाबा साहेब अम्बेडकर चेयर, राजीव गांधी चेयर, आर.बी.आई. चेयर, एस.बी.आई. चेयर, ग्रीक अध्ययन में चेयर जैसी कई चेयर स्थापित की गई हैं;

(17) विश्वविद्यालय के दलित छात्रों के शैक्षिक/वित्तीय सम्बन्धी मामलों की देख–रेख के लिए एक सलाहकार समिति का गठन किया गया है;

(18) विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को प्रवेश परीक्षा में वेटेज देने से संबंधित महत्वपूर्ण कदम वर्ष 1995 में उठाया था।

(19) शिक्षा जगत में जैव–प्रौद्योगिकी एक बहु–विषयक क्षेत्र है। इसके पाठ्यक्रम देश में किसी भी तरह की सार्थक जैव–प्रौद्योगिकी गतिविधियों के लिए दक्ष मानवशक्ति की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने की दृष्टि से तैयार किए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों की रूपरेखा छात्रों को अनुवंशिकी इंजीनियरी और जैव–प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए नवीनतम महत्वपूर्ण विकास और उद्योग, कृषि और चिकित्सा के क्षेत्र में इनके अनुप्रयोग से अवगत कराने के उद्देश्य से तैयार की गई हैं;

(20) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय पिछले कई वर्षों से 30 से अधिक प्रतिभागी विश्वविद्यालयों के एम.एस–सी. – जैव–प्रौद्योगिकी, एम.एस–सी. – कृषि जैव–प्रौद्योगिकी, एम.वी.एस–सी. (एनिमल) जैव–प्रौद्योगिकी और एम.टेक. जैव–प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संयुक्त जैव–प्रौद्योगिकी प्रवेश–परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित कर रहा है। यह प्रवेश–परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की जाती है, और

(21) विश्वविद्यालय ने विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ 32 'एमओयू' हस्ताक्षर किए हैं।

अरावली पर्वत श्रृंखला के ऊबड़–खाबड़ 1019 एकड़ क्षेत्र में स्थित जेएनयू परिसर में अब हर तरफ हरियाली ही हरियाली दिखाई देती है। इसके कुछ भाग को संरक्षित वन के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की स्थापना विशेष रूप से एक स्नातकोत्तर शिक्षण एवं शोध संस्थान के रूप में की गई थी। विश्वविद्यालय की विद्या सलाहकार समिति ने यह निर्णय लिया था कि विश्वविद्यालय में मूलतः 9 संस्थान होंगे :

1. भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान
2. सामाजिक विज्ञान संस्थान
3. अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान
4. जीवन विज्ञान संस्थान
5. पर्यावरण विज्ञान संस्थान
6. कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान
7. भौतिक विज्ञान संस्थान
8. कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान
9. सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान

इनमें से पहले चार अध्ययन संस्थानों ने वर्ष 1971 में नई दिल्ली में अपनी गतिविधियां आरम्भ कीं। वर्ष 1974 और 1975 में क्रमशः पर्यावरण विज्ञान संस्थान तथा कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान की स्थापना हुई। भौतिक विज्ञान संस्थान वर्ष 1986 में शुरू हुआ। वर्ष 2001 में कला और सौन्दर्य–शास्त्र संस्थान और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान शुरू हुए।

वर्ष 1972 में इंफाल (मणिपुर) में स्नातकोत्तर अध्ययन केंद्र की स्थापना की गई। अंततः वर्ष 1981 में यह केन्द्र मणिपुर विश्वविद्यालय का एक हिस्सा बन गया।

पिछले लगभग 35 वर्ष के दौरान निम्नलिखित अध्ययन केंद्र शुरू किए गए और इन्हें सम्बन्धित संस्थानों को सौंपा गया : –

1. सामाजिक विज्ञान संस्थान	– सामाजिक पद्धति अध्ययन केंद्र – ऐतिहासिक अध्ययन केंद्र – राजनीतिक अध्ययन केंद्र – क्षेत्रीय विकास अध्ययन केंद्र – सामाजिक चिकित्साशास्त्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र – जाकिर हुसैन शैक्षिक अध्ययन केंद्र – विज्ञान नीति अध्ययन केंद्र

	– आर्थिक अध्ययन और नियोजन केंद्र – दर्शनशास्त्र केंद्र – महिला अध्ययन कार्यक्रम – प्रौढ़ शिक्षा ग्रुप – भारत के समसामयिक इतिहास पर अभिलेखागार – शैक्षिक रिकार्ड शोध यूनिट
2. भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	– फ्रेंच और फ्रेंकोफोन अध्ययन केंद्र जर्मन अध्ययन केंद्र इस्पेनी अध्ययन केंद्र – अरबी और अफ्रीकी अध्ययन केंद्र – भारतीय भाषा केंद्र – भाषा–विज्ञान और अंग्रेजी केंद्र – फारसी और मध्य एशियाई अध्ययन केंद्र – जापानी और उत्तर पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र – चीनी और दक्षिण पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र – दर्शनशास्त्र ग्रुप – भाषा प्रयोगशाला समूह
3. अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	– अमरीकी और पश्चिमी यूरोपीय अध्ययन केंद्र – राजनय, अन्तर्राष्ट्रीय विधि और अर्थशास्त्र अध्ययन केंद्र – पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र – रूसी, मध्य एशियाई और पूर्वी यूरोपीय अध्ययन केंद्र – अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति, संगठन और निरस्त्रीकरण केंद्र – दक्षिण, मध्य, दक्षिण–पूर्व एशियाई और दक्षिण–पश्चिम महासागरीय अध्ययन केंद्र – पश्चिमी एशियाई और अफ्रीकी अध्ययन केंद्र – राजनीतिक सिद्धान्त और तुलनात्मक अध्ययन ग्रुप
4. कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान	–
5. जीवन विज्ञान संस्थान	–
6. पर्यावरण विज्ञान संस्थान	–
7. कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	–
8. भौतिक विज्ञान संस्थान	–
9. सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान	– जैव–सूचना–विज्ञान केंद्र – संचार और सूचना केंद्र – कंप्यूटर केंद्र
10 जैव–प्रौद्योगिकी केंद्र	–
11. संस्कृत अध्ययन केंद्र	–
12. आणविक चिकित्सा–शास्त्र केंद्र	–
13. विधि और अभिशासन अध्ययन केंद्र	–

विभिन्न संस्थानों और केन्द्रों के अतिरिक्त, विश्वविद्यालय में निम्नलिखित शैक्षिक यूनिट हैं, जो भिन्न–भिन्न प्रकार के कार्य करती हैं। इन यूनिटों ने अपनी गतिविधियों से विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है।

1. अकादमिक स्टाफ कालेज
2. विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्रीकरण केंद्र

इनके अतिरिक्त, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने अपने राष्ट्रीय चरित्र के अनुसार देश भर के निम्नलिखित सुप्रसिद्ध संस्थानों को मान्यता प्रदान की है।

1. **रक्षा संस्थान**	– सेना कैडेड महाविद्यालय, देहरादून – सेना इंजीनियरी महाविद्यालय, पुणे – सेना इलेक्ट्रोनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियरी महाविद्यालय, सिकंदराबाद – सेना दूर–संचार इंजीनियरी महाविद्यालय, महू – राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे – नौ सेना इंजीनियरी महाविद्यालय, लोनावाला
2. **अनुसंधान और विकास संस्थान**	– कोशिकीय और अणु जीव–विज्ञान केंद्र, हैदराबाद – विकास अध्ययन केंद्र, तिरूवनन्तपुरम – केंद्रीय औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ – सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ मेडिसिनल ऐंड ऐरोमेटिक प्लांट, लखनऊ – सूक्ष्म जैविक प्रौद्योगिकी संस्थान, चण्डीगढ़ – अन्तर्राष्ट्रीय आनुवंशिकी इंजीनियरी तथा जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली – राष्ट्रीय प्रतिरक्षा–विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली – नाभिकीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली – रमण अनुसंधान संस्थान, बंगलौर

अध्याय – 1

प्रस्तावना

1.9.2002 को विश्वविद्यालय के विभिन्न पूर्णकालिक अध्ययन पाठ्यक्रमों में पंजीकृत छात्रों की संख्या 4796 थी – पी. एच.डी. / एम.फिल. / एम.सी.एच. / एम.टेक. में 2611, बी.ए. / एम.ए. / एम.एस–सी. / एम.सी.ए. में 1396 बी.ए. (ऑनर्स) में 564 और सी.ओ.पी. / डी.ओ.पी. जैसे अंशकालिक पाठ्यक्रमों में 213 और जैव–सूक्ष्म–विज्ञान (स्नातकोत्तर डिप्लोमा) में 12 छात्र पंजीकृत थे।

शैक्षिक वर्ष 2002- 2003 में देशभर में 49 केंद्रों पर अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रवेश–परीक्षा के आधार पर विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में 1229 (817 पुरुष और 412 महिला) उम्मीदवारों को प्रवेश दिया गया। इनमें से 499 उम्मीदवारों ने एम.फिल. / पी. एच.डी. / एम.सी.एच. / एम.टेक; 512 ने स्नातकोत्तर और 218 ने बी.ए. (ऑनर्स) पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया। 213 छात्रों ने भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के विभिन्न अंशकालिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया। इनमें 38 छात्र अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के और 05 छात्र शारीरिक रूप से विकलांग थे।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान 231 शोध छात्र पी–एच.डी. उपाधि, 403 छात्र एम.फिल. उपाधि, 34 छात्र एम.टेक. उपाधि, 107 छात्र एम.एस–सी. / एम.सी.ए. उपाधि, 478 छात्र एम.ए. उपाधि, 290 छात्र बी.ए. / बी.ए. (ऑनर्स) उपाधि प्रदान करने के लिए सफल घोषित किए गए।

पिछले वर्षों की तरह, इस वर्ष भी विश्वविद्यालय ने 30 प्रतिभागी विश्वविद्यालयों के एम.एस–सी. (कृषि विज्ञान) / एम.वी.एस–सी. (एनिमल) तथा एम.एस–सी. जैव–प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश–परीक्षा का आयोजन किया।

प्रवेश पाने वाले 1229 उम्मीदवारों में से 514 उम्मीदवार निम्न और मध्यम आय वर्ग के थे, जिनके माता–पिता की मासिक आय 6,000 रूपये से कम थी और 715 उम्मीदवार उच्च आय वर्ग के थे, जिनके माता–पिता की मासिक आय 6,000 रूपये से अधिक थी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से क्रमशः 422 और 807 उम्मीदवार थे। केवल 345 उम्मीदवारों ने अपनी स्कूली शिक्षा पब्लिक स्कूलों से प्राप्त की थी और शेष 884 ने नगर–निगम और अन्य स्कूलों से।

विश्वविद्यालय ने अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के 23.27% प्रतिशत उम्मीदवारों को प्रवेश दिया। 1.9.2002 को विश्वविद्यालय में 154 विदेशी छात्र पंजीकृत थे।

विश्वविद्यालय ने विभिन्न अध्ययन–पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक अन्य पिछड़ी जाति के उम्मीदवारों को प्रवेश–परीक्षा में अतिरिक्त अंक देने का महत्वपूर्ण कदम वर्ष 1995 में उठाया था। शैक्षिक–सत्र 2002–2003 के दौरान, 374 उम्मीदवारों ने अतिरिक्त अंकों का लाभ उठाया।

विश्वविद्यालय अपनी नीति के अनुसार प्रतिष्ठित विद्वानों को विश्वविद्यालय में ज्वाइन करने के लिए आकर्षित करने का प्रयास करता रहा है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए विश्वविद्यालय ने इस नीति का अनुसरण करते हुए और वर्तमान शिक्षण तथा शोध कार्यक्रमों को सुचारू रूप से चलाने और संकाय विशेषज्ञता को सुदृढ़ करने की दृष्टि से चुने हुए शिक्षकों की भर्ती की है। विश्वविद्यालय ने विभिन्न विषयों / क्षेत्रों के लिए विश्वविद्यालय संविधियों की शर्तों के अनुसार गठित चयन समितियों के माध्यम से देश और विदेश के प्रसिद्ध संस्थानों के डॉक्टरल उपाधि धारकों और शिक्षण / शोध में अनुभवी प्रतिष्ठित विद्वानों को आकर्षित करने में सफलता प्राप्त की है।

अनेक चयन समितियों ने प्रोफेसरों और सह–प्रोफेसरों के पदों के लिए आन्तरिक और बाह्य उम्मीदवारों में से जे.एन.यू. के शिक्षकों को सर्वोत्तम उम्मीदवारों के रूप में पाया।

कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान एक नया संस्थान है। इसमें शोध और अध्ययन की पर्याप्त संभावनाएं हैं। यह संस्थान पारम्परिक और समसामयिक, समृद्ध कला सिद्धान्त एवं अभ्यास के भिन्न–भिन्न क्षेत्रों में अन्तरविषयक अध्ययन और शोध को उन्नत कराने वाला पहला केंद्र है।

कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान देशभर के सर्वोत्तम छात्रों को प्रवेश के लिए आकर्षित करता है। संस्थान एम.सी.ए., एम.टेक., एम.फिल. और पी–एच.डी. पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक चलाता है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों में से 8869 छात्रों ने प्रवेश–पात्रता की शर्तों को पूरा किया और प्रवेश परीक्षा में बैठे। अन्ततः संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों में 52 छात्रों को प्रवेश दिया गया। इस समय संस्थान में पंजीकृत छात्रों की संख्या अन्य विज्ञान संस्थानों के छात्रों से अधिक है। संस्थान के पाठ्यक्रमों की उच्च गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए अब संस्थान की सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाना आवश्यक हो गया है।

संस्थान की प्रसिद्धि का मुख्य कारण यह है कि इसके पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले अधिकांश छात्रों को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ख्यातिप्राप्त कम्पनियों में नौकरियां मिल जाती हैं। इन छात्रों को टी.सी.एस., एच.सी.एल., टाटा, आई.बी.एम., विप्रो, इन्फोटेक, 'इन्फोसिस, आई.सी.आई.सी.आई, आरेकल यू.टी.,सी.–डॉट, देवू, बी.ओ.आई. आदि जैसे सूचना प्रौद्योगिकी के प्रतिष्ठित संगठनों और कई अन्य बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में नौकरियां मिली हैं।

संस्थान अपने छात्रों के लिए विभिन्न कोर्सो के अतिरिक्त, विश्वविद्यालय के बहुविषयक दृष्टिकोण के अनुरूप भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान और जीवन विज्ञान संस्थान के छात्रों के लिए भी कोर्स चलाता है। संस्थान ने निम्नलिखित क्षेत्रों में सुविकसित प्रयोगशालाएं स्थापित की हैं – सिस्टम्स साफ्टवेयर, डाटा कम्युनिकेशन और नेटवर्क, पेरलल प्रोसेसिंग ऐंड डिस्ट्रिब्युटिड कंप्यूटिंग और नेचुरल लैंग्युवेज प्रोसेसिंग। इसके अतिरिक्त, संस्थान में मल्टीमीडिया, माडलिंग ऐंड सिम्युलेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऐंड रोबोटिक्स तथा साफ्टवेयर इंजीनियरिंग की प्रयोगशालाएं स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। इन प्रयोगशालाओं में नेटवर्क मोड में अनेक पी.सी. लगाए जाएंगे। इससे संस्थान के शिक्षण एवं शोध कार्य को प्रोत्साहन मिलेगा।

पर्यावरण विज्ञान संस्थान के शैक्षिक पाठ्यक्रमों की समय–समय पर समीक्षा की गई और आवश्यकतानुसार इनमें संशोधन किए गए। एम.एस–सी. पाठ्यक्रम वर्ष 1976 में शुरू किया गया, लेकिन इसमें कुछ मुख्य संशोधन करने के लिए कुछ समय के लिए यह पाठ्यक्रम बंद करना पड़ा। इसके बाद, वर्ष 1987 में संशोधित एम.एस–सी. (पर्यावरण विज्ञान) पाठ्यक्रम शुरू किया गया। इस संशोधित पाठ्यक्रम को चलाने से हुए अनुभव के आधार पर इसमें एक बार फिर संशोधन करके वर्ष 1993–94 में एम.एस–सी. पाठ्यक्रम दो स्ट्रीम में शुरू किया गया है। इनमें से एक भौतिक विज्ञान और दूसरा जीवविज्ञान पर आधारित है। वर्ष 1975 से चलाए जा रहे एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या में भी समय–समय पर परिवर्तन किए गए। एम.एस–सी. पाठ्यक्रम में संशोधन करके इसे अद्यतन बनाने तथा इसमें फेलोशिप और लेक्चररशिप के लिए यू.जी.सी.–सी.एस.आई.आर. की नेट परीक्षा में पर्यावरण विज्ञान से सम्बन्धित विषयों को भी शामिल करने के लिए संस्थान द्वारा की गई पहल सार्थक रही और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इसे एक विषय के रूप में शामिल कर लिया है। वास्तव में इस संस्थान ने देश में सबसे पहले पर्यावरण विज्ञान में एम.एस–सी./एम.फिल. पाठ्यक्रम शुरू किए।

संस्थान की शोध–रुचि विभिन्न भू–वातावरणीय और जीव–वैज्ञानिक प्रक्रियाओं में विभक्त है। पारिस्थितिक और सामाजिक प्रक्रियाओं के बीच संयोजन संस्थान की रुचि के क्षेत्रों को एक अतिरिक्त आयाम प्रदान करते हुए इसके शोध कार्य को सुसंगत बनाते हैं। इसलिए पाठ्यचर्या में भौतिक विज्ञान, भू–वातावरणीय विज्ञान, पर्यावरणीय जीवविज्ञान और पर्यावरणीय मानिटरिंग और प्रबंधन जैसे विषयक क्षेत्र शामिल हैं। शोध–रुचि के ऐसे उच्च स्तरीय क्षेत्रों में शोध करते हुए अब तक 215 से अधिक छात्रों ने पर्यावरण विज्ञान के विभिन्न पक्षों में अपने पी–एच.डी. पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

संस्थान में मुख्यतः चार क्षेत्रों में शोध किया जाता है :

क्षेत्र–I : पर्यावरण के साथ विभिन्न प्रणालियों की पारस्परिक क्रियाओं को अच्छी तरह से समझने के लिए गणितीय मॉडलिंग एक तीव्र एवं प्रभावशाली साधन है। इसलिए संस्थान की शोध रूचि – पारिस्थितिक तंत्रों; नॉन–लिनियर जैव एवं भौतिक प्रणालियां तथा खगोल–भौतिकी प्लाज्मा के सैद्धांतिक पहलुओं की मॉडलिंग के इर्द–गिर्द केंद्रित हैं। इसके अतिरिक्त, शहरी जलवायु में परिवर्तन, ध्वनि प्रदूषण और विद्युत प्रदूषण विषयक क्षेत्रों में भी अध्ययन चल रहा है।

क्षेत्र–II : इस क्षेत्र की शोध गतिविधियां निम्नलिखित दो भिन्न दृष्टिकोणों पर केंद्रित हैं : (क) स्थलीय तथा जलीय पर्यावरण में वर्तमान भू–विज्ञानी और भू–रासायनिक प्रक्रियाओं को समझना; और (ख) भू–रासायनिक और भू–कालक्रम विज्ञान सहित विभिन्न विश्लेषणात्मक उपकरणों पर आधारित दक्षिण भारत के भू–पृष्ठ का उद्गम। हिमालय ग्लेशियर के भू–रसायन विज्ञान और जल–विज्ञान के साथ साथ भू–जल खोज विषयक क्षेत्रों में रिमोट सेंसिंग प्रणालियों का प्रयोग करते हुए शोध किया जा रहा है।

क्षेत्र III : इस क्षेत्र की शोध रुचि में पर्यावरणीय प्रदूषण, जीव जात पर इसका प्रभाव और स्वच्छ जल तथा अशुष्क भूमि के परिस्थिति विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार के अध्ययन क्षेत्र शामिल हैं। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर भी अध्ययन चल रहा है।

क्षेत्र IV : मानव जाति और पादप तथा मानव अस्तित्व के लिए प्रत्यक्ष रूप से महत्त्व रखने वाली पशु प्रजातियों पर अनेक प्रकार के विषीय तत्वों के प्रभावों का अध्ययन जन–समुदाय तथा जीव और कोशिकीय एवं आणविक स्तरों पर किया जाता है। पारिस्थितिक तंत्र गतिविज्ञान तथा इसके कार्य का मूल्यांकन व्यक्तिगत और जन–सामुदायिक स्तर पर अध्ययन किया जा रहा है।

अनेक अध्ययन मॉडल के रूप में एंटामोइबा हिस्टोलिटिका का इस्तेमाल करते हुए होस्ट पैरासाइट इंटरएक्शन पर केंद्रित हैं। एंटामोइबा हिस्टोलिटिका से क्लोन किए गए डी.एन.ए. फ्रेगमेंटस का विकास महामारी विज्ञानीय तथा अमीबता का निदान करने की जांच के तौर पर अध्ययन किया गया है।

अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान की स्थापना वर्ष 1955 में भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान के नाम से हुई थी। यह विश्वविद्यालय का सबसे पुराना संस्थान है। बाद में इसका नाम बदल कर अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान कर दिया गया। अपनी स्थापना के 47 वर्षों के दौरान संस्थान ने अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों और क्षेत्रीय अध्ययन के क्षेत्रों में पूरे देश में अपने को एक विशिष्ट संस्थान के रूप में प्रतिष्ठित किया है। इसने भारत में अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के अध्ययन को एक शैक्षिक विषय के रूप में विकसित करने और अन्तर्राष्ट्रीय मामलों के ज्ञान और समझ को एक अन्तरविषयक परिप्रेक्ष्य में उन्नत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह संस्थान पूरे देश में "क्षेत्रीय अध्ययन" को प्रोत्साहित करने और विश्व के विभिन्न देशों और क्षेत्रों के बारे में विशेष जानकारी विकसित करने वाला भी पहला संस्थान है। संस्थान ने एक उच्च अध्ययन केंद्र के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की है। इसमें सात अध्ययन केंद्र और एक अध्ययन ग्रुप हैं, जो विभिन्न विषयों में शोध एवं शिक्षण पाठ्यक्रम चलाते हैं।

संस्थान राजनीति विज्ञान में एम.ए. (अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन) पाठ्यक्रम भी चलाता है। संस्थान के राजनय, अन्तर्राष्ट्रीय विधि और अर्थशास्त्र अध्ययन केन्द्र में अन्तर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र में विशेषीकरण के साथ अर्थशास्त्र में एम.ए. पाठ्यक्रम चलाया जाता है। संस्थान, पिछले तीन दशकों से अधिक समय से 'इंटरनेशनल स्टडीज' नामक एक त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन कर रहा है। यह एक महत्वपूर्ण शोध पत्रिका है, जिसका वितरण और ख्याति अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की है।

संस्थान प्रत्येक वर्ष समसामयिक अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों से सम्बन्धित विषयों पर एक व्याख्यानमाला भी आयोजित करता है। ये व्याख्यान "अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों पर पंडित हृदयनाथ कुंजरू स्मारक (विस्तार) व्याख्यान" के रूप में जाने जाते हैं। वर्ष 2002 में इस व्याख्यानमाला का विषय था 'ग्लोबलाइजेशन इम्पेक्ट ऐंड रेसिस्टेंस'।

वर्ष 2001 में शुरू हुए **सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान** में तीन केंद्र हैं – (1) जैव–सूचना विज्ञान केंद्र, (2) संचार और सूचना केंद्र, और (3) कंप्यूटर केंद्र। संस्थान का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और शोध के क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग पर बल देने के साथ-साथ यह अध्ययन करना है कि विभिन्न क्षेत्रों में – जैसे जैविक सूचनाओं, भूवैज्ञानिक सूचनाओं, आर्थिक सूचनाओं आदि में उपलब्ध अद्यतन सूचनाओं का शैक्षिक संदर्भ में कैसे कारगर उपयोग किया जा सकता है।

जैव–सूचना **विज्ञान केंद्र** भारत सरकार के जैव–प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जैव–प्रौद्योगिकी सूचना पद्धति कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थापित किए गए 9 मुख्य केन्द्रों में से एक है। पर्याप्त संरचनागत सुविधाओं तथा दक्ष मानव संसाधनों के साथ वर्ष 1988 से कार्य कर रहे इस केन्द्र का उद्देश्य आनुवंशिक इंजीनियरी पर विशेष बल देते हुए जैव–प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शोध कर रहे शोधार्थियों को सूचना सेवाएं तथा कंप्यूटेशनल सहायता उपलब्ध कराना है। केन्द्र आनुवंशिकी इंजीनियरी, जैव–भौतिकी, जैव–रसायन, जैव–प्रौद्योगिकी, जैव–कंप्यूटिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में शोध और विकास गतिविधियों के मुख्य केन्द्र के रूप में कार्य करता है। जैव–सूचना विज्ञान केंद्र जैव–वैज्ञानिकों को निम्न प्रकार से सहायता उपलब्ध कराता है :

- सार सहित ग्रंथ सूची के संदर्भ उपलब्ध कराना;
- सिक्वेंस और स्ट्रक्चरल डाटाओं की पूर्ति करना;
- सिक्वेंस और स्ट्रक्चरल डाटाओं का विश्लेषण करना;
- जैव–सूचना–विज्ञान में दक्षता प्रदान करना;
- शोध उद्देश्यों के लिए कंप्यूटेशनल सुविधा प्रदान करना।

संचार और सूचना सेवाएं : विश्वविद्यालय ने अपनी अग्रणीय परम्परा को ध्यान में रखते हुए शिक्षण एवं शोध कार्यक्रम को आधुनिक इंटरनेट प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ते हुए एक महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। कैम्पस–वाइड–नेटवर्किंग के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के सभी भवनों को फाइबर आप्टिक्स केबल से जोड़ा गया है। अन्तर–संस्थान संचार सेवाएं मध्य में स्थित हाई स्पीड स्विच के माध्यम से उपलब्ध करायी गई हैं। यह स्विच इंटरनेट से जुड़ा हुआ है। इस तरह सभी संस्थान/केंद्र/विभाग विश्वविद्यालय के अन्दर पुस्तकालयों/सूचना डाटाबेसों तथा पूरे विश्व के साथ जुड़े हुए हैं। सभी संस्थानों को सर्वर उपलब्ध कराए गए हैं ताकि वे अपने स्वयं के ई–मेल सर्वर और पुस्तकालय सर्वरों की तरह अन्य डाटाबेस सर्वर, इन्टरनेट सर्वर विकसित कर सकें।

कंप्यूटर केंद्र की स्थापना विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, छात्रों और स्टाफ सदस्यों को आधुनिक कंप्यूटर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से विश्वविद्यालय के एक स्वतंत्र केन्द्र के रूप में की गई। केंद्र में उपलब्ध कंप्यूटिंग सुविधाएं बहुत ही अहम पहलू हैं। यह केंद्र विश्वविद्यालय की अन्य गतिविधियों में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। कंप्यूटर केंद्र में स्थित जे.एन.यू. – इग्नू कंप्यूटर प्रयोगशाला अन्तर–विश्वविद्यालय सहयोग की एक खूबसूरत मिसाल है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत दो विश्वविद्यालयों – जे.एन.यू. और इग्नू के परस्पर सहयोग से संयुक्त कंप्यूटर सुविधाएं विकसित की गई हैं जिनका प्रयोग दोनों विश्वविद्यालयों के छात्र करते हैं।

भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के केन्द्रों में विभिन्न शास्त्रीय, आधुनिक भारतीय और विदेशी भाषाओं में स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। शिक्षण एवं शोध के क्षेत्र में संस्थान एक विशिष्ट भूमिका निभा रहा है। संस्थान के शिक्षकों ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों/सम्मेलनों/परियोजनाओं में भाग लेकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संस्थान को गर्व है कि वह न केवल समय–समय पर अपने कोर्सों में परिवर्तन करके उन्हें अद्यतन बनाता है बल्कि यह भी सत्य है कि विभिन्न विदेशी भाषाओं में बी.ए. (ऑनर्स), एम.ए., पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों तथा विशेष रूप से तैयार किए गए डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट कोर्स चलाने वाला यह देश में एकमात्र संस्थान है। संस्थान टूल/वैकल्पिक कोर्स भी चलाता है, जोकि अंतःसांस्कृतिक और अन्तर–भाषीय परिप्रेक्ष्य में अन्तर–विषयक दृष्टिकोण पर आधारित होते हैं। संस्थान विशेष रूप से जरूरतमंद छात्रों के लिए विभिन्न भाषाओं, विशेषकर अंग्रेजी भाषा में उच्चारात्मक कोर्स चलाता है, जिनमें प्रत्येक वर्ष काफी छात्र भाग लेते हैं।

संस्थान में दस केन्द्रों के अतिरिक्त, एक दर्शनशास्त्र ग्रुप भी है। संस्थान में आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित एक भाषा प्रयोगशाला है। इसमें आडियो–वीडियो रिकार्डिंग, एज्यूकेशनल साफ्टवेयर प्रोडक्शन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

संस्थान के कुछ केंद्रों के बाह्य संस्थानों के साथ सहयोगात्मक प्रबन्ध हैं। संस्थान ने विश्वविद्यालय के माध्यम से कोरिया, यूरोप और अमरीका के विश्वविद्यालयों के साथ 'मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग' पर हस्ताक्षर किए हैं।

जीवन विज्ञान संस्थान देश में एक अग्रणी बहु–विषयक शोध एवं शिक्षण विभाग रहा है। संस्थान ने आधुनिक जीवनविज्ञान के चुने हुए क्षेत्रों में नवीनतम शिक्षण एवं शोध कार्यक्रम चलाए। संस्थान पादप अणु जीव–विज्ञान, आनुवंशिकी, कोशिका और अणु जीवविज्ञान, प्रतिरक्षा विज्ञान, विकिरण, प्रकाश जैविकी तथा कैंसर जीव–विज्ञान और सूक्ष्म जीव–विज्ञान आदि में उच्च स्तरीय एवं महत्त्वपूर्ण शोध कार्यक्रम चलाता है। संस्थान की भविष्य की योजनाओं में तंत्रिका जीव–विज्ञान, अणु जैव–भौतिकी और संरचनात्मक जीव–विज्ञान के क्षेत्रों में अध्ययन के लिए केंद्रीयकृत सुविधाएं विकसित करना शामिल है। पादप जीवाणुओं और उष्णकटिबंधीय तथा आनुवंशिक रोगों की जीन प्रौद्योगिकी पर गहन शोध के लिए उपलब्ध सुविधाओं में वृद्धि की जानी है। संस्थान की शोध गतिविधियों के लिए अनिवार्य सहायता उपलब्ध करवाने वाली केंद्रीयकृत सुविधाएं अपने आप में अद्वितीय हैं।

भौतिक विज्ञान संस्थान भौतिक विज्ञान में शोध एवं शिक्षण के एक विशिष्ट केंद्र के रूप में उभरा है। पिछले वर्षों में संस्थान ने एम.एस–सी. और प्री–पी–एच.डी. स्तरों पर नये एवं गैर–परम्परागत कोर्सों के साथ शिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक चलाए। संस्थान ने वर्ष 1987 में पी–एच.डी. पाठ्यक्रम शुरू किया। अब तक 30 छात्रों को पी–एच.डी. उपाधियां प्रदान की गई हैं। एम.एस–सी. (भौतिक विज्ञान) पाठ्यक्रम वर्ष 1992 के मानसून सत्र से शुरू हुआ। देश के विभिन्न भागों से छात्र इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने आते हैं। इस पाठ्यक्रम की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें सैद्धान्तिक और प्रायोगिक भौतिकविज्ञान की आधारभूत जानकारी दी जाती है। इस प्रकार शोध में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए यह पाठ्यक्रम बहुत उपयोगी है।

संस्थान की शोध गतिविधियां मुख्यतः क्लासिकल ऐंड क्वांटम केआस, कंप्यूटेशनल फिजिक्स, कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स, डिसार्डर्ड सिस्टम्स, नानलिनियर डायनेमिक्स, क्वांटम फील्ड थीअरि, क्वांटम आप्टिक्स और स्टेटिस्टिकल

मैकेनिक्स के सैद्धान्तिक क्षेत्रों तथा केमिकल फिजिक्स, कम्प्लेक्स फ्लुइड, कंडेस्ड मैटर फिजिक्स और नॉन लिनियर आप्टिक्स के प्रयोगात्मक क्षेत्रों पर केन्द्रित हैं।

सामाजिक विज्ञान संस्थान पूर्णतः एक स्नातकोत्तर संस्थान है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित महिला अध्ययन विषयक विशेष कार्यक्रम और प्रौढ़, अनुवर्ती शिक्षा और विस्तार यूनिट के अतिरिक्त, संस्थानों के 9 केन्द्रों द्वारा चलाए जा रहे एम.ए./एम.फिल./पी-एच.डी. और पी-एच.डी. पाठ्यक्रमों मे प्रत्येक वर्ष 450 से अधिक छात्रों को दाखिला दिया जाता है। संस्थान में समसामयिक इतिहास पर अभिलेखागार और एक शैक्षिक शोध रिकार्ड यूनिट भी है। संस्थान के सभी केन्द्रों में शोध पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं जबकि एम.ए. पाठ्यक्रम चार केंद्रों में ही चलाए जाते हैं। इन सभी चार केंद्रों और जाकिर हुसैन शैक्षिक अध्ययन केंद्र को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की विशेष सहायता अनुदान योजना के अन्तर्गत अनुदान प्राप्त हो रहा है

सामाजिक विज्ञान और मानविकी के अध्ययन में संलग्न सभी संस्थानों द्वारा निकाले जा रहे प्रकाशनों में से आधे से ज्यादा प्रकाशन इस संस्थान द्वारा निकाले जा रहे हैं। संस्थान के अनेक शोध छात्रों के आलेख राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। कई शोध प्रबन्धों का भी प्रकाशन हुआ।

संस्थान के शिक्षण एवं शोध पाठ्यक्रमों में कतिपय नव प्रवर्तनकारी तत्त्व मिलते हैं। किसी एक विषय में गहन प्रशिक्षण के साथ–साथ बहु-विषयक अध्ययनों व शोध में रुचि उत्पन्न करने का प्रयास किया जाता है। इसके लिए एक केंद्र के एक विषयक संस्थान वाले पाठ्यक्रमों के छात्रों को अन्य केंद्रों के विषय पढ़ने की अनुमति दी जाती है। ऐसा करते समय छात्र की अभिक्षमता के साथ–साथ मुख्य विषय के साथ उन विषयों की सम्बद्धता को भी ध्यान में रखा जाता है।

जैव **प्रौद्योगिकी केंद्र : जैव**–प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में एम.एस–सी. और पी–एच.डी. पाठ्यक्रम चलाता है। एम.एस–सी. पाठ्यक्रम के लिए जैव–प्रौद्योगिकी विभाग सहयोग करता है, जबकि पी–एच.डी. पाठ्यक्रम का वित्त पोषण शिक्षकों को प्राप्त अनुदान और विश्वविद्यालय द्वारा किया जाता है। पी–एच.डी. पाठ्यक्रम के लिए सीटों की संख्या का निर्धारण प्रत्येक वर्ष प्रयोगशालाओं में उपलब्ध सीटों और वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखकर किया जाता है। एम.एस–सी. स्तर के कोर्स सैद्धान्तिक और अनुप्रयुक्त दोनों स्तर पर जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किए गए हैं। इनमें शामिल है – स्ट्रक्चर ऑफ मैक्रोमोलेक्यूल्स, फर्मेंटेशन और डाउनस्ट्रीम प्रोसेसिंग टेक्नोलोजी, मोलक्यूलर डायग्नोस्टिक्स, एनिमल बायोटेक्नोलोजी, मोलक्यूलर बायोलोजी ऑफ प्रोकारियोटिस और यूकारियोटिस, जैनेटिक्स इंजीनियरिंग, इम्यूनोटेक्नालाजी आदि। पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में छात्रों के लिए शोध निर्देशक चुनने से पहले अनिवार्य लैब रोटेशन सिस्टम है और छात्रों के लिए विशेषीकृत परिचर्या कोर्स चलाए जाते हैं। केंद्र के शिक्षक निम्नलिखित विशेषीकृत क्षेत्रों में आधुनिक जीव–विज्ञान में अन्तरविषयक शोध में संलग्न है : प्रोटीन इंजीनियरी, यूकारियोटिक जीन एक्सप्रेशन मोलक्यूलर बायोलोजी ऑफ इनफेक्शस डिसीजिस, इम्यूनोलॉजी, प्रोटीन स्टेबिलिटी, कनफर्मेशन ऐंड फोल्डिंग, ओवर एक्सप्रेशन ऑफ रिकम्बिनेंट प्रोटीस, ट्रांसक्रिप्शन ऑफ यूकारियोटिक जींस, ट्रांसजेनिक सिस्टम्स और मोलक्यूलर जैनेटिक्स ऑफ इन हेरिटिड डिसीजिस।

विधि और अभिशासन अध्ययन केंद्र एक अन्तर–विषयक केंद्र है, जिसकी स्थापना वर्ष 2000 में विश्वविद्यालय के एक विशेष केंद्र के रूप में की गई। समाजशास्त्रियों, राजनीतिक विज्ञानियों, अर्थशास्त्रियों और अन्य विभिन्न क्षेत्र के विद्वानों के महत्वपूर्ण योगदान ने परम्परागत अभिशासन–पद्धति की समझ को समृद्ध और विस्तृत बनाया है। अभिशासन मामलों में संस्थानों और संरचनाओं में सुधार; उच्च दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही की ओर अग्रसर करने वाली प्रक्रिया और नियमों का सृजन तथा स्थापना; और लोकतंत्र एवं सभ्य समाज को मजबूत बनाते हुए शासन को और अधिक समाविष्ट और सहभागी बनाने की प्रक्रिया के संदर्भ में नीति सम्बन्धी उलझनें भी होती हैं। केंद्र का उच्च स्तरीय शोध कार्य परामर्श और प्रशिक्षण के माध्यम से व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करता है। केंद्र के थ्रस्ट एरिया में शामिल हैं संगत कोर्स चलाना और इसी तरह के अन्य संस्थानों के नेटवर्क से सम्पर्क बनाना। केंद्र का उद्देश्य एक ऐसी शोध संस्था विकसित करना है जो शैक्षिक प्रकाशन जारी करे और वाद–विवाद के माध्यम से शासन–पद्धति में परिवर्तन हेतु एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करे।

आणविक चिकित्साशास्त्र केंद्र – विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अपनी 9वीं योजना की सिफारिशों में आणविक चिकित्साशास्त्र का एक विशेष केंद्र स्थापित करने के लिए अपनी सहमति प्रकट की है। इस केंद्र का उद्देश्य मानव रोग के अध्ययन में सीधे अनुप्रयोग के साथ आणविक और कोशिकीय जीवविज्ञान के क्षेत्र में शोध कार्य को प्रोत्साहन देना है। इस केंद्र की स्थापना एक नई संकल्पना पर आधारित है। अपने देश में इस तरह का प्रयास पहले कभी नहीं हुआ।

आणविक और कोशिकीय जीवविज्ञान के क्षेत्र में हो रही वर्तमान प्रगति आयुर्विज्ञान अनुसंधान और प्रैक्टिस के लिए काफी सार्थक है। अभी तक इनका सफल उपयोग आनुवंशिक रोगों के कारणों की पहचान करने और उन पर काबू पाने के लिए किया गया है। हालांकि, यह स्पष्ट है कि रिकम्बिनेंट डी.एन.ए. टेक्नालाजी का अनुप्रयोग आयुर्विज्ञान चिकित्सा के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में हो सकेगा। इससे कैंसर सम्बन्धी शोध में क्रांति आ गई है और एक ऐसा जैव–प्रौद्योगिकी उद्योग विकसित किया है जो कि पहले से ही विभिन्न क्षेत्रों के नैदानिक और चिकित्सीय ऐजेण्ट उत्पन्न कर रहा है। भावी समय में यह उद्योग हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मुख्य मानसिक रोगों, गठिया जैसे असाध्य रोगों की आधुनिक चिकित्सा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगा। यह विकास, वयोवृद्धि और उत्पत्ति सहित मानव जीवविज्ञान के विस्तृत पहलुओं पर गहन अध्ययन में भी हमारा सहयोग करेगा।

अकादमिक स्टाफ कालेज की स्थापना वर्ष 1989 मे हुई थी। कालेज, राजनीतिक विज्ञान, अन्तर्राष्ट्रीय संबंध, अर्थशास्त्र, इतिहास, कंप्यूटर विज्ञान, समाजशास्त्र, जीवन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भौतिक विज्ञान और जैव–प्रौद्योगिकी विषयों में पुनश्चर्या कोर्स और सामाजिक तथा प्राकृतिक विज्ञानों में अनुशीलन कोर्सों का आयोजन करता है।

अकादमिक स्टाफ कालेज का मुख्य उद्देश्य कालेज शिक्षकों को उनके सम्पूर्ण बौद्धिक विकास के अतिरिक्त विषयात्मक वाद–विवाद और भाषण की कला से परिचित कराना है। इससे उन्हें विषय सम्बन्धी मामलों तथा समसामयिक समस्याओं पर विचार करने तथा उनको प्रतिबिंबित करने की क्षमता अर्जित करने की प्रेरणा मिलती है।

प्रौढ़ शिक्षा ग्रुप – जेएनयू में वर्ष 1978 के दौरान भारत सरकार की राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा नीति के अनुसार प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। शुरू में जेएनयू परिसर में और इसके आस–पास के क्षेत्रों में अनेक विस्तार गतिविधियों का आयोजन किया गया। वर्ष 1983 में जेएनयू में प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम में उस समय विस्तार हुआ जब विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने प्रौढ़, अनुवर्ती शिक्षा और विस्तार कार्यक्रम पर एक पैकेज तैयार किया और इसके लिए शत–प्रतिशत वित्तीय अनुदान उपलब्ध कराने का वायदा किया। इसके बाद, विश्वविद्यालय ने वर्ष 1984 में प्रौढ़, अनुवर्ती शिक्षा एवं विस्तार की एक स्वतंत्र यूनिट की स्थापना की। इस यूनिट ने समाज के कमजोर वर्गों के लिए प्रौढ़ शिक्षा केंद्र, अनुवर्ती शिक्षा कार्यक्रम चलाए और छात्र स्वयंसेवकों तथा अनुदेशकों को प्रशिक्षित किया। अनेक शोध एवं मूल्यांकन अध्ययन किए गए तथा भारतीय प्रौढ़ शिक्षा पर एक नॉन–क्रेडिट कोर्स तैयार किया। इसके अतिरिक्त, कई प्रकाशन भी निकाले।

9वीं योजना के अन्त में, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने प्रौढ़ शिक्षा यूनिट के कार्यक्रमों की समीक्षा की और यह सिफारिश की कि इस यूनिट को एक सांविधिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाए ताकि यूनिट शोध एवं विस्तार कार्यक्रमों के अतिरिक्त शिक्षण कार्यक्रम भी शुरू कर सके। केंद्र प्रौढ़ शिक्षा को अध्ययन विषय एवं अनुप्रयोग क्षेत्र के रूप में विकसित करने की योजना बना रहा है। यह प्रयास अन्तरविषयक क्रेडिट कोर्सों के विकास, सामुदायिक आधार पर अनुवर्ती शिक्षा कार्यक्रमों, संगत शोध अध्ययनों, नवीन विस्तार गतिविधियों, प्रलेखन तैयार करने और प्रकाशनों के माध्यम से किया जाएगा।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में **समसामयिक भारतीय इतिहास पर अभिलेखागार** की स्थापना वर्ष 1970 में सामाजिक विज्ञान संस्थान में हुई। यह अभिलेखागार भारत में हुए वामपंथी आन्दोलन से सम्बन्धित सामग्री का एक भण्डार है। स्वर्गीय श्री पी.सी. जोशी के व्यक्तिगत संग्रहों से शुरू किए गए इस अभिलेखागार में विभिन्न स्रोतों से अब तक पर्याप्त मात्रा में सामग्री एकत्रित की गई है। इसमें 1947 के बाद की सामग्री विशेष रूप से एकत्रित की गई है। इसके संग्रह में पत्रिकाएं, अखबार, भारत की कम्युनिस्ट पार्टियों के प्रकाशन तथा विभिन्न वामपंथी ग्रुपों के प्रकाशन शामिल हैं। कम्युनिस्ट गतिविधियों से सम्बन्धित सरकारी रिकार्ड भी इसके संग्रहों में शामिल हैं। अभिलेखागार में लोकगीत, कम्युनिस्ट नेताओं और कार्यकर्त्ताओं के साक्षात्कार की प्रतिलिपियाँ तथा फोटोग्राफ भी संरक्षित है। अभिलेखागार वर्तमान में कम्युनिस्ट पार्टियों तथा ग्रुपों द्वारा विभिन्न भारतीय भाषाओं में प्रकाशित रिकार्डों, दस्तावेजों तथा पत्र–पत्रिकाओं का संग्रह कर रहा है। अभिलेखागार अपने संस्थापक निदेशक स्वर्गीय श्री पी.सी. जोशी की स्मृति में एक वार्षिक व्याख्यान आयोजित करता है।

शैक्षिक रिकार्ड और शोध यूनिट : यूनिट शिक्षा के इतिहास के क्षेत्र में शोध एवं डाक्यूमेंट्री के प्रकाशन में संलग्न है। जेएनयू में इसकी स्थापना वर्ष 1971 में एक परियोजना के रूप में हुई। वर्ष 1979 से यह सामाजिक विज्ञान संस्थान में विश्वविद्यालय का एक नियमित शोध एवं प्रकाशन कार्यक्रम है।

भाषा प्रयोगशाला और मल्टीमीडिया समूह : भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान की भाषा प्रयोगशाला पूरे एशिया में अपनी तरह की एक सर्वोत्तम ढंग से विकसित और सुसज्जित प्रयोगशाला है। यह प्रयोगशाला तकनीकी दृष्टि से विश्वविद्यालय की एक अनोखी सम्पदा है। इस प्रयोगशाला में आडियो एक्टिव कंपेरिटिव भाषा प्रयोगशालाएं, आडियो एक्टिव भाषा प्रयोगशाला, आडियो विजुअल कमरे और सभी फार्मेटों में फिल्म प्रोजेक्शन की सुविधाओं वाला एक प्रेक्षागृह है। भाषा प्रयोगशाला में उत्कृष्ट शैक्षणिक शिक्षण सामग्री प्रोडक्शन की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसमें नियन्त्रण कक्ष के साथ तीन कैमरा वीडियो स्टुडियो; वीडियो एडिशन / डुप्लीकेशन सुविधाएं और फोटो लेबोरेट्री है। विदेशी भाषाओं के छात्रों को सम्बन्धित भाषा–भाषी लोगों के साथ टी.वी. समाचारों और कार्यक्रमों के माध्यम से सम्पर्क स्थापित करने हेतु कई सैटेलाइट रिसीविंग डिश एंटिना सिस्टम स्थापित किए गए हैं। विदेशी भाषा सीखने के लिए सम्बन्धित भाषा–भाषियों के साथ सम्पर्क स्थापित करना आवश्यक है। सभी भाषा प्रयोगशालाएं, आडियो और वीडियो साफ्टवेयर प्रोडक्शन उपकरण आदि जापान, जर्मनी, ईरान, रूस, पुर्तगाल जैसे देशों से उपहार / अनुदान के तौर पर प्राप्त हुए हैं।

विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्रीकरण केंद्र की स्थापना वर्ष 1979 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए की गई थी :

विश्वविद्यालय के शैक्षिक समुदाय के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से प्रौद्योगिकीय संरचना को सुदृढ़ बनाना; उच्च शिक्षा पद्धति में यंत्रीकरण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम चलाना; विश्वविद्यालय में महंगे उपकरणों के प्रयोग के लिए प्रशिक्षण तथा उपयुक्त यन्त्र–प्रणाली को बढ़ाना।

रोजगार सूचना और मार्गदर्शन ब्यूरो का गठन विश्वविद्यालय रोजगार ब्यूरो हेतु राष्ट्रीय रोजगार सेवा के वर्किंग ग्रुप की सिफारिशों के आधार पर किया गया है। इन सिफारिशों का अनुमोदन श्रम मंत्रालय द्वारा वर्ष 1962 में किया गया था। ब्यूरो ने विश्वविद्यालय में अपना कामकाज मई 1976 में दिल्ली प्रशासन और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के बीच समन्वय के साथ शुरू किया।

विश्वविद्यालय वित्त – वित्तीय वर्ष 2002–2003 के दौरान अनुरक्षण बजट के तहत वास्तविक प्राप्तियां और खर्च क्रमशः 6535.69 लाख रूपये तथा 5987.87 लाख रूपये थे। विकास बजट (योजना) के अन्तर्गत संदर्श आंकड़े क्रमशः 975.00 लाख और 854.65 लाख रूपये थे।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, चल रही और वर्ष के दौरान शुरू की गई शोध परियोजनाओं के कार्यों में प्रगति हुई। इनमें प्रायोजित और अप्रायोजित परियोजनाएं शामिल हैं।

विश्वविद्यालय को वर्ष 2002--2003 में परियोजनाओं के लिए रू. 12.29 करोड़ की अनुदान राशि प्राप्त हुई थी। इन परियोजनाओं के लिए 86 राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियों से निधि प्राप्त हुई। इनमें शामिल हैं – विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (19), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (51), जैव–प्रौद्योगिकी विभाग (33), परमाणु ऊर्जा विभाग (02), सी.एस.आई.आर. (20) और अन्य (विस्तृत विवरण अध्याय–VIII पर विश्वविद्यालय वित्त के अन्तर्गत दिया गया है।)। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से भी 3.42 करोड़ की अनुदान राशि प्राप्त हुई।

शिष्टमण्डल, विद्वान तथा संगोष्ठियां – समीक्षाधीन वर्ष के दौरान देश–विदेश के कई शिष्टमण्डल और प्रतिष्ठित विद्वान जेएनयू में आए। ये देश हैं – आस्ट्रेलिया, आस्ट्रिया, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, ईरान, जापान, नीदरलैण्ड, स्विटजरलैण्ड, दक्षिण–अफ्रीका, यूके, यूएसए, रोमानिया, किरगिस्तान, स्काटलेण्ड, कोरिया, आर्मेनिया, फिलीपिंस, नेपाल, उज्जबेक, ओमान, वियतनाम आदि।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, शिक्षकों को संगोष्ठियों / सम्मेलनों / गोष्ठियों में भाग लेने और व्याख्यान देने के लिए कई देशों के विश्वविद्यालयों / शैक्षिक संस्थानों में जाने का अवसर प्राप्त हुआ। इन देशों में शामिल हैं – आस्ट्रेलिया, आस्ट्रिया, बंगलादेश, कनाडा, चीन, साइप्रस, फिनलैण्ड, फ्रांस, जर्मनी, हंगरी, ईरान, इटली, इण्डोनेशिया, जापान, कुवैत, किरगिस्तान, मलेशिया, स्पेन, स्वीडन, थाईलैण्ड, टर्की, यूके, यूएसए, नेपाल, रूस आदि।

विश्वविद्यालय बौद्धिक मुद्दों और प्रासंगिक समस्याओं पर विचारों के आदान–प्रदान को बढ़ावा देने में काफी सक्रिय रहा है। विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानों और केन्द्रों ने एक दिवसीय संगोष्ठियों / व्याख्यानों के अतिरिक्त, अनेक अखिल भारतीय संगोष्ठियां / कार्यशालाएं / सम्मेलन आयोजित किए, जिनमें शोधार्थियों / शिक्षाविदों और विज्ञानियों को आमंत्रित किया गया। इनमें से कुछ संगोष्ठियों में विदेशी विद्वानों ने भी भाग लिया।

विश्वविद्यालय पुस्तकालय – समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 4545 पुस्तकें खरीदीं गईं और इस प्रकार वर्ष 2002–2003 में पुस्तकों और पत्रिकाओं का संग्रह बढ़कर 5,05,164 हो गया, जबकि वर्ष 1993–94 में यह संख्या 4,43,500 थी। पुस्तकालय में 674 पत्रिकाएं मंगाई गईं और उपहार के तौर पर तथा विनिमय के आधार पर भी 188 पत्रिकाएं प्राप्त हुईं। वर्ष के दौरान पुस्तकों और पत्रिकाओं की खरीद पर 1.38 लाख रूपये खर्च हुए। वर्ष 2002–2003 में 23569 अखबारी कतरनें एकत्रित की गई। इस तरह, अखबारी कतरनों की संख्या 11.60 लाख से अधिक हो गई है। जे.एन.यू. बुक शॉप ने पुस्तकालय के लिए खरीदी गई पुस्तकों पर अतिरिक्त छूट के रूप में 3,49 लाख रूपये की राशि की बचत की।

छात्र गतिविधियां – विश्वविद्यालय के 13 छात्रावासों (विवाहित शोध छात्रों के लिए एक छात्रावास सहित) में 3699 छात्र रह रहे हैं। छात्रावासों में रह रहे छात्रों ने छात्रावास–प्रबन्धन के विभिन्न कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लिया। समीक्षाधीन अवधि के दौरान जरूरतमंद छात्रों को छात्र सहायता निधि में से 2,22,766.00 रू. की राशि बांटी गई।

छात्रों ने 9 क्लबों के माध्यम से आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक और पाठ्येतर गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इन क्लबों की स्थापना छात्र समुदाय को साहित्य जगत, ललित कलाओं के निष्पादन, प्राकृतिक और वन्य जीवन के बारे में जानकारी हासिल कराने के उद्देश्य से की गई। इन गतिविधियों में शामिल हैं – सुप्रसिद्ध कलाकारों के संगीत कार्यक्रम, वाद–विवाद प्रतियोगिताएं, परिचर्चाएं, काव्य गोष्ठियां, फिल्म शो, प्रदर्शनियां, नुक्कड़ नाटक, शैक्षिक/क्षेत्रीय यात्राएं आदि। छात्रों ने विभिन्न क्विज प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पुरस्कार प्राप्त किए। इन क्लबों की गतिविधियों का विस्तृत विवरण इस रिपोर्ट (अध्याय–5) में दिया गया है। विश्वविद्यालय के छात्रों ने खेलों में गहरी रुचि दिखाई।

अध्याय–2

विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश विश्वविद्यालय की विद्या परिषद द्वारा समय–समय अनुमोदित प्रवेश नीति और प्रक्रिया के अनुसार दिए जाते हैं।

प्रत्येक अध्ययन पाठ्यक्रम में सीटों (एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों सहित) की संख्या का निर्धारण संबंधित केन्द्र/संस्थानों की सिफारिश के आधार पर विद्या परिषद् द्वारा किया जाता है। सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों की सीटें केन्द्रों/संस्थानों द्वारा एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित की गई सीटों के अतिरिक्त होती हैं।

प्रवेश प्रक्रिया

प्रवेश में आरक्षण : विश्वविद्यालय अ.जा./अ.ज.जा. के छात्रों को आरक्षण उपलब्ध कराता है। 22.5% स्थान अ.जा./अ.ज.जा. (क्रमशः 15% और 7.5% आवश्यक होने पर सीटों के अनुपात में परिवर्तन किया जा सकता है) और 3% स्थान शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम में निश्चित सीटों के अलावा 10% सीटें विदेशी छात्रों के लिए आरक्षित हैं। विदेशी छात्रों के लिए निर्धारित 10% सीटों में से 5% सीट प्रवेश–परीक्षा के माध्यम से तथा 5% सीट 'एब्सेंसिया' में भरी जाती हैं। आवश्यक होने पर सीटों के अनुपात में परिवर्तन किया जा सकता है।

प्रवेश सूचना : प्रवेश संबंधी सूचना अखिल भारतीय स्तर पर राष्ट्रीय समाचार-पत्रों और देश के विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी समाचार–पत्रों में प्रत्येक वर्ष फरवरी माह के लगभग दूसरे सप्ताह में प्रकाशित की जाती है।

लिखित–परीक्षा : विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु देश भर में फैले विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर लिखित-परीक्षा आयोजित की जाती है। यह लिखित परीक्षा प्रत्येक वर्ष मई माह के तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाती है। प्रत्येक पाठ्यक्रम अथवा अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए तीन घंटे की अवधि वाला एक प्रश्न–पत्र तैयार किया जाता है। प्रवेश–परीक्षा तीन दिन चलती है। प्रत्येक दिन दो सत्रों में परीक्षा होती है, जिनमें तीन–तीन घंटे के प्रश्न–पत्र होते हैं। उम्मीदवार को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिखित–परीक्षा में प्राप्त अंकों तथा मौखिक–परीक्षा (जहां निर्धारित हो) के आधार पर दिया जाता है।

प्रवेश–परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपेक्षित पात्रता : प्रवेश–परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अपेक्षित पात्रता (सामान्य वर्ग एवं आरक्षित वर्ग दोनों के लिए) विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में बनाए गए मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार निर्धारित होती है। पाठ्यक्रम विशेष में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हक परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों को भी प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाती है परन्तु प्रवेश हेतु चुन लिए जाने की स्थिति में उनका प्रवेश अर्हक परीक्षा में निर्धारित अंक प्राप्त करने तथा अर्हक परीक्षा की अंतिम अंक तालिका सहित सभी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर ही मान्य होता है। किसी भी अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश की अंतिम तिथि वर्ष की 14 अगस्त होती है। इसके बाद किसी को प्रवेश नहीं दिया जाता।

मौखिक परीक्षा : एम.फिल./पी–एच.डी./प्री–पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों और विदेशी भाषाओं (अंग्रेजी को छोड़कर) में पाँच वर्षीय एकीकृत एम.ए. पाठ्यक्रमों के चौथे वर्ष में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों को एक मौखिक–परीक्षा देनी होती है। इस परीक्षा के लिए 30% अंक आबंटित है। केवल उन्हीं उम्मीदवारों को एम.फिल./पी–एच.डी./प्री–पी–एच.डी. और एम.ए. (विदेशी भाषाओं में चतुर्थ वर्ष) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु मौखिक परीक्षा में बुलाने के लिए पात्र माना जाता है जिन्होंने लिखित परीक्षा में न्यूनतम क्रमशः 35% और 25% अंक प्राप्त किए हों। अ.जा./ अ.ज.जा. और शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए 10% अंकों की छूट होती है। प्रत्येक अध्ययन पाठ्यक्रम में सामान्यतः विद्या परिषद् द्वारा अनुमोदित सीटों से तीन गुना उम्मीदवारों को ही मौखिक–परीक्षा के लिए बुलाया जाता है।

उम्मीद्वारों का चयन : प्रत्येक कोर्स/अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए सामान्य, अ.जा./अ.ज.जा., शारीरिक रूप से विकलांग और विदेशी उम्मीदवारों की अलग–अलग योग्यता–क्रम सूची तैयार की जाती है। विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में उम्मीदवारों को अंतिम रूप से प्रवेश उम्मीदवारों से संबंधित वर्गों में इंटर से–मेरिट के आधार पर दिया जाता है। यह

मेरिट उम्मीदवार की लिखित परीक्षा और मौखिक परीक्षा (जहाँ निर्धारित हो) में प्राप्त अंकों और अतिरिक्त अंकों (जहाँ लागू हो) के आधार पर तैयार की जाती है।

पंजीकरण : जो उम्मीद्वार प्रवेश के लिए चुन लिए जाते हैं, उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे प्रत्येक वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा बनाई जाने वाली समय--सारणी के अन्दर ही अपने पंजीकरण संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी कर लें।

अध्ययन पाठ्यक्रम

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विश्वविद्यालय ने 53 विषयों में पी–एच.डी., एम.फिल./पी–एच.डी./एम.टेक./पी–एच.डी. और एम.सी.एच/पी–एच.डी.. 5 विषयों में एम.एस–सी./एम.सी.ए., 21 विषयों में स्नातकोत्तर तथा 9 विदेशी भाषाओं में स्नातक पाठ्यक्रम चलाए। इसके अतिरिक्त, विभिन्न भाषाओं में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी चलाए।

विश्वविद्यालय अपने विभिन्न संस्थानों और केन्द्रों द्वारा चलाए जा रहे शिक्षण एवं शोध पाठ्यक्रमों और इनके लिए निर्धारित पाठ्यचर्या के माध्यम से इस तरह की नीतियां तथा कार्यक्रम तैयार करने का प्रयास करता है, जोकि पहले से ही उपलब्ध सुविधाओं का प्रसार करने की बजाए उच्च शिक्षा सम्बन्धी राष्ट्रीय संसाधनों में एक विशिष्ट प्रकार की वृद्धि करते हैं। विश्वविद्यालय ने उपलब्ध वित्तीय और भौतिक संसाधनों से ही अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विभिन्न संस्थानों/केन्द्रों द्वारा निम्नलिखित अध्ययन पाठ्यक्रम चलाए गए :

I. कंप्यूटर और पद्धति–विज्ञान संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : यह पाठ्यक्रम कंप्यूटर विज्ञान के विभिन्न पक्षों पर केन्द्रित है।
- एम.टेक./पी–एच.डी. (कंप्यूटर विज्ञान और प्रौद्योगिकी) : यह 3–सत्रीय पाठ्यक्रम कंप्यूटर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम जानकारी प्रदान करने की दृष्टि से तैयार किया गया है। एम.टेक. पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उम्मीद्वार पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में पंजीकरण के पात्र हो जाते हैं।
- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.) : इस 3–वर्षीय पाठ्यक्रम को इस प्रकार से तैयार किया गया है कि छात्रों को विज्ञान और इंजीनियरी के क्षेत्र में कंप्यूटर अनुप्रयोग सम्बन्धी सैद्धान्तिक पृष्ठभूमि एवं व्यावहारिक अनुभव की आवश्यक जानकारी प्राप्त हो सके तथा डाटा प्रोसेसिंग के क्षेत्र में मानव–शक्ति की बढ़ती हुई मांग को पूरा किया जा सके।

II. पर्यावरण विज्ञान संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : चार विस्तृत क्षेत्रों में शोध सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन क्षेत्रों का उल्लेख इस रिपोर्ट में अलग से किया गया है।
- एम.एस–सी. – पर्यावरण विज्ञान : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम वायुमंडलीय, भूमि, प्रदूषण और जीव–विज्ञानों के क्षेत्र में विशेषीकरण सहित पर्यावरण के मुख्य आयामों से सम्बद्ध है।

III. अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : कोर्स कार्य और शोध सुविधाएं निम्नलिखित क्षेत्रों में उपलब्ध थीं : अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति, अन्तर्राष्ट्रीय संगठन, राजनीतिक भूगोल, राजनयिक अध्ययन, अन्तर्राष्ट्रीय विधि अध्ययन, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार और विकास, निरस्त्रीकरण अध्ययन, दक्षिण एशियाई अध्ययन, दक्षिण–पूर्व एशियाई और दक्षिण–पश्चिम महासागरीय अध्ययन, मध्य एशियाई अध्ययन, चीनी अध्ययन, जापानी और कोरियाई अध्ययन, पश्चिमी एशियाई और उत्तरी अफ्रीकी अध्ययन, उप–सहारीय अफ्रीकी अध्ययन, अमरीकी अध्ययन, लेटिन अमरीकी अध्ययन, पश्चिमी यूरोपीय अध्ययन, कनाडियन अध्ययन तथा रूसी और पूर्वी यूरोपीय अध्ययन।
- एम.ए. राजनीति (अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में विशेषीकरण के साथ) : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम है, जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय मामलों, क्षेत्रीय राजनीति, राजनीतिक सिद्धांत, तुलनात्मक राजनीति और आर्थिक विकास के क्षेत्र शामिल हैं। इनसे छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों के अध्ययन की गहन जानकारी प्राप्त होती है।
- एम.ए. अर्थशास्त्र (विश्व अर्थव्यवस्था में विशेषीकरण के साथ) : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम है, जिसमें छात्रों को अर्थशास्त्र के सिद्धांतों की ठोस सैद्धांतिक पृष्ठभूमि उपलब्ध होती है और वे विश्व अर्थव्यवस्था के विकास को विश्लेषणात्मक ढंग से समझने के लिए तैयार होते हैं।

IV. भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान

- पी–एच.डी. : चीनी, जापानी, फारसी और दर्शनशास्त्र (केवल आधुनिक पाश्चात्य दर्शनशास्त्र)।
- एम.फिल. / पी–एच.डी. : आधुनिक अरबी, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, हिन्दी, भाषा विज्ञान, रूसी, इस्पानी और उर्दू।
- एम.ए. : अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, हिन्दी, जापानी, भाषा विज्ञान, फारसी, रूसी, इस्पानी और उर्दू।
- बी.ए. (ऑनर्स) : अरबी, चीनी, फ्रेंच, जर्मन, जापानी, कोरियाई, फारसी, रूसी और इस्पानी (प्रथम और द्वितीय वर्ष में प्रवेश सहित)। यह पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उम्मीदवार सम्बन्धित भाषा के एम.ए. पाठ्यक्रम में पंजीकरण का पात्र हो जाता है।

अंशकालिक पाठ्यक्रम निम्नलिखित हैं –

- जन–संचार में उच्च डिप्लोमा (उर्दू)
- भाषा इंडोनेशिया, इतावली, पुर्तगाली और पश्तो में प्रवीणता डिप्लोमा।
- भाषा इंडोनेशिया, इतावली, मंगोल, पुर्तगाली, पश्तो और उर्दू में प्रवीणता प्रमाण–पत्र।

V. जीवन विज्ञान संस्थान

- एम.फिल. / पी–एच.डी. : जीवन विज्ञान के आधुनिक क्षेत्रों में।
- एम.एस–सी – जीवन विज्ञान : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम है। इसमें दोनों बायोलॉजिकल और नॉन–बायोलॉजिकल विज्ञान क्षेत्रों के छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।

VI. भौतिक विज्ञान संस्थान

- पी–एच.डी. : संस्थान की शोध एवं शिक्षण गतिविधियां मुख्यतः नान–लिनियर डायनेमिक, क्लासिकल ऐंड क्वांटम केऑस, केमिकल फिजिक्स, कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स, डिसार्डर्ड सिस्टम्स, नान इक्वीलिब्रियम स्टेटिस्टीकल मैकेनिक्स, क्वांटम फील्ड थीअरि ऐंड पार्टिकल फिजिक्स, मैथमेटीकल फिजिक्स, क्वांटम आप्टिक्स, स्टेटिस्टीकल न्यूक्लियर फिजिक्स के सैद्धांतिक क्षेत्रों तथा कंप्लेक्स फ्लूइड्स, मैग्नेटिज्म और नॉन–लिनियर आप्टिक्स के प्रयोगात्मक क्षेत्रों पर केन्द्रित है।
- एम.एस–सी – भौतिक–विज्ञान : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम है। इसमें भौतिक विज्ञान, रसायन–विज्ञान और गणित स्ट्रीम के छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।

VII. सामाजिक विज्ञान संस्थान

- एम.फिल. / पी–एच.डी. : निम्नलिखित विषयों में विस्तृत रूप से शोध सुविधाएं उपलब्ध हैं :

  (1) आर्थिक अध्ययन और नियोजन;
  (2) शैक्षिक अध्ययन;
  (3) ऐतिहासिक अध्ययन;
  (4) राजनीतिक अध्ययन;
  (5) क्षेत्रीय विकास (भूगोल, अर्थशास्त्र और जनसंख्या अध्ययन);
  (6) सामाजिक पद्धति;
  (7) सामाजिक चिकित्साशास्त्र और सामुदायिक स्वास्थ्य।
  (8) विज्ञान नीति और
  (9) दर्शन शास्त्र

- सामुदायिक स्वास्थ्य स्नातकोत्तर (एम.सी.एच.) / पी–एच.डी. : इस पाठ्यक्रम में तीन मुख्य क्षेत्र शामिल है – सामाजिक चिकित्सा, सामुदायिक स्वास्थ्य और सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग।
- एम.ए. – (4–सत्रीय) : अर्थशास्त्र, भूगोलशास्त्र, इतिहास, राजनीतिक विज्ञान और समाजशास्त्र।

VIII. जैव–प्रौद्योगिकी केन्द्र

- पी–एच.डी. : केन्द्र के पाठ्यक्रम अन्तरविषयक प्रकृति के हैं। कोर्स कार्य और सुविधाएं निम्नलिखित क्षेत्रों में उपलब्ध हैं :

  1 प्रोटीन इंजीनियरी;
  2 प्रोकेरियोटिक / यूकेरियोटिक जीन अभिव्यक्ति;

3. संक्रामक रोग अणु जीव–विज्ञान;
4. अणु प्रतिरक्षा विज्ञान;
5. प्रोटीन स्टेबिलिटी, कन्फरमेशन्स ऐंड फोल्डिग;
6. बायोप्रोसेस स्केल अप ऐंड आप्टिमाइजेशन;
7. यूकोरियोटिक जीन का अनुलेखन।

– एम.एस–सी. – जैव प्रौद्योगिकी : इस 4–सत्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा छात्रों को आनुवंशिकी इंजीनियरी और जैव–प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुई नवीनतम प्रगति से अवगत कराने और इनका उपयोग उद्योग, कृषि और चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में करने की दृष्टि से तैयार की गई है।

शैक्षिक सत्र 2002–2003 (प्रवेश और छात्रों की संख्या)

विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में स्थित 47 केन्द्रों पर 15–18, मई 2002 को जे.एन.यू. प्रवेश–परीक्षा आयोजित की गई। ये राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश हैं – अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, आन्ध्र प्रदेश, असम, बिहार, चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, उड़ीसा, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल। इनके अतिरिक्त, दो और विदेश में स्थित केंद्रों – काठमांडू और ढाका – में भी प्रवेश–परीक्षा आयोजित की गई।

1. विश्वविद्यालय ने 48,699 आवेदन–पत्र बेचे। इनमें से प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवारों से पूर्ण रूप से भरे हुए 40,182 आवेदन–पत्र प्राप्त हुए। उम्मीदवारों द्वारा अपने आवेदन–पत्रों में विभिन्न विषयों/अध्ययन पाठ्यक्रमों के लिए भरे गए विकल्पों के आधार पर यह संख्या बढ़कर 53,953 हो गई।

2. उम्मीदवारों द्वारा प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों और प्रवेश नीति के प्रावधानों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई योग्यताक्रम सूची के आधार पर 1716 उम्मीदवारों को प्रवेश प्रस्ताव भेजे गए। इनमें से 1229 उम्मीदवारों ने विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया।

3. 22.5% (अ.जा. 15% और अ.ज.जा. 7.5%) आरक्षित सीटों में से 23.27% उम्मीद्वारों ने विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया। फिर भी, यदि हम उन विषयों/ अध्ययन पाठ्यक्रमों को निकाल दें, जिनमें किसी भी अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीद्वार ने प्रवेश–परीक्षा में भाग नहीं लिया तो अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीद्वारों का प्रतिनिधित्व 25.38% रहा।

4. विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले 1229 उम्मीद्वारों में :

   (क) 499 उम्मीद्वारों ने एम.फिल./पी–एच.डी., एम.टेक./पी–एच.डी., एम.सी.एच./पी–एच.डी. और 512 उम्मीद्वारों ने एम.ए./एम.एस–सी./एम.सी.ए. और बचे हुए 218 उम्मीद्वारों ने विदेशी भाषाओं में बी.ए. (आनर्स) के अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया;

   (ख) प्रवेश लेने वाले उम्मीद्वारों में 817 पुरुष और 412 महिला उम्मीद्वार थीं;

   (ग) अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित उम्मीद्वारों और पिछड़े हुए जिलों से अर्हक परीक्षा पास करने वाले वे उम्मीद्वार जिन्हे "डेप्रिवेशन अंकों" का लाभ मिला, की संख्या 374 थी। वर्ष 2001–2002 में इन उम्मीद्वारों की संख्या 443 थी।

5. विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले उम्मीद्वारों ने अपनी अर्हक परीक्षा 116 भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों/बोर्डों से पास की थी।

6. विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले 1229 उम्मीद्वारों के अलावा 186 उम्मीद्वार निम्नलिखित वर्गों से थे :

– विदेशी छात्र (22 देशों से)	:	68
– सीधे पी–एच.डी. में प्रवेश	:	75
– गत वर्ष ज्वाइन न कर पाने वाले छात्र	:	22
– 'नेट' परीक्षा उत्तीर्ण (कनिष्ठ शोधवृत्ति धारक)	:	21

प्रवेश प्रक्रिया में और अधिक सुधार लाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश समिति की निम्नलिखित सिफारिशों/प्रस्तावों को कार्यान्वित किया गया :

अ) प्रवेश पद्धति को अधिक पारदर्शी बनाने की दृष्टि से प्रवेश–परीक्षा की डिकोडिड उत्तर पुस्तिकाओं को उन संबंधित केन्द्रों/संस्थानों के प्रतिनिधियों को दिखाया जा सकता है, जो मेरिट लिस्ट जारी होने से पहले इनको चैक करने के इच्छुक हों।

ब) विभिन्न विषयों की चयन सूची में उम्मीदवारों के नामों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उनके विकल्प के आधार पर चयनित उम्मीदवारों की सूची को सिंक्रोनाइज्ड किया जाता है। इसके लिए एक आवेदन–पत्र में उम्मीदवार समान स्तर के एम.ए. और शोध पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अधिकतम तीन विषयों में आवेदन कर सकता है और विदेशी भाषाओं के बी.ए. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अधिकतम तीन भाषाओं में आवेदन कर सकता है।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा

पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी विश्वविद्यालय ने 18 मई 2002 को देश भर में 30 केन्द्रों पर एम.एस–सी. (बायोटेक्नोलॉजी), एम.एस–सी. (एग्रीकल्चर)/एम.वी.एस–सी. (एनीमल बायोटेक्नोलॉजी) और एम.टेक. (बायोटेक्नोलॉजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय सहित निम्नलिखित प्रतिभागी विश्वविद्यालयों में प्रवेश हेतु एक संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित की। ये प्रतिभागी विश्वविद्यालय थे

1. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
2. बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची,
3. कालिकट विश्वविद्यालय, कालिकट;
4. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर;
5. गोवा विश्वविद्यालय, गोवा;
6. जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर;
7. गुरु नानकदेव विश्वविद्यालय, अमृतसर;
8. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला,
9. हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद;
10. जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू;
11. एम.एस. बड़ौदा विश्वविद्यालय, बड़ौदा;
12. मदुरई कामराज विश्वविद्यालय, मदुरई;
13. पूना विश्वविद्यालय, पुणे;
14. पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़;
15. पांडिचेरी विश्वविद्यालय, पांडिचेरी;
16. पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला;
17. तेजपुर विश्वविद्यालय, असम;
18. तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयम्बटूर;
19. कुमांऊ विश्वविद्यालय, कुमांऊ
20. अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई;
21. उत्तरी बंगाल विश्वविद्यालय, सिलीगुड़ी
22. इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद;
23. गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद;
24. गुलबर्गा विश्वविद्यालय, गुलबर्गा;
25. गुरु जम्बेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार;
26. थापर इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी संस्थान, पटियाला;
27. चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर;
28. इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर;
29. मराठवाड़ा कृषि विश्वविद्यालय, परभानी।

इन पाठ्यक्रमों के लिए पूर्ण रूप से भरे 15856 आवेदन–पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 14529 उम्मीद्वार संयुक्त प्रवेश–परीक्षा में बैठे।

भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान में अंशकालिक पाठ्यक्रम

संस्थान के डिप्लोमा/सर्टिफिकेट अंशकालिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पूर्ण रूप से भरे हुए कुल 763 आवेदन–पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 213 ने इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया – सी.ओ.पी. में 153, डी.ओ.पी. में 21 और ए.डी.ओ.पी. में 39।

छात्रों की संख्या

1.9.2002 को विश्वविद्यालय में 4583 पूर्णकालिक छात्र पंजीकृत थे। विभिन्न पाठ्यक्रमों में पंजीकृत छात्रों का विवरण इस प्रकार है – 2611 छात्र शोध कर रहे थे और 1408 छात्र एम.ए./एम.एस–सी./ एम.सी.ए. और 564 छात्र स्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत थे।

प्रदान की गई उपाधियां/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय तथा विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त संस्थानों के 2092 छात्रों को अपने–अपने पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने पर उपाधियां/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट प्रदान किए गए :

(1)	पी–एच.डी.	231
(2)	एम.फिल.	403
(3)	एम.टेक.	34
(4)	एम.ए.	478
(5)	एम.एस–सी./एम.सी.ए./एम.सी.एच.	107
(6)	बी.ए./बी.ए. (ऑनर्स)	290
(7)	बी.एस–सी.	304
(8)	बी.टेक.	163
(9)	डिप्लोमा/सर्टिफिकेट	82
	कुल	**2092**

थ्रस्ट एरिया और संदर्श योजनाएं

उन थ्रस्ट एरियाओं का संक्षिप्त विवरण, जिन पर विभिन्न संस्थान/केन्द्र अपना ध्यान केन्द्रित करना चाहते हैं तथा प्राप्त परिणामों और निधियों की कमी या फिर अन्य अपरिहार्य कारणों से अपेक्षित परिणाम हासिल न कर पाने का भी संक्षिप्त विवरण अध्याय–4 में संबंधित संस्थानों/केन्द्रों के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है। इसमें कुछ संस्थानों/केन्द्रों की वार्षिक संदर्श योजनाओं और किस तरह से ये नवीं पंचवर्षीय योजना में उल्लिखित योजनाओं से मेल खाती हैं, का विवरण भी प्रस्तुत किया गया है।

शैक्षिक गतिविधियाँ

पिछले वर्षों की तरह, समीक्षाधीन अवधि के दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षक कक्षा व्याख्यान तथा शोध छात्रों के मार्गदर्शन जैसी शैक्षिक और शोध गतिविधियों में पूर्ण रूप से संलग्न रहे। इसके अतिरिक्त, वे विश्वविद्यालय और देश–विदेश के अन्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा आयोजित विभिन्न सम्मेलनों/गोष्ठियों/संगोष्ठियों में भाग लेते रहे। इससे शिक्षकों को उनके विशेषीकृत क्षेत्रों में हो रहे नवीनतम विकास की जानकारी प्राप्त हुई और उन्होंने अपने ज्ञान और

शिक्षण दक्षता को अद्यतन बनाया। शिक्षकों द्वारा विश्वविद्यालय से बाहर के संस्थानों द्वारा आयोजित सम्मेलनों में भाग लेने, विशेष व्याख्यान देने/आलेख प्रस्तुत करने का विवरण संबंधित संस्थानों/केन्द्रों के अन्तर्गत दिया गया है।

वर्तमान पाठ्यचर्या को अद्यतन बनाने तथा नए कोर्सों की शुरूआत करने सम्बन्धी चल रही प्रक्रिया के अन्तर्गत विश्व में तेजी से हो रहे परिवर्तनों के कारण छात्रों की बढती हुई जरूरतों को पूरा करने की दृष्टि से अनेक कोर्सों को संशोधित/अद्यतन किया गया या नए कोर्स शुरू किए गए। कोर्सों की विषय–वस्तु में नवीनीकरण और नए क्षेत्रों में शोध संवर्धन का प्रमाण विभिन्न संस्थानों/केन्द्रों में चलाए जा रहे विभिन्न कोर्सो तथा शोध के विषयों से मिलता है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, शिक्षक विश्वविद्यालय के अन्य संस्थानों/केन्द्रों और अन्य कई राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों तथा संस्थानों के साथ विभिन्न सहयोगात्मक कार्य करने में संलग्न रहे। शिक्षकों द्वारा शुरू की गई शोध परियोजनाएं बहुविषयक और अन्तर्विषयक प्रकृति की थीं।

वर्ष के दौरान संस्थानों और केन्द्रों द्वारा अनेक सम्मेलन/संगोष्ठियाँ/गोष्ठियाँ/कार्यशालाएं और देश विदेश के विशिष्ट विद्वानों/विज्ञानियों के व्याख्यान आयोजित किए गए। इनमें जनसाधारण के फायदे के लिए आयोजित विस्तार व्याख्यान माला भी शामिल थी।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य छात्रों के लिए विभिन्न संस्थानों/केन्द्रों के शिक्षकों द्वारा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षाएं चलाई गईं ताकि इन छात्रों को अपना कोर्स कार्य सुचारू रूप से करने में सहायता मिल सके।

अतिथि विद्वान और विज्ञानी

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, देश–विदेश के अनेक प्रतिष्ठित विद्वान/विज्ञानी विश्वविद्यालय में आए। इनमें से कुछ विद्वानों ने व्याख्यान दिए या विभागों के संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ वैज्ञानिक/शैक्षिक शोध कार्यक्रमों में सहयोग/विचार विनिमय किया। इस प्रकार, विश्वविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला। इनमें शिक्षाविदों के शिष्टमण्डल और अन्य ऐसे अतिथि भी शामिल हैं, जो विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली का अध्ययन करने तथा विश्वविद्यालय के साथ सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के उद्देश्य से आए थे। विस्तृत विवरण संबंधित संस्थानों/केन्द्रो के विवरण में उपलब्ध हैं।

शोध गतिविधियां

शिक्षकों और अन्य शोध कर्मियों के शोध प्रयासों को पुस्तकों/मोनोग्राफों (सम्पादित भाग सहित), पुस्तकों के लिए लिखे गए अध्यायों तथा शोध आलेखों/संगोष्ठियों में पढ़े गए आलेखों/प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित लेखों के रूप में देखा जा सकता है। शिक्षकों द्वारा लगभग सभी विषयों में विभिन्न शोध परियोजनाओं पर भी उच्च स्तरीय शोध किया जाता है। इनमें प्रायोजित और गैर–प्रायोजित दोनों तरह की परियोजनाएं तथा शिक्षकों द्वारा अपने स्तर पर शुरू की गई परियोजनाएं भी शामिल हैं।

प्रकाशन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय के शिक्षकों की 694 से अधिक पुस्तकें/शोध आलेख आदि प्रकाशित हुए। इनमें 93 पुस्तकें/मोनोग्राफ (सम्पादित भागों सहित) शामिल हैं। शिक्षकों ने पुस्तकों के लिए 187 अध्याय लिखे और उनके 414 से अधिक शोध आलेख राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न शोध तथा शैक्षिक पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, विभिन्न संस्थानों/केन्द्रों के छात्रों की भी कई पुस्तकें/शोध आलेख प्रकाशित हुए। इनमें पुस्तकों के लिए लिखे अध्याय और प्रसिद्ध पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध आलेख भी शामिल हैं। शोध प्रकाशनों का विवरण संबंधित संस्थानों/केन्द्रो के विवरण में दिया गया है।

शिक्षक

31 मार्च 2003 को विश्वविद्यालय में 387 शिक्षक थे। इनमें 194 प्रोफेसर, 120 सह–प्रोफेसर और 73 सहायक प्रोफेसर थे। विश्वविद्यालय में शिक्षक–छात्रों (पूर्णकालिक) का अनुपात 1:12 था। विभिन्न संस्थानों/केन्द्रों में यह अनुपात भिन्न–भिन्न है। शिक्षकों की संख्या का विवरण नीचे प्रस्तुत है –

शिक्षकों की संख्या

क्र.सं.	संस्थान	प्रोफेसर	सह–प्रोफेसर	सहायक प्रोफेसर	कुल
1.	कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान	01	04	–	05
2.	कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	08	02	01	11
3.	पर्यावरण विज्ञान संस्थान	13	05	01	19
4.	जीवन विज्ञान संस्थान	17	03	01	21
5.	भौतिक विज्ञान संस्थान	06	07	01	14
6.	अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	36	24	09	69
7.	सूचना प्रौद्यागिकी संस्थान	01	–	01	02
8.	भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	43	31	30	104
9.	सामाजिक विज्ञान संस्थान	64	33	19	116
10.	जैव–प्रौद्योगिकी केन्द्र	02	05	01	08
11.	विधि और अभिशासन अध्ययन केंद्र	01	03	03	07
12.	विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्रीकरण केंद्र	01	–	–	01
13.	आणविक चिकित्साशास्त्र केंद्र	–	02	02	04
14.	संस्कृत अध्ययन केंद्र	01	01	04	06
	कुल	**194**	**120**	**73**	**387**

अध्याय–3

विश्वविद्यालय के निकाय

विश्वविद्यालय के कार्य का सुव्यवस्थित रूप से संचालन करने के लिए कुछ निकाय हैं। ये हैं – विश्वविद्यालय कोर्ट, कार्य परिषद्, विद्या परिषद् और वित्त समिति जैसी अन्य साविधिक समितियाँ।

विश्वविद्यालय कोर्ट :

विश्वविद्यालय कोर्ट विश्वविद्यालय का सर्वोच्च निकाय है। सामान्यतः इसकी बैठक प्रत्येक वर्ष में एक बार होती है, जिसमें विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक लेखें, लेखा–परीक्षा रिपोर्ट और बजट पर विचार किया जाता है। विश्वविद्यालय कोर्ट को कार्य परिषद् और विद्या परिषद् के कार्यों की समीक्षा करने का अधिकार उन परिस्थितियों में है, यदि इन परिषदों ने विश्वविद्यालय के अधिनियम, संविधियों और अध्यादेशों के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप कार्य न किया हो।

विश्वविद्यालय कोर्ट की पिछली वार्षिक बैठक 5 फरवरी, 2003 को हुई। इसने विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर 1 अप्रैल 2000 से 31 मार्च 2001 तक तथा 1 अप्रैल 2001 से 31 मार्च, 2002 तक की वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय वर्ष 2000–2001 का लेखा परीक्षित प्राप्ति और व्यय का विवरण तथा परिसम्पत्तियों एवं दायित्वों का विवरण और वित्तीय वर्ष 2002–2003 का बजट प्राप्त किया। इसमें विश्वविद्यालय का योजनेतर अनुरक्षण बजट भी पेश किया गया।

क. अपने मेल सर्वर के माध्यम से विश्वविद्यालय समुदाय को 24 घंटे इंटरनेट की सेवाएं मुहैया करवाई गई। यह सेवाए विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए उपलब्ध थीं।

ख. परिसर में बीमार व्यक्तियों को आपातकाल स्थिति में अस्पताल तक ले जाने के लिए छुट्टियों सहित सप्ताह के सभी दिनों में 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा मुहैया करवाई गई। यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है।

ग. छात्रावासों, ट्रांजिट हाउस, पोस्ट डाक्टरल फेलो छात्रावास, संस्कृत केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र का विस्तार, विश्वविद्यालय के उत्तरी द्वार, विधि और अभिशासन केन्द्र तथा कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान के भवनों से संबंधित कई निर्माण कार्य किए गए।

घ. नए छात्रावासों और शैक्षिक भवनों का निर्माण करके वर्तमान सुविधाओं में विस्तार किया गया। ये छात्रावास/भवन थे – यमुना छात्रावास (तृतीय विंग), वरिष्ठ शिक्षकों के लिए ट्रांजिट हाउस (चरण–2), पोस्ट डाक्टरल छत्रावास (चरण–1), अ.जा. के छात्र और छात्राओं के लिए छात्रावास, पुस्तकालय भवन का वातानुकूलन, विधि और अभिशासन केन्द्र, संस्कृत अध्ययन केन्द्र, विज्ञान केन्द्र, कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान, उत्तर–पूर्वी छात्रों के लिए छात्रावास, जनजातीय छात्रों के लिए छात्रावास और अकादमिक स्टाफ कालेज।

च. एक प्लाजा बनाने की योजना तैयार की गई। इस प्लाजा में – पुस्तकों की एक बड़ी दुकान, कंप्यूटर शांप, हार्डवेयर स्टोर, विज्ञान स्टोर, हस्तशिल्प/कला शोकेस, पब्लिक थीएटर, विश्राम स्थल, काफी हाउस, खान–पान की जगह, ए.टी.एम. और अन्य जन सुविधाएं शामिल होंगी।

छ. पर्यावरण और वन मंत्री ने जेएनयू परिसर के उत्तर–पश्चिम में स्थित प्राकृतिक वानस्पतिक उद्यान के संरक्षण हेतु विश्वविद्यालय को वित्तीय सहायता मंजूर की है। डा. आर.ए. मशालकर, महानिदेशक, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की अध्यक्षता में गठित वि.अ.आ. की समिति ने नवम्बर, 2002 में विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस समिति ने न केवल विश्वविद्यालय द्वारा जीनोमिक्स, बायोटेकोलॉजी और मोलक्यूलर मेडिसिन के क्षेत्र में पहले से किए जा रहे विशिष्ट शोध कार्यों की प्रशंसा की बल्कि उसने संस्थानों और केन्द्रों के शैक्षिक स्टाफ सदस्यों की योग्यता को भी पहचाना। वि.अ.आ. ने हमें 'उत्कृष्ट कार्यों के लिए सक्षम विश्वविद्यालय' के रूप में मान्यता प्रदान की है।

कार्य परिषद्

कार्य परिषद् विश्वविद्यालय की एक उच्चतम और महत्वपूर्ण कार्य निकाय है, और यह विश्वविद्यालय के सामान्य प्रबन्धन और प्रशासन संबंधी कार्यों की देख–रेख करती है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान इसकी 3 बैठकें हुईं। ये बैठकें 3.6.2002, 25.7.2002 और 22.1.2003 को हुईं। इन बैठकों में परिषद् ने अनेक प्रशासनिक और शैक्षिक मामलों पर विचार–विमर्श किया और उन पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

कार्य परिषद् ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इसकी सदस्यता में हुए कुछ परिवर्तनों को नोट किया और कुलपति द्वारा संविधियों/अध्यादेशों के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुछ अत्यावश्यक प्रकृति के मामलों पर लिए गए विभिन्न निर्णयों पर विचार करके उनका अनुमोदन किया, विभिन्न चयन समितियों और स्क्रिनिंग समितियों की सिफारिशों को अपनी मंजूरी दी और कई अन्य प्रशासनिक निर्णय लिए। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान परिषद् द्वारा अनुमोदित/नोट किए गए कुछ निर्णय निम्न प्रकार से थे :

क. डीन (छात्र), मुख्य कुलानुशासक व अन्य पदाधिकारियों को शिक्षकों के रूप में अपने शिक्षण कार्य के अलावा अतिरिक्त कार्य करने के लिए मानदेय के स्थान पर विशेष वेतन का भुगतान।

ख. 62 वर्ष की उम्र के बाद शिक्षक किसी प्रकार के प्रशासनिक कार्य और दायित्व वाले सांविधिक और गैर सांविधिक पदों पर नहीं रहेंगे।

ग. बहुत अच्छा कार्य करने पर ग्रुप – ए.बी.सी. और डी. के कर्मचारियों को प्रोत्साहन देने के लिए योजना।

घ. अतिथि/अंशकालिक शिक्षकों के लिए एकसमान नीति संबंधी सशोधित मार्गदर्शी सिद्धांत।

च. स्थाई निधि के सृजन के लिए फोर्ड फाउन्डेशन से 3 लाख रूपये अमरीकी डालर राशि स्वीकार करने और इस निधि पर अर्जित ब्याज की राशि का उपयोग विश्वविद्यालय के विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र में प्राध्यापकीय विजिटिंग फेलो प्रोग्राम के लिए करने।

विद्या परिषद्

विद्या परिषद् विश्वविद्यालय की मुख्य शैक्षिक निकाय है। विद्या परिषद् को अन्य के साथ–साथ कुछ महत्त्पूर्ण शक्तियाँ भी प्राप्त हैं – जैसे उच्च शिक्षा के विभागों, महाविद्यालयों, संस्थानों की स्थापना करना या उन्हें मान्यता प्रदान करना, शोध गतिविधियों का प्रसार करना, अन्य संस्थानों के डिप्लोमा और उपाधियों को मान्यता प्रदान करना और जे.एन.यू. के डिप्लोमा और उपाधियों के साथ–साथ इनकी समतुल्यता निर्धारित करना, विश्वविद्यालय में प्रवेश से संबंधित विभिन्न समितियों का गठन करना और निर्धारित नियमों के अनुसार छात्रों के लिए शिक्षण और परीक्षाओं के आयोजन संबंधी प्रबन्ध करना है। इस परिषद् की कुछ सिफारिशें अनुमोदन हेतु कार्यपरिषद् को भेजी जाती हैं।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, विद्या परिषद् की दो बैठक 11.9.2002 और 8.1.2003 को हुईं। परिषद् ने विभिन्न संस्थानों से सदस्यों को सहयोजित किया, विभिन्न संस्थानों/केन्द्रों के अध्ययन मंडलों की सिफारिशों, अध्येतावृत्तियों के सृजन, परिषद् में विभिन्न केन्द्रों के शिक्षकों के नामांकन, छात्रावास नियमावलियों की कुछ धाराओं में संशोधन और संगत अध्यादेशों की धाराओं में अनुवर्ती संशोधन तथा उपाधियां प्रदान करने से संबंधित अध्यादेशों के अनुमोदन सहित विभिन्न शैक्षिक मामलों पर विचार किया। परिषद् ने अपनी बैठकों में विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में वर्ष 2002–2003 के प्रवेश संबंधी वास्तविक आंकड़ों पर विचार किया। परिषद ने अपनी बैठकों में निम्नलिखित को अनुमोदित/संस्तुत किया :

क. आणविक चिकित्सा–शास्त्र विशेष केन्द्र में शैक्षिक सत्र 2003–2004 से प्री–पी–एच.डी. पाठ्यक्रम शुरू करने और इसकी कोर्स संरचना का अनुमोदन किया।

ख. भारतीय भाषा केन्द्र (भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान) में हिंदी अनुवाद में एम.फिल/पी–एच.डी. पाठ्यक्रम के लिए संशोधित कोर्स संरचना का अनुमोदन किया।

ग. पर्यावरणीय विधि में 'प्राध्यापकीय चेयर' शुरू करने हेतु 'पर्यावरणीय विधि एवं वन मंत्रालय वृतिदान' को 'अध्येतावृत्ति प्रदान करने के लिए महा राम–उमराव कौर वृतिदान' के साथ मिलाने का अनुमोदन किया।

घ. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे में बी–एस.सी. (कंप्यूटर विज्ञान) कोर्स शुरू करने और इसकी पाठ्यचर्या का अनुमोदन किया।

च. 'महाले पुरस्कार वृतिदान' नाम से 10,000/– रूपये के एक वृतिदान का सृजन करने का अनुमोदन किया।

छ. 'डा. ए.एन. भट्ट स्मारक पुरस्कार' शुरू करने के लिए 50,000/– रूपये के वृत्तिदान का सृजन करने का अनुमोदन किया। इसमें से आर्थिक अध्ययन और नियोजन केन्द्र/सामाजिक विज्ञान संस्थान के एम.ए. तृतीय सत्र के सर्वोत्तम छात्र को 5000/– रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

ज. इण्डो–इण्डोनेनिशयन अध्ययन में 'इण्डो रामा अध्येतावृत्ति' शुरू करने के लिए एक लाख रूपये के वृत्तिदान का सृजन करने का अनुमोदन किया। यह राशि आई.आई.एफ.ए. से प्राप्त हुई है।

झ. स्व. डॉ. नूरूल हसन की स्मृति में वृत्तिदान का सृजन करने का अनुमोदन किया। इस वृत्तिदान के लिए प्राप्त 5 लाख रूपये की राशि पर अर्जित ब्याज की राशि में से दो छात्रवृत्तियां -- प्रत्येक छात्रवृत्ति 1500 रूपये प्रतिमाह एक एम.ए. और दूसरी एम.एस–सी. द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए 1500/– रू. प्रति माह की दो छात्रवृत्तियां शुरू की जाएंगी। ये छात्रवृत्तियां 5,00000/–रू. के वृत्तिदान पर अर्जित ब्याज में से दी जाएंगी।

ट. जी. पार्थसारथी वृत्तिदान निधि में से विकलांग छात्रों सहित समाज के आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग विशेषकर अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. से आने वाले छात्रों हेतु एम.ए. स्तर पर चार छात्रवृत्तियां (चन्द्रशेखर प्रसाद छात्रवृति सहित) और एम.फिल स्तर पर चार अध्येतावृत्तियां शुरू करने का अनुमोदन किया गया।

ठ. शैक्षणिक सत्र 2003–2004 से संस्कृत अध्ययन में एम.ए. पाठ्यक्रम शुरू करने का सिद्धांततः अनुमोदन किया गया।

ड. शैक्षणिक सत्र 2003–2004 से कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान में एम.ए. पाठ्यक्रम शुरू करने तथा इसकी रूपरेखा का अनुमोदन किया गया।

ढ स्थायी निधि के सृजन के लिए फोर्ड फाउंडेशन से तीन लाख अमेरिकी डालर की राशि स्वीकार करने और इस पर अर्जित ब्याज की राशि का उपयोग विश्वविद्यालय के विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र में प्राध्यापकीय विजिटिंग फेलो कार्यक्रम के लिए खर्च करने का अनुमोदन किया गया।

वित्त समिति

वित्त समिति विश्वविद्यालय की सांविधिक निकाय है। यह समिति विश्वविद्यालय के बजट तथा व्यय प्रस्तावों, नए/अतिरिक्त पदों से संबंधित सभी प्रस्तावों, लेखाओं, लेखा–परीक्षा रिपोर्ट और अन्य वित्तीय एवं लेखाओं से संबंधित मामलों पर विचार करती है। इसकी सिफारिशें कार्य परिषद् को अनुमोदन के लिए भेजी जाती हैं।

समिति ने 17 फरवरी, 2003 को हुई अपनी बैठक में विश्वविद्यालय के वर्ष 2002–2003 के लिए 'अनुरक्षण' खाते में 7018.83 लाख रूपये के संशोधित आकलनों को मंजूरी दी।

अध्याय–4
संस्थान और केन्द्र
1. कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान

कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान अपेक्षाकृत एक नया संस्थान है। इस संस्थान में कला और दृश्य संस्कृति के उन अध्ययन क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा, जिन्हें भारत के शैक्षिक जगत में पर्याप्त पहचान नहीं मिल पाई है। वर्ष 2001 में इस संस्थान को पुनः शुरू करने की योजना पर विचार किया गया और संस्थान की अधिकारिक शुरूआत नवम्बर 2001 में संस्थान के डीन और चार सह–प्रोफेसरों की नियुक्ति के साथ हुई। एक तरह से कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान एक अद्वितीय संस्थान है। भारत में पहली बार यह संस्थान विभिन्न पारम्परिक एवं समसामयिक समृद्ध कला–सिद्धान्तों एवं व्यवहारों के अन्तरविषयक अध्ययन और शोध को उन्नत करने का एक केंद्र बन गया है। देश में चल रहे वर्तमान कला संस्थान और विभाग कलात्मक दक्षता के शिक्षण और कला के विशेष क्षेत्रों में कुछ शोध पर बल देते हैं। भारतीय कला और सिद्धान्तों की बहु–पक्षीय परम्परा आधुनिक काल में समृद्ध हुई, इसलिए परम्पराओं और आधुनिकतावाद के बीच महत्वपूर्ण पारम्परिक प्रभावों के संदर्भ में विभिन्न कलाओं और कला–सिद्धान्तों के बीच अन्तःसम्बन्धों की खोज और अध्ययन के लिए एक ऐसे संस्थान की सख्त जरूरत थी।

संस्थान के शिक्षकों के समक्ष सबसे पहला कार्य था नए और चुनौतिपूर्ण क्षेत्रों में नवीन ढंग से शिक्षण, अध्ययन और शोध शुरू करने का आधार तैयार करना। संस्थान के शिक्षकों ने विभिन्न विद्वानों के साथ विचार–विमर्श करके संस्थान में एम.ए. पाठ्यक्रम की पाठयचर्या तैयार की, जो कि कला अध्ययन के दो मुख्य क्षेत्रों – दृश्य कला एवं निष्पादन कला पर आधारित है। दो–वर्षीय एम.ए. पाठयक्रम में समसामयिक काल तक भारतीय कला का पारस्परिक प्रभावशाली काल–क्रम सम्बन्धी विकास शामिल किया गया है। एम.ए. पाठयक्रम अब जुलाई 2003 से शुरू होगा। पी–एच.डी. पाठयक्रम 2002 से शुरू हो चुका है। शिक्षकों ने उनके द्वारा पढाए जाने वाले वैकल्पिक कोर्सों में दृश्य एवं निष्पादन कला के विभिन्न अद्वितीय क्षेत्रों को शामिल करते हुए इनकी रूपरेखा तैयार कर ली है।

संस्थान के छात्रों और शोधार्थियों के लिए एक विस्तृत पुस्तकालय तथा श्रव्य–दृश्य दस्तावेजों का एक अभिलेखागार भी तैयार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

थ्रस्ट एरिया और संदर्श योजनाएं

थ्रस्ट एरिया में दृश्य और निष्पादन कलाओं के परस्पर सम्बन्ध और समाजशास्त्र, मानवविज्ञान, सांस्कृतिक सिद्धान्त तथा दर्शनशास्त्र जैसे विषयों से उनकी सम्बद्धता के सिद्धांत एवं इतिहास का अध्ययन शामिल हैं। संस्थान बाद में कला के मुख्य क्षेत्रों तथा उनके संगीत, फिल्म और मीडिया अभिव्यक्ति अध्ययन और सांस्कृतिक नीति अध्ययन जैसे सम्बद्ध क्षेत्रों के अध्ययन को भी शामिल करेगा। मुख्य और वैकल्पिक कोर्स इस तरह से तैयार किए जा रहे हैं कि छात्रों और शोधार्थियों को भारतीय और अन्तर्राष्ट्रीय संदर्भों में कलाओं के सिद्धान्त और व्यवहार में परस्पर सम्बन्धों की प्रमुख जानकारी मिल सके।

सहयोगात्मक प्रबन्ध

संस्थान, फोर्ड फांउडेशन के साथ सहयोग कर रहा है। इसके अन्तर्गत संस्थान को विशेषीकृत विषयों में शोध और शिक्षण के लिए विजिटिंग फेलो तथा शिक्षक नियुक्त करने, तकनीकी उपकरण प्राप्त करने और अभिलेखागार भवन का निर्माण करने के लिए अनुदान राशि प्राप्त हुई है।

अमेरिकन इंस्टीट्यूट आफ इंडियन स्टडीज ने भारतीय दृश्य और निष्पादन कलाओं के अभिलेखागार के लिए दृश्य सामग्री मुहैया करानी शुरू कर दी है। इस संस्थान ने छात्रों और शिक्षकों को पुस्तकालय सुविधाएं उपलब्ध कराने और दृश्य कला और संगीत अभिलेखागार का प्रयोग करने के लिए अपनी सहमति प्रकट की है।

वर्तमान कोर्सों में संशोधन और नए कोर्सों और अध्ययन पाठ्यक्रमों की शुरूआत

कला और सौंदर्यशास्त्र में एम.ए. पाठ्यक्रम के कोर्सों की रूपरेखा का प्रारूप तैयार किया गया और इस पर संस्थान के अध्ययन मण्डल की दो बैठकों में चर्चा हुई। इस प्रारूप को फिर विद्या परिषद में पेश किया गया, जहां इसे शिक्षण के लिए अनुमोदित कर दिया गया।

अ.जा./अ.ज.जा. और शैक्षिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए विशेष उपचारात्मक कोर्स

चूंकि अभी तक एम.ए. और एम.फिल. के कोर्सों का शिक्षण शुरू नहीं हुआ है, अतः इस तरह का कोई कोर्स तैयार नहीं किया गया।

प्रकाशन

1. एच.एस. शिव प्रकाश, अनिकटना में दिए गए कन्नड वचनों का अंग्रेजी में अनुवाद, इंग्लिश लिट्रेरी जर्नल, कन्नड साहित्य अकादमी, जनवरी–मार्च 2003
2. एच.एस. शिव प्रकाश, मलेया मन्तप, (कन्नड भाषा में पुस्तक और कविताएं), लोहिया प्रकाशन, बेलाए, जनवरी 2003
3. एच.एस. शिव प्रकाश, बत्तीसा रागा, (कन्नड भाषा में आत्मकथा) अनिगिशा प्रकाशन, होनाली, मार्च 2003
4. एच.एस. शिव प्रकाश, निबंध संग्रह – द स्टेट आफ कन्टेम्पोरेरि इण्डियन थीयटर, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली
5. एच.एस. शिव प्रकाश, निबंध संग्रह – इण्डियन सेक्सपियर्स, वर्ल्ड वाइड पब्लिशर्स, नई दिल्ली
6. एच.एस. शिव प्रकाश, द हंगरी अर्थ, भारतीय दलित लेखन का संग्रह शीर्षक पुस्तक पर कार्य कर रहे हैं, पेंगुइन इंडिया, नई दिल्ली

आलेख

1. ज्योतिंद्र जैन, "कनटेम्पोरेरि इण्डियन फोक आर्टिस्ट्स ऐट मानचेस्टर आर्ट गैलरी", आर्ट साउथ एशिया, एसे इन केटलोग एकेम्पनिंग द एग्जिविशन, अलनूर निधा, जुलाई 2002
2. ज्योतिंद्र जैन, "मार्फिंग आइडेंटिटीज : रिकनफिगरिंग द डिवाइन ऐंड द पालिटिकल", बाडी सिटी न्यू पर्सपेक्टिव्स फ्राम इण्डिया", तुलिका पब्लिशर्स द्वारा हाऊस आफ वर्ल्ड कल्चर्स, बर्लिन के सहयोग से प्रकाशित।
3. ज्योतिंद्र जैन, "द हिंदू आइकोन बिटवीन द कल्टिक ऐंड द एग्जिबिट्री स्पेस, जुलाई 2002 में मानचेस्टर में आयोजित 'साउथ एशियन आर्ट' विषयक सम्मेलन की कार्यवाही में प्रकाशित किया जाना है।
4. बिष्णुप्रिया दत्त "आडियोरिंक्रेटिक माइथोलाजीस : द केस स्टडी आफ द सिताला ओपेरा, इंटरनेशनल फेडरेशन आफ थीएटर रिसर्च, 2003, आई.एफ.टी.आर.
5. बिष्णुप्रिया दत्त, डाक्टर ऐंड द थीएटर, एपिक थीएटर, अगस्त 2002
3. कविता सिंह "पेंटिंग्स आफ लाइफ ऐट कोर्ट", पावयेयर ऐट देसिर : मिनिएचर्स इण्डिनेस, संग्रह इडविन बिने, थर्ड व्यू सेन दियागो म्यूजियम आफ अर्ट, (सं.) रोजलीन हुरेल और एमिना ओकादा, पेरिस म्यूसीस और एडिशंस फिंडाकली, पेरिस 2002
7. कविता सिंह, "म्यूजियम्स ऐंड द मैकिंग आफ द इण्डियन आर्ट हिस्टोरिकल केनन", टुवर्ड्स ए न्यू आर्ट हिस्ट्री : स्टडीज इन इण्डियन आर्ट, सं. – शिवाजी के. पाणिकर, पारुल दवे मुखर्जी और दीप्ता अकार, डी.के. प्रिंट वर्ल्ड, 2003

शोध परियोजनाएं (प्रायोजित)

1. सावंत शुक्ल, हाल ही में हुए कार्य – केबिनेट्स आफ क्यूरिओसिटीज" पर सोलो शो, दिसम्बर 2002
2. सावंत शुक्ल, साक्षी गेलरी, मुम्बई द्वारा नवम्बर 2002 के दौरान इण्डिया हेबिटेट सेंटर में "क्रिएटिव स्पेस" शीर्षक ग्रुप एग्जिविशन।
3. सावंत शुक्ल, केमोल्ड गैलरी, मुम्बई में फरवरी 2002 के दौरान अर्चना हांडे द्वारा संग्रहीत "कनटेम्पोरेरि पेंटिंग की ग्रुप एग्जिविशन।
4. बिष्णु प्रिया दत्त, इंटरनेशनल थिएटर स्टडीज के लिए उत्पल दत्त फांउडेशन के तत्वावधान में जनवरी 2003 में शुरू रेस्टोरिंग ऐंड रिकार्डिंग सीनिक कर्टेंस यूज्ड इन मिनर्वा थिएटर, कलकत्ता (1905–59)। सीन के रेस्टोरेशन और रिपेयर के लिए आंशिक अनुदान राशि भारत सरकार के संस्कृति विभाग, मानव संसाधान विकास मंत्रालय से प्राप्त हुई।

चल रही शोध परियोजनाएं (प्रायोजित)

1. ज्योतिंद्र जैन, क्यूरेटिंग एग्जिविशन : इण्डियन पाप्यूलर कल्चर : द कनक्वेस्ट आफ द वर्ल्ड ऐज ए पिक्चर", फार हाउस आफ वर्ल्ड कल्चर, बर्लिन, 19 सितम्बर 2003 से शुरू।

शिक्षकों की सम्मेलनों में प्रतिभागिता (विदेशों में)

1. ज्योतिंद्र जैन ने 17–18 मई 2002 को हाउस आफ वर्ल्ड कल्चर्स में आयेजित गेटी फांउडेशन द्वारा प्रायोजित फ्रेम्स फार व्यूइंग" विषयक सम्मेलन में भाग लिया और "फ्रेमिंग द थिएट्रीकल : हिन्दू माइथोलाजीकल पिक्चर्स ऐट द टर्न आफ द नाइनटींथ सेंचुरी" शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
2. ज्योतिंद्र जैन ने 25 और 26 जून 2002 को लाइसेस्टर विश्वविद्यालय के 'प्रसादा' द्वारा आयोजित 'साउथ एशियन आर्ट' विषयक सम्मेलन में भाग लिया और "द ट्रेडिशनल आर्ट्स आफ साउथ एशिया : पास्ट प्रैक्टिस लीविंग ट्रेडिशन" शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
3. ज्योतिंद्र जैन ने जुलाई 2002 में मानचेस्टर में शीशा फाउंडेशन द्वारा आयोजित साउथ एशियन आर्ट विषयक सम्मेलन में भाग लिया और "द हिन्दू आईकोन बिटवीन द कल्टिक ऐंड द एग्जिबिटरी स्पेस" शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
4. बिष्णु प्रिया दत्त ने नवम्बर 2002 में पेरिस में 'रिसर्च मैथडालाजी इन थिएटर' विषयक आईएफ.टी.आर. सब–कमेटी मीट में भाग लिया।

शिक्षकों की सम्मेलनों में प्रतिभागिता (भारत में)

1. ज्योतिंद्र जैन ने जनवरी 2003 में चैन्नई में दक्षिणाचित्रा फांउडेशन द्वारा आयोजित 'कनटेम्पोरेरि इण्डियन आर्ट" विषयक सम्मेलन में भाग लिया और "कलेक्टिव ट्रेडिशन ऐंड इडिविजुअल एक्सप्रेशन : कनटेम्पोरेरि इण्डियन फोक आर्ट" विषयक आलेख प्रतुत किया।
2. सावंत शुक्ल ने जनवरी 2003 में किशनगढ़ (राजस्थान) में क्रासवेज कम्युनिकेशंस द्वारा आयोजित और अमित मुखोपाध्याय द्वारा संचालित "सूनापन" शीर्षक साइट स्पेस्फिक कार्यशाला में साइट स्पेस्फिक इंस्टालेशन बनाया।
3. सावंत शुक्ल ने जनवरी 2003 में राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में आयोजित "कनटेम्पोरेरि मिनिएचर्स" विषयक चर्चा में भाग लिया।
4. बिष्णु प्रिया दत्त ने जनवरी 2003 में जयपुर में आयोजित इंटरनेशनल फेडरेशन आफ थिएटर रिसर्च सम्मेलन में भाग लिया और आइडियोसिंक्रेटिक माइथोलाजिस" विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
5. कविता सिंह ने अक्टूबर 2002 में आई.जी.एन.सी.ए., नई दिल्ली और नेशनल फोकलोर सपोर्ट सेंटर, चैन्नई द्वारा आई.जी.एन.सी.ए. नई दिल्ली में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में फोकलोर पब्लिक स्पेरा ऐंड सिविल सोसायटी" विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
6. कविता सिंह ने नवम्बर 2002 में डी.सी., हेंडिक्राफ्ट्स, वस्त्र मन्त्रालय और भारतीय शिल्प परिषद द्वारा आयोजित "क्राफ्ट परसंस ऐंड ससटेनेबल डिवलपमेंट" विषयक अन्तर्राष्ट्रीय संगोठी के 'म्यूजियम्स ऐंड क्राफ्ट्स डिवलपमेंट इन क्राफ्ट" शीर्षक परिचर्चा में भाग लिया।
7. कविता सिंह ने जनवरी 2003 में अंग्रेजी विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय और एशियाटिक सोसाएटी, कलकत्ता द्वारा आयोजित "द पालिटिक्स आफ वेल्यू : इण्डियन आर्ट ऐंड द इम्पिरियल गेज" विषयक अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।
8. कविता सिंह ने कला इतिहास और सौंदर्यशास्त्र विभाग, ललित कला संकाय, एम.एस. बड़ौदा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "थिओराइजिंग इण्डिया'ज प्री–माडर्न विजुअल कल्चर : इश्यूज आफ क्लास, कास्ट जैंडर ऐंड सेक्सुअलिटीज" विषयक संगोष्ठी में भाग लिया।
9. एच.एस. शिव प्रकाश ने 24 अप्रैल 2002 को कन्नड पुस्तक प्राधिकरण द्वारा नेवन आडिटोरियम, बैंगलोर में डा. के. सत्यानारायण द्वारा आयोजित कर्नाटका संगीत वाहिनी" में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
10. एच.एस. शिव प्रकाश ने 3 से 5 अक्टूबर 2002 को आई.जी.एन.सी.ए. द्वारा रविंद्र कलाक्षेत्र, बैंगलोर में आई.जी.एन.सी.ए. द्वारा आयोजित "कंट्रीब्युशंस आफ पुंडरीक उस्थाला" विषयक संगोष्ठी में विशेष रूप से आमंत्रित प्रतिभागी के रूप में भाग लिया।

11. एच.एस. शिव प्रकाश ने जनवरी 2003 में लोहिया प्रकाशन द्वारा बेलगाँव में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में भाग लिया।

12. एच.एस. शिव प्रकाश ने 22 फरवरी 2003 को इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित "फेस्टिवल आफ लेटर्स" विषयक संगोष्ठी में "सिटी मिथ्स इन माडर्न इण्डियन पोइट्री" शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

13. एस.एस. शिव प्रकाश ने 21 मार्च 2003 को साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा विश्व कवि दिवस के अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में भाग लिया।

शिक्षकों के व्याख्यान (जेएनयू से बाहर)

1. ज्योतिंद्र जैन ने अगस्त 2002 के दौरान सौंदर्यशास्त्र विभाग, मुम्बई विश्वविद्यालय में भारतीय कला के विभिन्न पक्षों पर चार व्याख्यान दिए।

संस्थान में आए अतिथि

1. प्रो. पार्था मित्र, ससेक्स विश्वविद्यालय (यू.के.) ने 20 नवम्बर, 2002 को संस्थान में आए और उन्होंने "कंटेस्टिड नेशनहुड्स : द म्यूरल्स आफ न्यू दिल्ली ऐंड इण्डिया हाउस, लंदन" विषयक व्याख्यान दिया।

संस्थान द्वारा आयोजित संगोष्ठियां/सम्मेलन

1. 7 जनवरी से 31 मार्च 2003 तक दयानिता सिंह के छायाचित्रों की प्रदर्शनी आयोजित हुई।
2. सितम्बर 2002 के दौरान "डाक्यूमेंटल" विषय पर एक संगोष्ठी एवं परिचर्चा आयोजित की गई।
3. जनवरी से मार्च 2003 के दौरान "आर्किटेक्चर आफ इण्डिया" और 'एप्रिसिएशन कोर्स इन थिएटर आफ इण्डिया' विषयक दो आउटरीच प्रोग्राम आयोजित किए गए।
4. अक्टूबर 2002 में अल आरमेल वाली नृत्य प्रस्तुत किया गया और इसके बाद चर्चा हुई।

मण्डलों/समितियों की सदस्यता

ज्योतिंद्र जैन, न्यासी, सुरभि प्रतिष्ठान, मुम्बई; न्यासी, बाऊ दाजी लाड म्यूजियम, मुम्बई; मण्डल सदस्य, मध्य प्रदेश हस्तकला निगम, भोपाल;मण्डल सदस्य, राजीव गाँधी पर्यटन विकास योजना, जयपुर; सदस्य, संग्रहालय के केंद्रीय सलाहकार बोर्ड (पर्यटन और संस्कृति मंत्री की अध्यक्षता में) पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय, संस्कृति विभाग, भारत सरकार, मार्च 2003 और मण्डल सदस्य, विद्या परिषद, कला इतिहास, संग्रहालय और संरक्षण का राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान।

सांवत शुक्ल, परीक्षक, बी.एफ.ए., राजकीय कला महाविद्यालय, चण्डीगढ़; परीक्षक, एम.ए., पंजाब विश्वविद्यालय, 2003; परीक्षक, बी.एफ.ए., दिल्ली कला महाविद्यालय, नई दिल्ली, 2003

विष्णु प्रिया दत्त, सदस्य, शासी समिति, सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान, कोलकात्ता;, सदस्य, शासी सोसायटी, भारतीय जन संचार संस्थान, नई दिल्ली।

कविता सिंह, सदस्य, संग्रहालय के केंद्रीय सलाहकार मण्डल (पर्यटन और संस्कृति मन्त्री की अध्यक्षता में) पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय, संस्कृति विभाग, भारत सरकार, मार्च 2002

2. कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान

कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान ने वर्ष 1975 में अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम शुरू किए और अपने को देशभर में कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण संस्थान के रूप में प्रतिष्ठित किया। यह संस्थान एम.सी.ए., एम.टेक (एम.फिल.) और पी–एच.डी. शोध पाठ्यक्रम चलाता है। संस्थान के पाठ्यक्रमों में देशभर के सर्वोत्तम छात्र प्रवेश लेने के लिए आते हैं। इस वर्ष एम.सी.ए. और एम.टेक. पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा में लगभग 9 हजार उम्मीदवारों सहित पड़ोसी सार्क देशों के उम्मीद्वार भी बैठे। संस्थान के कोर्सों को पढ़ने के लिए विश्वविद्यालय के सभी विज्ञान संस्थानों के छात्र भी आते हैं। संस्थान के पाठ्यक्रमों की उपयोगिता इस बात से सिद्ध होती है कि संस्थान से उपाधि प्राप्त छात्रों को कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी कम्पनियों में उच्च पदों पर नौकरियां प्राप्त होती हैं। सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग में मंदी के बावजूद संस्थान के छात्रों को आई.बी.एम., इनफोसिस, एक्सेंचर, काडेंस, जी.ई. केप्स और डी.आर.डी.ओ. जैसे संगठनों में नौकरियां प्राप्त हुई हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और सुनचोन राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, कोरिया के बीच हुए आपसी समझौते के अंतर्गत संस्थान को 18 फरवरी 2002 से 17 अगस्त 2002 तक सुनचोन राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों को कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में प्रशिक्षण देने के लिए चुना गया है।

जेएनयू घोषणा पत्र में उल्लिखित लक्ष्यों के अनुसार संस्थान अन्तरविषयक कोर्स चलाने में अग्रणी रहा है। संस्थान ने अपने कोर्सों की रूपरेखा जीवन विज्ञान संस्थान, भाषा साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के साथ–साथ सामाजिक विज्ञान संस्थान के विभिन्न केंद्रों के छात्रों के फायदे को ध्यान में रखते हुए तैयार की हैं।

संस्थान में निम्नलिखित विशेषीकृत प्रयोगशालाएं हैं जहां एम.टेक./एम.फिल./पी–एच.डी. छात्र अपने शोध कार्य में सक्रिय रूप से संलग्न रहते हैं :

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऐंड साफ्टवेयर इंजीनियरिंग, डाटा कम्यूनिकेशन ऐंड नेटवर्क्स, माइक्रोप्रोसेसर ऐंड आपरेटिंग सिस्टम्स, मल्टीमीडिया ऐंड माडलिंग नेचूरल लैंग्यूवेज प्रोसेसिंग, पेरलल प्रोसेसिंग ऐंड डिस्ट्रीब्यूटिंग कंप्यूटिंग, सिस्टम्स साफ्टवेयर

थ्रस्ट एरिया और संदर्श योजनाएं

कंप्यूटर ग्राफिक्स, डाटाबेसिस, डाटा माइनिंग, नालेज इंजीनियरिंग, मोबाइल नेटवर्कस, माडलिंग ऐंड सिम्युलेशन, नेचुरल लैंग्यूवेज प्रोसेसिंग, आप्टिमाइजेशन थीअरि

सहयोगात्मक प्रबन्ध

1. कर्मेषु, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कलकत्ता के प्रो. निखिल पाल के साथ बायोइनफार्मेटिक्स के क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं।
2. कर्मेषु, जनरल मोटर्स, बंगलौर के डा. रविकुमार, मैनेजर (अनुसंधान एवं विकास) के साथ मोबाइल कम्युनिकेशन ऐंड स्टोकेस्टिक कंट्रोल के क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं।
3. डी.के. लोबियाल, सूचना प्रौद्योगिकी और इंजीनियरी संस्थान, ओटावा विश्वविद्यालय, कनाडा के प्रो. इवान स्टोजमेनोविक के साथ मोबाइल एडहाक नेटवर्क के क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं।

प्रकाशन

पुस्तकें

1. कर्मेषु, एन्ट्रोपी मेजर्स, मैक्सिमम एन्ट्रोपी प्रिंसिपल ऐंड इमर्जिंग ऐप्लिकेशंस, भाग–119, स्टडीज इन फ्युजनेस ऐंड साफ्ट कंप्यूटिंग, स्प्रिंगर, 2003

पुस्तकों में प्रकाशित अध्याय

1. कर्मेषु (एन.आर. पाल के साथ) "अनसर्टेनिटी, ऐन्ट्रोपी ऐंड मैक्सिमम ऐन्ट्रोपी प्रिंसिपल – एन ओवरव्यू," ऐन्ट्रोपी मेजर्स, मैक्सिमम ऐन्ट्रपी प्रिंसिपल ऐंड इमर्जिंग ऐप्लिकेशंस, भाग–119 स्टडीज इन फ्युजीनेस ऐंड साफ्ट कंप्यूटिंग, स्प्रिंगर, 2003

आलेख

1. सी.पी. कट्टी, डी.के. श्रीवास्तव और एस. सिवलोगानाथन, "हाइली इफिशन्ट पैरलल एल्गोरिथम फार फाइनाइट डिफ्रेंस साल्युशन टु नेवियर–स्टोक'स इक्वेशन आन ए हाइपरक्यूब", एप्लाइड मैथ ऐंड कंप 130 (2002)
2. सी.पी. कट्टी, डी.के. श्रीवास्तव, "आन ए पैरलल मेस एल्गोरिथम फार ए क्लास आफ इनिशियल वैल्यूज प्राब्लम यूजिंग फोर्थ आर्डर एक्सप्लिसिट रूंगे कुट्टा मेथड्स", एप्लाइड मैथ ऐंड कम्प 143, 2003
3. कर्मेषु, आर.सी. प्रसाद और के.के. भारद्वाज, "स्टोकेस्टिक माडलिंग आफ हीट एक्सचेंजर रिस्पांस टु डाटा अनसर्टेनटीज", एप्लाइड मैथमेटिकल माडलिंग, 26, 2002
4. पी.सी. सक्सेना, जे. राय, "ए सर्वे आफ पर्मीशन–बेस्ड डिस्ट्रीब्युटिड म्युचुअल इक्सक्लुजन एल्गोरिथम", कंप्यूटर स्टेंडर्डस ऐंड इंटरफेस, भाग–25, 2003
5. पी.सी. सक्सेना, जी. गोबरानी, "ए ह्युरिस्टिक अप्रोच टु रिसोर्स लोकेशन आन ब्राड बैन्ड नेटवर्क", नेटवर्क ऐंड कंप्यूटर एप्लिकेशंस, भाग–25, 2002
6. पी.सी. सक्सेना, इन्दर अरोड़ा, "एक्सिस हैंडलिंग द अपडेट्स आफ ब्राडकास्ट आफ डाटा इन वायरलैस मोबाइल कंप्यूटिंग", कंप्यूटर स्टेंडर्डस ऐंड इंटरफेस, भाग–24, 2002
7. एन. परिमाला, "एक्सप्लिसिट आपरेशन स्पेसिफिकेशन फार कम्पोनेंट डाटाबेस", द कम्प. जे (ब्रिटिश कंप्यूटिंग सोसायटी), 2002
8. एन. परिमाला, टी.वी. विजयकुमार, "स्ट्रक्चर इंडिपेंडेंट क्वेरी लैंग्यूवेज, एफ क्यु ए एस – फ्लेक्जिबल क्वेरी आंसरिंग सिस्टम्स", इंटरनेशनल कांफ्रेन्स कोपेनहेगन, 2002

चल रही शोध परियोजनाएं (प्रायोजित)

1. जी.वी. सिंह और डी.के. लोबियाल, रिसोर्स सेंटर फार इण्डियन लैंग्वेज टेक्नोलाजी साल्युशंस, एम आई टी द्वारा प्रायोजित
2. जी.वी. सिंह और डी.के. लोबियाल, पोजिशन बेस्ड पावर इफिशन्ट डाटा कम्यूनिकेशन इन वायरलैस नेटवर्क, ए.आई.सी.टी.ई., द्वारा प्रायोजित

शिक्षकों की सम्मेलनों में प्रतिभागिता (भारत में)

1. कर्मेषु ने 24 अप्रैल, 2002 को आई.आई.टी. दिल्ली में आयोजित, ट्रान्सपोर्टेशन, विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया तथा 'स्टोकेस्टिक माडल्स आफ विहिकुलर ट्रेफिक ऐंड देअर रिलेवेन्स टु टेलीट्रेफिक' विषयक अध्यक्षीय व्याख्यान दिया।
2. कर्मेषु ने 10 अगस्त 2002 को गुरु जम्बेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार में आयोजित 'इमर्जिंग डाइमेंशंस इन आई टी' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा 'बी एस डी एन ट्रेफिक ऐंड स्टोकेस्टिक आफर्ड लोड इन मोबाइल कम्यूनिकेशन : परफार्मेन्स माडलिंग इश्यूज' विषयक अध्यक्षीय व्याख्यान दिया।
3. कर्मेषु ने 6 मार्च, 2003 को सामाजिक विज्ञान संकाय, अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा आयोजित करंट ट्रेंड्स इन एप्लीकेशन आफ इनफार्मेशन टेक्नोलाजी : बायोइनफार्मेटिक्स ऐंड एक्ट्युरिअल साइंस' विषयक आई.टी. संगोष्ठी में भाग लिया।

शिक्षकों के व्याख्यान (जेएनयू से बाहर)

1. कर्मेषु ने 8 अगस्त, 2002 को इंस्टीट्यूट आफ मास कम्यूनिकेशन, नई दिल्ली में 'इनोवेशन डिफ्यूजन ऐंड इट्स ऐप्लिकेशंस इन आई.टी' विषयक अनुशीलन व्याख्यान दिए।
2. कर्मेषु ने 7 नवम्बर, 2002 को कंप्यूटर विज्ञान विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली में 'अनसर्टेनिटी, एन्ट्रोपी ऐंड मैक्सिमम एन्ट्रोपी प्रिंसिपल', विषयक विस्तार व्याख्यान दिए।
3. कर्मेषु ने 9 दिसम्बर, 2002 को कालिन्दी कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में गणित दिवस के अवसर पर 'मोन्टे कार्लो मेथड्स, कंसेप्ट्स एल्गोरिथम्स ऐंड एप्लिकेशंस' विषयक व्याख्यान दिया।
4. कर्मेषु ने 16 जनवरी, 2003 को सोसायटी आफ मैथमेटिकल साइंसिस रामजस कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में 'एसेन्स आफ एप्लाइड मैथमेटिक्स' विषयक व्याख्यान दिया।
5. कर्मेषु ने 23 जनवरी, 2003 को सोसायटी आफ मैथमेटिक्स, हंसराज कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में 'माडलिंग ऐंड सिम्युलेशन आफ डिफ्युजन आफ इनोवेशन' विषयक व्याख्यान दिया।

6. कर्मेषु ने 3 फरवरी, 2003 को गुरु जम्बेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार में 'कंप्यूटर एप्लिकेशंस' विषयक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में आई.टी. ऐंड इमर्जिंग ट्रेन्ड्स' विषयक मुख्य व्याख्यान दिया।

7. कर्मेषु ने 13 अप्रैल, 2002 को दिल्ली चैप्टर आफ मैथमेटिकल एसोसिएशन आफ इण्डिया में 'ट्रेफिक करेक्ट्राइजेशन फार बिस्डन ऐंड पर्फार्मेंस इवैल्युएशन आफ मोबाइल कम्यूनिकेशन सिस्टम्स' विषयक डी.एस. कोठारी स्मारक व्याख्यान दिया।

8. डी.के. लोबियाल ने दिसम्बर, 2002 में यूनिवर्सिटी पालिटेक्नीक, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में 'टीसीपी/आईपी' विषयक व्याख्यान दिया।

9. डी.के. लोबियाल ने फरवरी, 2003 में आई.पी. कालेज फार वुमन, यूनिवर्सिटी आफ दिल्ली की आई.टी. वार्षिक बैठक में 'कैरियर प्रास्पेक्ट्स इन आई.टी.' विषयक व्याख्यान दिया।

10. डी.के. लोबियाल ने मार्च 2003 में गुरु गोविन्द सिंह कालेज आफ कामर्स, नई दिल्ली में 'कंप्यूटर नेटवर्क्स' विषयक व्याख्यान दिया।

संस्थान में आए अतिथि

1. डा. संजीव शंकर दुबे, सीईओ, भीलवाड़ा इन्फोटेक, फरवरी, 2003 में केन्द्र में आए।
2. डा. सूर्यानील घोष, उपाध्यक्ष, कंटिनेंटल यूरो, मार्च 2003 में केन्द्र में आए।

मण्डलों/समितियों की सदस्यता

कर्मेषु, अध्यक्ष, डोएक समिति (संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय), 'इंट्रोडक्शन आफ बायोइन्फार्मेटिक्स कोर्सिस अंडर डोएक स्कीम' नवम्बर, 2002; सदस्य, स्थाई पाठ्यक्रम समिति, कंप्यूटर विज्ञान, डोएक सोसायटी; सदस्य, सम्पादकीय मण्डल, वैज्ञानिक तथा औद्योगिकी अनुसंधान परिषद की पत्रिका; सदस्य, फैकल्टी आफ इंटर–डिसिप्लिनरी ऐंड एप्लाइड साइंसिस, साउथ कैम्पस, यूनिवर्सिटी आफ दिल्ली; सचिव, सोसायटी आफ मैथमेटिकल साइंसिस, दिल्ली; सदस्य, काउंसिल, इण्डियन सोसायटी आफ इन्फार्मेशन थीअरि ऐंड एप्लिकेशंस, नई दिल्ली; सदस्य, अवार्ड फार एक्सिलेन्स इन इलैक्ट्रानिक्स, डिपार्टमेंट आफ इन्फार्मेशन टेक्नोलाजी, इलैक्ट्रानिक्स निकेतन,नई दिल्ली; सदस्य, शासी निकाय, अंसल प्रौद्योगिकी संस्थान, गुड़गांव; सदस्य, शासी निकाय, सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबन्धन संस्थान, नई दिल्ली।

पी.सी. सक्सेना, सह सम्पादक, जर्नल आफ कंप्यूटर स्टेंडर्डस ऐंड इंटरफेसिस ऐल्सवियर; सदस्य, शोध अध्ययन मण्डल, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र; सदस्य, शोध अध्ययन मण्डल, जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।

छात्रों की उपलब्धियां

1. एम.सी.ए. और एम.टेक. छात्रों को निम्नलिखित अग्रणी साफ्टवेयर कंपनियो में नौकरियां मिलीं :

कम्पनी का नाम	छात्रों की संख्या
1. आईबी.एम.	12
2. इन्फोसिस	01
3. एसेन्चर	02
4. कैडेन्स	02
5. जी.ई कैप्स	02
6. महिन्द्रा ब्रिटिश टेलीकाम	01
7. टेक्सपैन	01
8. ग्रेपिसिटी	01
9. डी.आर.डी.ओ.	01
10. क्रिस्प	01
11. नगारो साफ्टवेयर लिमिटेड	04
योग	28

अन्य सूचनाएं

1. एस. मिन्ज, सदस्य, शासी निकाय, भारतीय सामाजिक संस्थान, नई दिल्ली;
2. चयनित संकाय सदस्य, जी.एस. कैश, जेएनयू

3. पर्यावरण विज्ञान संस्थान

क्लब ने 24 अगस्त, 2002 को 'कार्टून रचना प्रतियोगिता का आयोजन किया। 'कार्पस निधि' का उपयोग करते हुए विश्वविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

1. उड़ीसा सांस्कृतिक परिषद्, जेएनयू ने उत्कल दिवस के अवसर सांस्कृतिक गतिविधियों (संगीत, नृत्य और नाटक) का आयोजन किया।
2. एस.एफ.एच. ने 28 सितम्बर, 2002 को 'मधुरिना' विषयक अखिल भारतीय लोक संगीत एवं नृत्य महोत्सव का आयोजन किया।
3. एस.एफ.एच. ने 18 अक्टूबर, 2002 को छठे अन्तर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया।
4. एस.एफ.एच. ने 4 नवम्बर, 2002 को छठे अन्तर्राष्ट्रीय खाद्य समारोह का आयोजन किया। इसमें 20 देशों से छात्रों ने भाग लिया।
5. जर्मन अध्ययन केन्द्र द्वारा 23 और 24 जनवरी, 2003 को 'इंडियन ऐंड वेस्टर्न, क्लासीकल म्यूजिक' विषयक कार्यशाला/संगोष्ठी आयोजित की।
6. एस.एफ.एच. द्वारा 30 जनवरी, 2003 को महात्मा गाँधी की पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।
7. पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय, संस्कृति विभाग, भारत सरकार द्वारा गणतन्त्र दिवस पर विश्वविद्यालय में लोक नृत्य समारोह–2003 का आयोजन किया गया।
8. अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान द्वारा 10 फरवरी से 17 फरवरी, 2003 तक एक सांस्कृतिक और खेल समारोह 'सम्मिट' 2003 का आयोजन किया गया।
9. एफ.एस.ए. द्वारा 2 नवम्बर, 2002 को आगरा भ्रमण का आयोजन किया गया।
10. जर्मन केन्द्र के छात्रों द्वारा मार्च, 2003 में 'डाइ फिजिकर' विषयक नाटक का आयोजन किया गया।

अध्याय–7

कमजोर वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं

भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय ने 'अ.जा./अ.ज.जा. प्रकोष्ठ' नाम से एक विशेष प्रकोष्ठ की स्थापना की है। इस प्रकोष्ठ की स्थापना मार्च, 1984 में हुई थी। यह प्रकोष्ठ मार्गदर्शी सिद्धांतों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए निगरानी रखता है, मूल्यांकन करता है और इसके अतिरिक्त, भारत सरकार द्वारा जारी उद्देश्यों और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उपाय सुझाता है।

विश्वविद्यालय में अ.जा./अ.ज.जा. के लिए ग्रुप–'सी' और 'डी' पदों पर भर्ती में आरक्षण की शुरूआत 1975 में और ग्रुप–'ए' और 'बी' पदों में 1978 में हुई थी। विश्वविद्यालय ने अ.पि.जा. के लिए भी गैर शैक्षणिक पदों में आरक्षण नीति का कार्यान्वयन शुरू किया है। ग्रुप–सी और डी पदों में आरक्षण की शुरूआत 8.9.1993 से और ग्रुप–ए और बी पदों में 2.7.1997 से हुई थी। अ.जा./अ.ज.जा. और शारीरिक रूप से विकलांग के लिए आरक्षण केवल सहायक प्रोफेसर स्तर तक लागू है। शैक्षणिक पदों में अ.पि.वर्ग. को सहायक प्रोफेसर स्तर तक आरक्षण की शुरूआत वि.अ.आ./मा.सं.वि. मंत्रालय द्वारा अंतिम निर्णय लेने के बाद की जाएगी।

भारत सरकार की नीति के अनुसार अ.जा./अ.ज.जा. के लिए मकानों के आवंटन में भी आरक्षण का प्रावधान है। टाइप–I और II के मकानों में 10% मकान अ.जा./अ.ज.जा. के लिए आरक्षित हैं तथा टाइप–III और IV में 5% मकान। टाइप–V और VI के मकानों में अ.जा./अ.ज.जा. को कोई आरक्षण उपलब्ध नहीं है।

प्रत्येक अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु 22.5% सीट आरक्षित हैं। इनमें 15% सीट अ.जा. के लिए और 7.5% सीट अ.ज.जा. के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीदवार अर्हक परीक्षा में प्राप्त अंकों की प्रतिशतता को ध्यान में रखे बिना ही विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में बैठने के पात्र हैं। जे.ने.वि. शैक्षणिक सत्र–2002–2003 में विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में 23.27% अ.जा./अ.ज.जा. के छात्रों ने प्रवेश लिया।

छात्रावासों में भी 15% सीट अ.जा. और 7.5% सीट अ.ज.जा. के छात्रों के लिए आरक्षित हैं। यदि किसी एक वर्ग के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होते हैं तो अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीदवारों में दूसरे वर्ग के उपलब्ध उम्मीदवारों को वह सीट दे दी जाती है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय प्रायोजित कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय ने 100–100 कमरों के छात्रावास अ.जा. की छात्राओं और अ.जा. के छात्रों के लिए बनाए हैं। इससे अ.जा. की सभी छात्राओं और छात्रों को छात्रावास सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

विश्वविद्यालय ने प्रत्येक संस्थान/केन्द्र में अ.जा./अ.ज.जा. सहित समाज के कमजोर वर्गों से आने वाले छात्रों की प्रारंभिक स्कूली शिक्षा की कमी को पूरा करने के लिए अंग्रेजी और कोर कोर्सों में विशेष उपचारात्मक कोर्स चलाना जारी रखा है। प्रत्येक संस्थान/केन्द्र के समन्वयक इस प्रकार के छात्रों का पता लगाते हैं जिन्हें विशेष उपचारात्मक सहायता की जरूरत होती है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विश्वविद्याल ने जेएनयू के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश–परीक्षा में बैठने वाले अ.जा./अ.ज.जा. और समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों के लिए प्रवेश परीक्षा की तैयारी में सहायता करने हेतु एक विशेष योजना शुरू की है। इस योजना के अन्तर्गत अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीदवारों को जेएनयू की प्रवेश परीक्षा हेतु वित्तीय सहायता सहित मार्गदर्शन, सूचना और सहायता उपलब्ध कराने हेतु एक केन्द्र की स्थापना की गई है। इसके लिए एक शिक्षक सलाहकार भी नियुक्त किया गया है। इस दिशा में विश्वविद्यालय ने अपने निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप कमजोर वर्गों के छात्रों को प्रवेश देने संबंधी अपनी वचनबद्धता लगभग पूरी की है।

समान अवसर कार्यालय

विश्वविद्यालय ने 'समान अवसर कार्यालय' नामक एक कार्यालय की स्थापना की है। इस प्रकार का कार्यालय भारतीय विश्वविद्यालयों में शायद पहला है। इस कार्यालय के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :

– अ.जा./अ.ज.जा./शारीरिक रूप से विकलांग छात्रों के स्नातक, स्नातकोत्तर, एम.फिल./पी–एच.डी. स्तर पर उनके शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए उपचारात्मक कोर्सों सहित उपयुक्त कार्यक्रम/योजनाएं तैयार करना और इन कार्यक्रमों/योजनाओं के कार्यान्वयन पर निगरानी रखना;

- विश्वविद्यालय में दलित छात्रों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय और अन्य शैक्षणिक सामग्री हेतु सरकार और अन्य वित्तीय एजेंसियों के साथ सम्पर्क स्थापित करना;
- शैक्षणिक, वित्तीय और अन्य मामलों में जानकारी प्रदान करना और एक सलाह केन्द्र के रूप में कार्य करना;
- विभिन्न सामाजिक पृष्ठभूमियों से आने वाले छात्रों के बीच स्वस्थ और अन्तर्वैयक्तिक संबंध बढ़ाने हेतु अनुकूल सामाजिक वातावरण तैयार करना;
- शैक्षणिक क्रियाकलापों हेतु शिक्षकों और दलित छात्रों के बीच सहायक अर्न्वैयक्तिक संबंध विकसित करने में सहायता करना;
- यदि कोई भेदभाव की समस्या आती है तो उसको देखना और दलित छात्रों की सहायता करना।

उपचारात्मक शिक्षण : कार्यालय ने समीक्षाधीन सत्र में उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था की। यह उपचारात्मक शिक्षण अंग्रेजी और कोर विषयों में अलग–अलग दिया गया। कार्यालय ने प्रत्येक केन्द्र और संस्थान से एक समन्वयक नामित करने का अनुरोध किया है। समन्वयक इस प्रकार के छात्रों की पहचान करेंगे जिन्हें उपचारात्मक सहायता की आवश्यकता है और उनके लिए व्यक्तिगत उपचारात्मक सहायता के माध्यम से अतिरिक्त शैक्षणिक सहायता की व्यवस्था करेंगे। इस योजना में शिक्षण सहायता के अन्तर्गत टी.वी., बी.सी.आर., कंप्यूटर, फोटोकापी मशीन और रिकार्डर उपलब्ध कराना भी शामिल है।

इस कार्यालय ने 'जरूरतमंद व्यक्तियों (विकलांग) के लिए उच्च शिक्षा विषयक वि.अ.आ. द्वारा प्रायोजित परियोजना का कार्य भी अपने हाथ में लिया है। इस परियोजना के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :

- उच्च शिक्षा से जुड़े अधिकारियों को विकलांग लोगों की विशेष शैक्षणिक जरूरतों के बारे में अवगत कराना;
- विकलांग व्यक्तियों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए संस्थान में सुविधाएं विकसित करना,
- विकलांग लोगों की उच्च शिक्षा में सततता बनाए रखने में सहायता करना;
- विकलांग स्नातकों के लिए उपयुक्त नौकरियों की तलाश करना।

ढलानदार रास्तों का निर्माण – वि.वि. परिसर में विकलांग लोग आसानी से आ–जा सके इसके लिए विश्वविद्यालय ने अपने भवनों में 20 ढलानदार रास्तों का निर्माण किया है। विश्वविद्यालय ने कुछ और ढलानदार रास्ते बनाने की योजना बनाई है ताकि विकलांग लोग परिसर में कहीं भी आसानी से आ–जा सके।

गैर–शैक्षणिक पदों में अ.जा./अ.ज.जा. और शा.वि. का प्रतिनिधित्व (31.3.2003 के अनुसार)

ग्रुप	कुल पद	अ.जा.	अ.ज.जा.	शा.वि.	अ.पि.वर्ग.
ए	65	14	01	–	01
बी	175	21	03	01	–
सी	503	87	12	01	–
डी	441	116	14	04	14
सफाई कर्मचारी	123	123	–	–	–

शैक्षणिक पदों में अ.जा./अ.ज.जा. और शा.वि. का प्रतिनिधित्व (31.3.2003 के अनुसार)

	कुल पद	अ.जा.	अ.ज.जा.	शा.वि.
प्रोफेसर	194	04	01	
सह प्रोफेसर	120	02	02	
सहायक प्रोफेसर	73	10	03	02

अध्याय–8

विश्वविद्यालय प्रशासन

विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राधिकरण जे.एन.यू. कोर्ट की बैठक 5 फरवरी, 2003 को कुलाधिपति डॉ. करण सिंह की अध्यक्षता में हुई। उसमें विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर रिपोर्ट और विश्वविद्यालय का वर्ष 2002–2003 का लेखा परीक्षित प्राप्ति व व्यय का विवरण तथा तुलन पत्र प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय का योजनेत्तर अनुरक्षण बजट भी प्रस्तुत किया गया।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् की 3 बैठकें हुईं। ये बैठकें 3.6.2002, 25.7.2002 और 22.1.2003 को हुईं। इसकी बैठकों में कार्यसूची की अनेक मदों पर विचार–विमर्श किया गया और प्रशासनिक मामलों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

विद्या परिषद की बैठकें 11.9.2002 और 8.1.2003 को हुईं। इसमें कार्य परिषद के समक्ष पेश की जाने वाली मदों सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वित्त समिति की 17.2.2003 को बैठकें हुईं। इसमें वर्ष 2002–2003 के संशोधित अनुमानों और वर्ष 2003–2004 के विश्वविद्यालय के बजट अनुमानों को अनुमोदित किया गया और कुछ महत्वपूर्ण वित्तीय मामलों पर निर्णय लिए गए।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ की नियुक्तियों के लिए चयन समितियों की कई बैठकें आयोजित हुई। समीक्षाधीन अवधि के दौरान 07 शिक्षक नियुक्त हुए। इनमें 01 प्रोफेसर, 02 सह–प्रोफेसर और 04 सहायक प्रोफेसर शामिल हैं।

41 शिक्षकों को आवधिक/असाधारण अवकाश/अध्ययन अवकाश मंजूर किया गया या उनके अवकाश में वृद्धि की गई। शिक्षकों ने अपना शोध कार्य पूरा करने/अन्य संस्थानों में नियुक्तियाँ/अध्येतावृत्तियाँ प्राप्त करने जैसे प्रयोजनों के लिए अवकाश लिया था। समीक्षाधीन अवधि के दौरान 03 शिक्षकों को पुनः नियुक्त किया गया या उनकी पुनः नियुक्ति की अवधि में वृद्धि की गई।

इस अवधि के दौरान, कुल 11 शिक्षक विश्वविद्यालय की सेवा से सेवा–निवृत्त हुए।

सम्पदा शाखा

समीक्षाधीन अवधि के दौरान मकान आबंटन समिति की 06 और परिसर विकास समिति की 10 बैठकें हुईं।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान नए मकान नहीं बनाए गए तथा मकान आबंटन समिति द्वारा खाली पड़े कई मकान शिक्षकों और अन्य स्टाफ सदस्यों को आबंटित किए गए।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान सम्पदा शाखा द्वारा निम्नलिखित भवनों/शोध छात्र छात्रावास का कब्जा लिया गया :

1. विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र
2. कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान
3. शोध छात्र छात्रावास (18 कमरे)

समीक्षाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित कैंटीन/दूकानें नए उम्मीदवारों को आबंटित की गई :

1. सामाजिक विज्ञान संस्थान–II भवन कैंटीन
2. भौतिक विज्ञान संस्थान भवन कैंटीन
3. दूकान नं. 14/15 शॉपिंग कंप्लेक्स
4. दूकान नं. 2, शॉपिंग कंप्लेक्स, पूर्वांचल

जन सम्पर्क कार्यालय

विश्वविद्यालय के जन–सम्पर्क कार्यालय ने विभिन्न गतिविधियों से संबंधित अनेक प्रेस विज्ञप्तियाँ जारी कीं। समाचारों में जे.एन.यू. से संबंधित प्रकाशित रिपोर्ट और शिकायतों से संबंधित प्रेस कतरने प्रशासन की जानकारी हेतु भेजीं तथा आवश्यकतानुसार उचित स्पष्टीकरण/उत्तर–प्रत्युत्तर जारी किए। जन–सम्पर्क कार्यालय ने जन–साधारण को शैक्षिक तथा प्रशासनिक मामलों से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी तथा विश्वविद्यालय में आए महत्वपूर्ण अतिथियों तथा शिष्ट मण्डलों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी के लिए लिखित रूप से पूछताछ करने वालों को भी उत्तर भेजे।

जन–सम्पर्क अधिकारी ने विश्वविद्यालय की द्विमाषिक पत्रिका 'जे.एन.यू. न्यूज' का प्रकाशन भी जारी रखा। इन्होंने इसका सम्पादन और प्रकाशन विश्वविद्यालय की ओर से किया। यह पत्रिका सूचनाओं की कमी को पूरा करती है तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न घटकों एवं शेष शैक्षिक विश्व समुदाय के मध्य सीधा संवाद स्थापित करती है। जन–सम्पर्क अधिकारी कार्यालय द्वारा विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट को भी हिन्दी और अंग्रेजी में तैयार करके प्रकाशित किया गया।

अतिथि गृह

जे.एन.यू. के तीन अतिथि गृहों – अरावली, अरावली इंटरनेशनल और गोमती में समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 4200 से अधिक अतिथियों को कमरे उपलब्ध कराए गए। इन अतिथियों में शोध सामग्री या अन्य शैक्षिक उद्देश्यों के लिए देश–विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों/शिक्षा संस्थानों से दिल्ली आए शिक्षक तथा शोध छात्र शामिल हैं। विश्वविद्यालय के सरकारी अतिथियों, शिक्षकों तथा स्टाफ के अतिथियों, छात्रों के माता–पिताओं और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अतिथियों को भी अल्पकालिक अवधि के लिए आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी।

हिन्दी एकक

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान हिंदी एकक ने विश्वविद्यालय के लिपिक वर्गीय विभिन्न श्रेणियों के कर्मियों को हिंदी में नोटिंग–ड्राफ्टिंग का प्रशिक्षण देने के लिए 5–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। केंद्रीय हिंदी संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित यह कार्यशाला 2 से 6 सितम्बर, 2002 तक चली। इसमें 10 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों के लिए एक लिखित परीक्षा आयोजित की गई। हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गोपाल कृष्ण चड्ढा ने परीक्षा में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र दिए गए।

विश्वविद्यालय के अधिकारी वर्ग के लिए भी इसी तरह की एक कार्यशाला आयोजित की गई, ताकि वे अपने अधीनस्थ कार्य करने वाले कर्मियों का हिंदी में कार्य करने के लिए मार्गदर्शन कर सकें। इसमें चार अधिकारियों ने भाग लिया। कुलपति महोदय ने अधिकारियों को भी नकद पुरस्कार तथा प्रमाण–पत्र प्रदान किए।

एकक ने 17 सितम्बर, 2002 को हिंदी दिवस का आयोजन किया। इसमें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. करण सिंह मुख्य अतिथि थे। हिंदी के प्रसिद्ध आलोचक प्रो. नामवर सिंह ने इस समारोह की अध्यक्षता की। कुलपति, प्रो. गोपाल कृष्ण चड्ढा, कुलदेशिक – प्रो. राजीव कृष्ण सक्सेना, प्रो. केदारनाथ सिंह और प्रो. गंगा प्रसाद विमल ने प्रतिभागियों को सम्बोधित किया।

यूनिट ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान, वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक लेखे, लेखा–परीक्षा रिपोर्ट, प्रवेश सूचनाओं, भर्ती के लिए विज्ञापनों, अधिसूचनाओं/परिपत्रों, प्रेस विज्ञप्तियों आदि से संबंधित अनुवाद का कार्य भी किया।

मुख्य कुलानुशासक कार्यालय

विश्वविद्यालय के छात्रों में अनुशासन बनाए रखने से संबंधित विश्वविद्यालय के परिनियम–32 में उल्लेख है कि छात्रों से संबंधित अनुशासन और अनुशासनिक कार्रवाई संबंधी शक्तियाँ कुलपति में निहित होंगी। परिनियम–10 (3) (क) में उल्लिखित है कि कार्यपरिषद् द्वारा मुख्य कुलानुशासक की नियुक्त की जाएगी।

विश्वविद्यालय में मुख्य कुलानुशासक कार्यालय की स्थापना वर्ष 1986 में हुई थी। इस समय एक मुख्य कुलानुशासक और दो कुलानुशासक (इनमें से एक महिला कुलानुशासक है) हैं। यह कार्यालय विश्वविद्यालय के छात्रों में अनुशासन बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। यह कार्यालय परिसर में शांति और सौहार्द्र बनाए रखने का कार्य करता है तथा यह दण्डात्मक उपायों की बजाय सुधारात्मक उपायों में अधिक विश्वास रखता है। फिर भी, अनुशासनात्मक नियमों का उल्लंघन करने वाले छात्रों के विरुद्ध उचित अनुशासनिक कार्रवाई की जाती है।

अध्याय–9
विश्वविद्यालय वित्त

I. लेखा और लेखा–परीक्षा पद्धति

विश्वविद्यालय के लेखे पांच भागों में रखे जाते हैं :

1. अनुरक्षण (योजनेतर) खाता : यह खाता विश्वविद्यालय के राजस्व, प्राप्तियों और अनुरक्षण खर्च से सम्बन्धित है।
2. विकास (योजना) खाता : इस खाते में विश्वविद्यालय के विकास से संबंधित लेन–देन का खाता रखा जाता है, जिसकी पूर्ति पंच–वर्षीय योजना के आबंटन से की जाती है।
3. उद्दिष्ट (विशेष) निधि खाता : इस खाते में विभिन्न केन्द्रीय सरकार के विभागों, यू.जी.सी., आई.सी.एस.एस.आर., सी.एस.आई.आर. आदि द्वारा वित्त–पोषित विशेष शोध परियोजनाओं, सम्मेलनों और अन्य प्रयोजनों आदि से संबंधित लेखा जोखा रखा जाता है।
4. ऋण, जमा आदि खाता : इस खाते में भविष्य निधि और अन्य जमाओं से संबंधित प्राप्तियों और अदायगियों का हिसाब रखा जाता है।
5. अध्येतावृत्ति खाता : इस खाते में "एट एनी वन गिविन टाइम बेसिस" योजना के अन्तर्गत शोध अध्येतावृत्तियों से संबंधित प्राप्तियों और अदायगियों का लेखा–जोखा रखा जाता है।

विश्वविद्यालय का वित्तीय वर्ष भारत सरकार के अनुरूप यानी 1 अप्रैल से अगले वर्ष की 31 मार्च तक होता है। विश्वविद्यालय के लेखों की वार्षिक लेखा–परीक्षा भारत के नियन्त्रक और महालेखा–परीक्षक की ओर से लेखा–परीक्षा निदेशक, केन्द्रीय राजस्व द्वारा की जाती है। भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय के परीक्षित लेखे अगले वर्ष की 31 दिसम्बर तक सदन के पटल पर रखे जाने अपेक्षित होते हैं। विश्वविद्यालय के वर्ष 2001–2002 के परीक्षित लेखे (हिन्दी और अंग्रेजी में) संसद के पटल पर रखने के लिए पहले ही मानव संसाधन विकास मन्त्रालय को 22 जुलाई 2003 को भेज दिए गए।

II. बजट

विश्वविद्यालय के वर्ष 2003–2004 के बजट आकलन और 2002–2003 के संशोधित आकलन 17 फरवरी, 2003 को वित्त समिति द्वारा अनुमोदित किए गए थे।

वर्ष 2002–2003 के संक्षिप्त बजट आकलन, संशोधित आकलन और प्राप्ति तथा व्यय के वास्तविक आंकड़े तालिका- 1 और 2 में दिए गए हैं :

तालिका–1 (प्राप्तियाँ)

लेखा शीर्ष	बजट आकलन 2002–2003	संशोधित आकलन 2002–2003	वास्तविक 2002–2003
	(रू. लाखों में)		
1. अनुरक्षण (योजनेतर) खाता			
i) भाग–1 (क)	6373.35	7018.83*	6535.69
ii) भाग–1 (ख)	138.04	104.43*	
2. विकास (योजना) खाता	242.16	520.12	975.00
3. उद्दिष्ट (विशेष) निधि खाता	983.87	1083.39	1797.86
4. ऋण, जमा आदि खाता	2225.70	2281.70	3398.08
5. अध्येतावृत्ति खाता	499.39	499.39	415.67

तालिका–2 (व्यय)

लेखा शीर्ष	बजट आकलन 2002–2003	संशोधित आकलन 2002–2003	वास्तविक 2002–2003
		(रूपये लाखों में)	
1. अनुरक्षण (योजनेतर) खाता			
i) भाग–1 (क)	6373.35	7018.93	5987.87
ii) भाग–1 (ख)	138.04	104.43	
2. विकास (योजना) खाता	242.16	520.12	854.65
3. उद्दिष्ट (विशेष) निधि खाता	767.35	907.00	1363.49
4. ऋण, जमा आदि खाता	2126.36	2330.41	3436.41
5. अध्येतावृत्ति खाता	499.39	499.39	286.58

- 17.2.2003 को हुई अपनी बैठक में वित्त समिति ने वर्ष 2002–2003 के लिए संशोधित आकलन योजनेतर के लिए 7018.83 लाख और प्लान स्किम मिलाने के कारण 104.43 रूपये अनुमोदित किए।

II. भाग–I–क अनुरक्षण (योजनेतर) व्यय/बजट/संशोधित आकलन/वास्तविक वर्ष 2002–2003 के लिए अनुरक्षण, व्यय और बजट का संक्षिप्त विवरण :

वास्तविक 2001–2002	लेखा शीर्ष	बजट आकलन 2002–2003	संशोधित आकलन 2002–2003	वास्तविक 2002–2003
		(रूपये लाखों में)		
433.36	प्रशासन	523.69	564.38	460.40
844.05	सामान्य सेवाएं और सामान्य प्रभार	1013.10	1130.75	923.75
1612.76	शैक्षिक कार्यक्रम	2289.13	1942.18	1884.03
12.75	परीक्षाएं	20.90	23.30	14.66
349.15	पुस्तकालय	414.31	414.03	357.55
79.63	छात्र सुविधाएं	100.54	95.76	90.81
25.56	छात्रवृत्तियाँ	34.00	30.00	30.32
196.37	छात्रों के छात्रावास	226.36	223.03	231.21
7.97	प्रकाशन	20.02	17.81	13.91
648.81	अन्य विभाग	705.88	831.89	704.85
283.72	विविध	294.53	319.26	359.54
652.30	भविष्य निधि और पेंशन	730.89	730.89	728.23
133.17	गैर शिक्षण स्टाफ को पांचवे वेतन आयोग के एरियर का भुगतान	615.55		188.61
*	मंहगाई भत्ते की घोषणा	–	80.00	*
5279.60	**कुल**	**6373.35**	**7018.83**	**5987.87**

* वर्ष 2001–2002 और 2002–2003 के वास्तविक सम्बन्धित लेखा–शीर्ष में शामिल हैं।

III. विकास (योजना) व्यय

वर्ष 2002–2003 के विकास खर्च की मुख्य मदें नीचे दी गई हैं :

			(रूपये लाखों में)
(क)	राजस्व (आवर्ती व्यय)		260.73
(ख)	विश्वविद्यालय कैम्पस का निर्माण –		
	1) संस्थान भवन	71.64	
	2) आवासीय भवन	120.19	
	3) विविध भवन	2.85	
	4) बाह्य सेवाएँ	1.74	196.42
(ग)	अन्य पूंजीगत व्यय		
	1) उपकरण	288.19	
	2) पुस्तकालय पुस्तकें और पत्रिकाएं	109.11	
	3) फर्नीचर	0.20	397.50
	कुल व्यय		854.65

परियोजनाएं

विभिन्न भारतीय और विदेशी एजेंसियों द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्राप्तियां और अदायगियां (2002- 2003)

	वित्त–पोषक एजेंसी का नाम	परियोजनाओं की संख्या	प्राप्तियाँ	व्यय (रूपयों में)
1	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग	19	1,309,272.00	2,535,212.00
2	अनिर्धारित अनुदान, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग	09	1,083,406.00	206,643.50
3	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग	51	34,206,350.00	25,697,280.05
4	जैव–प्रौद्योगिकी विभाग	33	19,237,548.00	9,966,513.80
5	हिन्दुस्तान लीवर लि.	01		11,024.00
6	भारतीय पुनर्वास परिषद्	01	35,000.00	35,000.00
7	महासागर विकास विभाग	01		15,285.00
8	सांख्यिकी और कार्यक्रम मंत्रालय	01	197,900.00	243,291.00
9	परमाणु ऊर्जा विभाग	02		243,934.00
10	सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय	02	148,787.00	179,979.00
11	गृह मंत्रालय			34,600.00
12	राष्ट्रीय उर्दू भाषा उन्नयन परिषद्	01	16,250.00	16,188.00
13	पांडिचेरी सरकार		128,800.00	14,730.00
14	सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय	02	2,957,500.00	840,824.00
15	ग्रामीण विकास मन्त्रालय	01		2,650.00
16	विदेश मंत्रालय			11,911.00
17	अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्	01	1,550,000.00	

18	विनरॉक/नेटकाम		782,304.00	649,626.00
19	भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी	02	15,000.00	20,214.40
20	भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद्		45,000.00	36,000.00
21	अन्तर–विश्वविद्यालय संकाय	02	58,256.00	79,783.00
22	प्रशासनिक ऊपरीशीर्ष प्रभार		5,417,105.00	12,454,848.00
23	सोसायटी फार इनोवेशन आफ डिवि. सेंटर		250,000.00	152,385.00
24	ऊर्जा वित्त निगम	01	39,084.00	37,000.00
25	कोशिकीय आणविक जीवविज्ञान पर सम्मेलन		27,000.00	
26.	टाटा शिक्षा ट्रस्ट		2,600,000.00	
27	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार, दिल्ली (पर्यावरण विभाग)	01	203,470.00	294,972.00
28	श्री वेंकटेश्वर महाविद्यालय	01	60,000.00	25,000.00
29	केंद्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड		24,000.00	185,030.00
30	राजस्थान राज्य खनन एवं खनिज लि.	01	67,000.00	7,160.00
31	डी.ओ.ई.एन. पर्यावरण विभाग	08	3,163,564.00	3,962,070.00
32	आई.ए.आर.आई. (15वीं जैनेटिक्स कांग्रेस)	01	50,000.00	
33	राष्ट्रीय कृषि तकनीकी परियोजना	01	262,780.00	438,719.00
34	मद्रास अर्थशास्त्र संस्थान	01	213,605.57	210,051.00
35	रक्षा मंत्रालय	01	25,000.00	440,564.80
36	इंस्टीच्युट आन इमर्जिंग ट्रेंड्स ऑन कैंसर रिसर्च	01	302,427.00	506,071.00
37	भारतीय अनुसंधान परिषद – अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध		1,023,257.00	710,458.00
38	विकास अध्ययन संस्थान			28,830.00
39	ग्लेशियर रिसर्च ग्रुप		5,000.00	
40	अन्तरिक्ष विभाग	01	200,000.00	193,942.00
41	वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद्	20	2,146,199.00	2,823,396.10
42	भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्	04	11,386,986.00	7,269,594.50
43	भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्		906,393.00	916,522.90
44	यू.एन.डी.पी. (टी.आई.एफ.ए.सी.)	01	57,500.00	39,072.00
45	ससेक्स विश्वविद्यालय (यू.के.)	02	147,138.00	147,138.00
46	वाशिंग्टन विश्वविद्यालय	01		36,803.00
47	इण्डो–शास्त्री कनाडियन संस्थान	01	245,000.00	241,799.00
48	फ्रांसीसी दूतावास			71,978.00
49	इटली दूतावास	01	180,684.00	199,354.00
50	फोर्ड फाउन्डेशन		19,638,085.00	2,649,838.00
51	यूरोपीय आयोग	03	1,286,736.86	2,470,667.00
52	यूनेस्को	07	4,213,335.90	512,832.00
53	कनाडा ग्लोबल			327,317.00

54	इण्डो–फ्रेंच (आई.एफ.सी.पी.ए.आर.)	01	471,000.00	
55	इण्डो–यू.एस. परियोजना (यू.एस.डी.ए.)	01	109,768.00	
56	रोग नियन्त्रण केंद्र	01		439,827.00
57	चाइल्ड लेबर सोशल इंक्लुजन			33,433.00
58	अन्तर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान		35,000.00	145,000.00
59	वेलकम ट्रस्ट	01	2,588,403.00	2,866,247.00
60	यूनिफेम	01		540,555.00
61	पोट्स मेमोरियल फाउंडेशन	01	2,043.00	
62	स्विस एजेंसी फार डिवलपमेंट ऐंड कार्पोरेशन	01	429,000.00	266,357.00
63	वर्ल्ड टेलीविजन ब्राडकास्टिंग			272,429.00
64	सेंटर फार इकोलाजी ऐंड हाइड्रोलाजी	01	318,335.00	208,044.00
65	ओमान दूतावास	01	949,352.00	
66	इंस्ट. आफ न्यूक्लियर वॅपन्स	01	48,038.00	36,180.00
67	वॉक्स वेगन	01	663,837.00	802,619.00
68	आस्ट्रेलियाई उच्चायोग	01		30,109.00
69	कोरियाई फाउंडेशन	03	100,240.00	283,398.00
70	कनाडा उच्चायोग	01		342,551.00
71	भारतीय रिजर्व बैंक चेयर	01	206,250.00	235,917.00
72	पर्यावरणीय विधि पर चेयर	01		77,945.00
73	राजीव गांधी फाउंडेशन चेयर	01		184,666.00
74	अम्बेडकर चेयर	01	366,134.00	330,043.00
75	सेठ श्री गर्दोजी (पंकज कोआप. हाउसिंग सोसायटी)		600,000.00	
76	डॉ. टी.के. ऊमन (समाजशास्त्र में एम.ए. छात्र हेतु पुरस्कार)		100,000.00	
77	रमण पोनी स्मारक निधि			8,000.00
78	एम.जे.के. थावराज स्मारक निधि			17,331.00
79	संस्कृत अध्ययन			14,661.00
80	बिंदु अग्रवाल			4,000.00
81	एच.एल. परवाना वृत्तिदान			12,013.00
82	ए.एन. भट्ट स्मारक निधि			4,100.00
83	डॉ. रेफेल इरुजुबिता			36,000.00
84	जूही प्रसाद			2,000.00
85	सज्जाद जहीर और रजिया जहीर			12,000.00
86	डॉ. शीला जुर्बिग			2,000.00

अध्याय– 10

परिसर विकास

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विश्वविद्यालय ने अन्य विकास कार्यों के साथ–साथ छात्रावासों, ट्रांजिट हाउस और पोस्ट डॉक्टरल फेलो छात्रावास का निर्माण कार्य किया।

विश्वविद्यालय ने कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान, विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र, पोस्ट–डॉक्टरल फेलो छात्रावास (चरण– I और –II), संस्कृत अध्ययन केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र का विस्तार, माही और मांडवी छात्रावास का कब्जा ले लिया है तथा इन भवनों को प्रयोग में लाया जा रहा है।

अ.जा. के छात्रों और अ.ज.जा. की छात्राओं हेतु छात्रावासों का निर्माण कार्य चल रहा है।

अकादमिक स्टाफ कालेज के भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। इस भवन का कब्जा 30 जून 2003 तक मिल जाने की संभावना है। आने वाले सत्र से इस भवन को प्रयोग में लाने के लिए इसे तैयार किया जाएगा।

विश्वविद्यालय में आवासीय और गैर–आवासीय परिसरों में बिजली की आपूर्ति हेतु अलग–अलग मीटर लगाने कार्य शुरू किया गया है। इसके जुलाई 2003 तक पूरा हो जाने की संभावना है।

अध्याय – 11

यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति

सर्वोच्च न्यायालय ने अगस्त 1997 में कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न के मामलों का पता लगाने और उनके निवारण हेतु संस्थाओं के उत्तरदायित्वों की पुष्टि करते हुए विशाखा बनाम राजस्थान राज्य की याचिका पर महत्वपूर्ण निर्णय पारित किया। एक माह बाद इस बारे में एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने प्रो. करुणा चानना की अध्यक्षता में एक चार सदस्यीय कार्यदल का गठन किया। इस कार्यदल को, इन मामलों की जांच करने के लिए किस तरह से एक समिति का गठन किया जाए; इस समिति के क्या–क्या कार्य होने चाहिएं और किस तरह की कार्य पद्धति अपनाई जाए, जिससे कार्यस्थलो पर यौन–उत्पीडन के मामलों को रोका जा सके आदि से संबंधित मामलों पर एक रिपोर्ट तैयार करने का कार्य सौंपा गया था। विश्वविद्यालय समुदाय के विभिन्न वर्गों से कई महिनों के विचार–विमर्श के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि एक ऐसी समिति का गठन किया जाए जो न केवल शिकायतों को सुने और उनका निवारण करे, अपितु जेंडर संवेदनशीलन का कार्य भी करे। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की 16 अप्रैल 1999 की अधिसूचना के अनुसार यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति की स्थापना की गई। समिति के नियमों एवं कार्यप्रणाली को सिद्धान्त रूप से सितम्बर 2001 में स्वीकृति प्रदान की गई। फरवरी 2002 में डॉ. रूप मंजरी घोष की अध्यक्षता में गठित समिति ने विश्वविद्यालय को जीएसकैश के नियमों एवं कार्यप्रणाली से सम्बन्धित एक ड्राफ्ट रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रो. अशोक माथुर की अध्यक्षता में एक 2 सदस्यीय समिति ने जीएसकैश के नियमों एवं कार्यप्रणाली को अन्तिम रूप देने के बाद इन्हें 30 मई 2003 को विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद को प्रस्तुत कर दिया। कार्यपरिषद् के सदस्यों के कुछ सुझावों को शामिल करते हुए इसे ज्यों का त्यों स्वीकार कर लिया।

वर्ष 2002–2003 के लिए इस समिति के सदस्य हैं – सुश्री आर. महालक्ष्मी, डॉ. सोनझरिया मिंज और डॉ. हेमंत अधलखा, सुश्री [illegible] जमिल मैथ्यू और महेश गोपालन, डॉ. मालविका चौहान और डॉ. के.एम. इकरामुद्दीन, श्री पी.एस. चाहर श्री [illegible] खान और सुश्री ऐन्ना पंडा। हमारे थर्ड–पार्टी सदस्यों में शामिल हैं [illegible] महिला विकास केंद्र और जागोरी ([illegible] क्षेत्र में कार्यरत गैर सरकारी संगठन) और प्रो. पेट्रीसिया [illegible] और सुश्री उर्वशी भूटालिया (सुप्रसिद्ध महिला [illegible])। इस समिति का कार्यकाल पहले एक वर्ष था, जिसे [illegible] कर दिया गया। इसमें प्रति वर्ष चुनाव के जरिए शिक्षकों और छात्र समुदाय से एक–एक प्रतिनिधि होगा, ताकि समिति की कार्यप्रणाली में दक्षता को बनाए रखा जा सके

अप्रैल 2002 से नवम्बर 2002 तक समिति की गतिविधियां

1. जुलाई 2002 में एक न्यूजलेटर जारी किया गया।
2. समिति स्वयंसेवकों का एक फोरम गठित किया गया, जिनमें जेएनयू समुदाय के विभिन्न वर्गों के सदस्य शामिल किए गए।
3. यौन उत्पीड़न पर जेएनयू की नीतियों पर जुलाई और अगस्त 2002 में एक पोस्टर कार्यशाला और नवम्बर 2002 में एक कार्टून प्रदर्शनी आयोजित की गई।
4. सभी केन्द्रों और प्रशासनिक कार्यालयों को यौन उत्पीड़न से सम्बन्धित सामग्री भेजी गई।
5. अक्तूबर 2002 में स्त्री अधिकार संगठन द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।
6. नौ मामले प्राप्त हुए; 2 मामले बिना किसी पक्षपात के बंद कर दिए गए; 2 मामलों पर अनुशासनिक कार्यवाही की गई; 3 मामलों पर अनुशासनिक कार्यवाही लम्बित पड़ी है; एक मामले में जांच चल रही है।

संवेदनशीलन गतिविधियां

वर्तमान समिति दिसम्बर 2002 में कार्यभार संभालने के बाद से विभिन्न गतिविधियों में संलग्न है। नवम्बर 2002 के अन्त में मौलाना आजाद मेडिकल कालेज की छात्रा के साथ हुई बलात्कार की घटना से दिल्लीवासियों को बहुत आघात पहुंचा। इस घटना के परिणाम स्वरूप परिसरवासियों विशेषकर महिलाओं में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हुई है। जीएसकैश

ने सुरक्षा सलाहकार समिति को नोटिस भेज कर उनसे इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए शैक्षिक परिसर में पर्याप्त रोशनी, निरन्तर गश्त और सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध करने का सुझाव दिया, ताकि जेएनयू समुदाय के लोग अपने शैक्षिक एवं अन्य कार्यो के लिए परिसर में बिना किस भय के आ जा सके।

समिति ने 30 मार्च 2003 तक अपने संवेदनशीलन कार्यक्रमों के तहत दो कार्यशालाएं आयोजित की। पहली कार्यशाला 14 फरवरी 2003 को हुई। इसमें शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी और छात्र संघों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इसमें समिति के पूर्व सदस्यों को अपने अनुभव प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया। मुख्य मुद्दा यह था कि 'यौन उत्पीड़न' के मामलों को कैसे स्पष्ट करे तथा झूठी शिकायत के संबंध में क्या किया जाना चाहिए। इन सब विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

दूसरी कार्यशाला 20 फरवरी 2003 को हुई। इसमें छात्रावासों के अध्यक्षों तथा वरिष्ठ वार्डनों ने भाग लिया। जेएनयू में फरवरी के अन्त और अप्रैल के दौरान सभी छात्रावासों द्वारा 'हॉस्टल नाइट्स' आयोजित करने की परम्परा है। इसमें आयोजक छात्रावास के छात्रों को अन्य छात्रावासों के छात्र मित्रों तथा विश्वविद्यालय से बाहर के मित्रों को आमंत्रित करने की अनुमति होती है। इसमें कुछ अवसरों पर ऐसी अशोभनीय स्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं जो कि आयोजकों को हतोत्साहित कर देती हैं। समिति ने आमंत्रित सदस्यों से 'हॉस्टल नाइट्स' के दौरान उठने वाली समस्याओं और इनके निवारण के संबंध में विचार–विमर्श किया। यह निर्णय लिया गया कि छात्रावास समिति के सदस्य बैज लगाएं ताकि छात्र एवं उनके अतिथि इनकी पहचान आसानी से कर सकें, और जरूरत पड़ने पर उनसे सम्पर्क कर सकें। समिति के छात्र सदस्य के रूप में सभी छात्रावासों के एक–एक छात्र को भी इस अवसर पर तैनात किया जाएगा।

शिकायत निवारण एवं संकट प्रबन्धन

जनवरी–मार्च 2003 के दौरान समिति को जनवरी 2003 में एक छात्रा से विश्वविद्यालय के एक अधिकारी के विरुद्ध शिकायत का केवल एक नया केस प्राप्त हुआ। इस दौरान यह समिति पूर्व समिति द्वारा रिपोर्ट किए गए 2 मामलों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाही करने के संबंध में कुलपति से सम्पर्क करती रही। हमें यह रिपोर्ट करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि विश्वविद्यालय के अधिकारी से संबंधित एक मामले में विश्वविद्यालय ने इस समिति की सिफारिशों का अनुसरण करते हुए उस अधिकारी को दण्ड दिया। विश्वविद्यालय के एक संकाय सदस्य से सम्बन्धित मामले को विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् द्वारा समिति को इस आधार पर वापस भेज दिया गया कि इस मामले में दोषी एवं विश्वविद्यालय वकील के द्वारा उठाए गए कुछ प्रश्नों का जवाब समिति द्वारा दिया जाए। समिति ने सुप्रसिद्ध वकील सुश्री इंद्रा जयसिंह से विचार–विमर्श किया और अपने मत के आधार पर उठाए गए मुद्दों में से कुछ को स्पष्ट किया। एक माह में समिति की रिपोर्ट में 14 मार्च 2003 को कुलपति प्रो. जी. के चड्ढा को प्रस्तुत कर दी गई।

वर्ष के लिए निर्धारित गतिविधियां

इस वर्ष के दौरान समिति, विशेषकर जुलाई 2003 से शुरू हो रहे मानसून सत्र में कुछ और संवेदनशीलन कार्यशालाएं आयोजित करने का विचार रखती है। परम्परानुसार नवम्बर 2003 में समिति अपनी अवधि के अन्त में एक वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगी और इसे विश्वविद्यालय समुदाय की एक आम सभा में प्रस्तुत किया जाएगा।

अध्याय – 12

केन्द्रीय सुविधाएं

1. विश्वविद्यालय पुस्तकालय

जेएनयू पुस्तकालय एक अति आधुनिक और सुसज्जित विश्वविद्यालय पुस्तकालय है। देश के विश्वविद्यालय पुस्तकालयों में इसका सर्वोच्च स्थान है। यह 9 मंजिला टावर भवन में स्थित है तथा इसका कारपेट एरिया लगभग 1 लाख वर्ग फुट है। यह विश्वविद्यालय के शैक्षिक परिसर के मध्य में स्थित है तथा विश्वविद्यालय की सभी शैक्षिक गतिविधियों का केन्द्र है। इसके सभी अध्ययन कक्ष वातानुकूलित हैं और बिजली की आपूर्ति हमेशा रहती है। पुस्तकालय के अधिकतर कार्यों का कंप्यूटरीकरण हो गया है तथा बचे हुए कार्यों का कंप्यूटरीकरण हो रहा है। पुस्तकालय वर्ष भर प्रातः 9.00 बजे से शाम 8.00 बजे तक खुला रहता है तथा परीक्षा के दिनों में यह प्रत्येक सत्र में 45 दिन के लिए मध्य रात्रि के 12.00 बजे तक खुला रहता है। तथापि, पठन कक्ष की सुविधाएं वर्ष भर मध्य रात्रि के 12.00 बजे तक उपलब्ध रहती हैं। पुस्तकालय वर्ष में तीन राष्ट्रीय अवकाशों और होली के त्योहार के दिन बंद रहता है।

विश्वविद्यालय के नेत्रहीन छात्रों की विशेष जरूरतों को देखते हुए पुस्तकालय के प्रवेशद्वार के निकट हेलन केलर के नाम पर एक विशेष इकाई स्थापित की गई है। पुस्तकालय के भू–तल में ओपेक और इंटरनेट पर पढ़ने हेतु छात्रों के प्रयोग के लिए आठ कंप्यूटर लगाए गए हैं।

पाठकों के लिए सेवाएं

कुल मिलाकर 8622 छात्र, संकाय सदस्य और देश–विदेश के विश्वविद्यालयों/संस्थानों के विद्वानों ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान पुस्तकालय सुविधाओं का लाभ उठाया :

सदस्यता

	कुल सदस्यता	8622
1.	अन्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों के छात्र	789
2.	संकाय सदस्य	423
3.	गैर -शिक्षण स्टाफ (प्रोजेक्ट स्टाफ सहित)	699
4.	अकादमिक स्टाफ कालेज के संकाय प्रशिक्षणार्थी	729
5.	छात्र	
	(क) स्नातक व स्नातकोत्तर छात्र	2614
	(ख) शोध छात्र	3083
	(ग) अंशकालिक छात्र	120
	(घ) विशेष सदस्यता	165
	कुल	8622

स्रोत सामग्री का आदान प्रदान

निधि की कमी और सूचना क्रांति के परिणामस्वरूप विश्व के समृद्ध पुस्तकालय भी सभी प्रकाशन खरीदने में असमर्थ हैं, इसलिए पुस्तकालयों ने एक दूसरे के संसाधनों का उपयोग करने की परिपाटी शुरू की है। इस बात को ध्यान में रखते हुए हमारा पुस्तकालय भी 'डेलनेट', इनफिलिब नेट आदि का सदस्य बन गया है।

(क) **अन्तर–पुस्तकालय उधार व्यवस्था** : समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इस व्यवस्था के अन्तर्गत पुस्तकालय ने अन्य पुस्तकालयों से 124 प्रकाशन उधार मंगाए तथा उन्हें 163 प्रकाशन उधार दिए। अनुरोध पर पुस्तकों और पत्रिकाओं के आलेखों की फोटोकापियां भी भेजी हैं।

(ख) **पुस्तकालय सहयोग** : जेएनयू पुस्तकालय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पुस्तकालय, नई दिल्ली के साथ एक सहयोगात्मक प्रबन्ध किया है। इसके अन्तर्गत दोनों संस्थानों के पुस्तकालय एक दूसरे की पुस्तकों/पत्रिकाओं आदि का लाभ उठा सकेंगे। समीक्षाधीन अवधि के दौरान दोनों संस्थानों के बीच इस तरह का सहयोग जारी रहा।

पुस्तकालय में प्राप्ति कार्यक्रम

(क) **पुस्तकें/पत्रिकाएं/सरकारी प्रकाशन** : समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पुस्तकालय ने लगभग 4545 पुस्तकें प्राप्त कीं। इनमें ख्यातिलब्ध विद्वानों तथा संगठनों से उपहार के तौर पर प्राप्त हुई 2267 पुस्तकें भी शामिल हैं। कुलपति, कुलदेशिक, कुलसचिव और केन्द्राध्यक्षों को उपहारस्वरूप भेंट की गई पुस्तकें तथा अन्य सामग्री भी पुस्तकालय ने प्राप्त की। इनमें मुख्य रूप से -- प्रो. ए. पार्थासारथी (जी. पार्थासारथी संग्रह) और जर्मन दूतावास से प्राप्त पुस्तकें और अन्य सामग्री शामिल हैं। समीक्षाधीन वर्ष के अन्त तक पुस्तकालय में कुल संग्रह 5,05,164 था।

(ख) **पत्रिकाएं** : पुस्तकालय ने 674 पत्रिकाएं यू.एन. डाक्यूमेंट्स और सीरियल मंगाए और 140 पत्रिकाएं उपहार स्वरूप प्राप्त की। वर्ष के दौरान पत्रिकाओं की खरीद पर कुल रू. 1,38,52,011.89 खर्च हुए। इसके अतिरिक्त 79 पत्रिकाएं (बायो मेडि. नेट रिव्यूज आनलाइन सहित) के लिए उत्कृष्टता अनुदान में से रू. 51,51,576 खर्च किए गए। 7 पत्रिकाओं के लिए पर्यावरण प्रबन्धन क्षमता विकास परियोजना विशेष अनुदान में से 2.10 लाख रूपये की राशि खर्च हुई।

(ग) ***प्रकाशनों का विनिमय*** : *पुस्तकालय ने अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन* संस्थान की *त्रैमासिक* पत्रिका -- "इंटरनेशनल स्टडीज" के बदले 48 शैक्षणिक पत्रिकाएं प्राप्त की।

पुस्तकालय कुछ प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों और विश्व संगठनों -- जैसे खाद्य एवं कृषि संगठन, विश्व बैंक, विश्व व्यापार संगठन, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय और अन्तर्राष्ट्रीय सिविल विमानन संगठन को सूचनाएं भेजने का कार्य करता है। यह यूरोपीय आर्थिक आयोग के लिए रेफरल केन्द्र के रूप में भी काम करता है।

जेएनयू बुकशॉप

वर्ष 1986 में स्थापित जेएनयू बुकशॉप ने पुस्तकालय के लिए सभी पुस्तकों की खरीद की तथा समीक्षाधीन अवधि के दौरान उन पर 15 से 25 प्रतिशत छूट प्राप्त की। इस तरह पुस्तकों की खरीद पर पुस्तकालय ने 18,28,966.43 रू. खर्च किए और 3,49,042.00 रू. अतिरिक्त छूट के रूप में बचाए। इसके अतिरिक्त एजेंटों और पुस्तक वितरकों द्वारा भी सामान्य छूट दी गई।

तकनीकी सेवाएं

पुस्तकालय ने अक्टूबर 1989 से ए.ए.सी.आर.--II सूचीकरण नियम अपनाएं हैं और इसके बाद प्राप्त पुस्तकों का सूचीकरण कंप्यूटर से किया जा रहा है। इस तरह मानविकी और सामाजिक विज्ञान प्रभागों में "कालन क्लासिफिकेशन" पद्धति और विज्ञान प्रभागों में "यू.डी.सी." पद्धति का प्रयोग किया जाता है। पुस्तकालय का कैटलॉग 'ओपेक' और 'परम्परागत' कार्ड फॉर्म दोनों में उपलब्ध है। पुस्तकालय नियमित रूप से 'सूचिका' शीर्षक प्रलेखन सूची का प्रकाशन करता है। इसमें सामाजिक विज्ञान और क्षेत्रीय अध्ययनों से सम्बद्ध विषयों के चुने हुए लगभग 485 आलेखों की सूची होती है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान लगभग 10,974 आलेखों को सूचीबद्ध किया गया।

अखबारी कतरने

40 अंग्रेजी भाषा के भारतीय और अन्तर्राष्ट्रीय समाचार पत्रों से अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन से संबंधित लगभग 23,569 अखबारी कतरने एकत्रित की गईं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान इस संग्रह में 11.60 लाख अखबारी कतरने थी। सामाजिक विज्ञान, क्षेत्रीय अध्ययन और अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के क्षेत्रों में देश भर में यह एक अद्वितीय संग्रह है।

नेत्रहीन छात्रों के लिए हेलन केलर इकाई

पुस्तकालय ने नेत्रहीन छात्रों के लिए हेलन केलर नाम से एक अलग इकाई स्थापित की है। इस इकाई में कुर्जवेल, जॉज, एम.एस. होम पेज रीडर और डक्सबरी ब्रेल ट्रांसलेटर आदि जैसे विशेष साफ्टवेयर प्रयोग में लाए जा रहे हैं। इस इकाई को स्पीच साफ्टवेयर, इंटरनेट, स्केनर और ओपेक सुविधाओं सहित चार कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए हैं। पुस्तकालय ने नेत्रहीन छात्रों के उपयोग हेतु टेप रिकार्डर और खाली कैसेट भी उपलब्ध कराना जारी रखा।

जिल्दसाजी

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पुस्तकालय की जिल्दसाजी यूनिट ने निम्नलिखित कार्य किए :

1.	कागज जिल्द	401
2.	गत्ते की जिल्द	600
3.	रजिस्टरों की जिल्द	84
	कुल	1085

रिप्रोग्राफी

समीक्षाधीन अवधि के दौरान पुस्तकालय के रिप्रोग्राफी अनुभाग ने निम्नलिखित कार्य किए :

पुस्तकों से अध्याय	72
पत्रिकाओं के आलेख	153

मानविकी प्रभाग (अफ्रो–एशियाई और यूरोपीय भाषाएं)

पुस्तकालय में फ्रेंच, जर्मन, पुर्तगाली, रूसी और इस्पानी भाषाओं की दुर्लभ और अच्छी पुस्तकें उपलब्ध हैं। इनके अतिरिक्त पुस्तकालय में उर्दू, अरबी, फारसी और अन्य भारतीय भाषाओं जैसी प्राच्य भाषाओं का संग्रह भी काफी समृद्ध है। इन पुस्तकों की हमेशा मांग रहती है। भारतीय और विदेशी विद्वान इन पुस्तकों का लाभ उठाते हैं।

एक्जिम बैंक

ज.ने.वि. का अर्थशास्त्र पुस्तकालय – एक्जिम बैंक - ज.ने.वि. के अर्थशास्त्र पुस्तकालय की स्थापना जुलाई, 2000 में ज.ने.वि. पुस्तकालय के भाग के रूप में हुई थी। यह पुस्तकालय पश्चिमाबाद मोड़ के पास लघु शैक्षिक परिसर में स्थित है। इसके चारों ओर काफी हरे–भरे पेड़–पौधे हैं। इस पुस्तकालय में सामाजिक विज्ञान संस्थान और अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान के शोध छात्रों और शिक्षकों के उपयोग के लिए अर्थशास्त्र क्षेत्र की 7500 से अधिक पुस्तकें और 52 पत्रिकाओं के 1500 पिछले भाग हैं। छात्रों और शिक्षकों को ओपेक, उधार सुविधा, संदर्भ और फोटो काफी की सुविधाएं मुहैया करवाई गई।

आटोमेशन और नेवटवर्किंग

पुस्तकालय में एक नए साफ्टवेयर – लिबसिस – की स्थापना की गई है। सभी कार्य इस पर किया जा रहा है। साफ्टवेयर में पुस्तकों, पत्रिकाओं और चयनित पत्रिकाओं के आलेख भी उपलब्ध हैं। बहुत से पत्रिका प्रकाशक इंटरनेट पर अपनी पत्रिका के नाम के साथ अनुक्रमणिका भी प्रकाशित करते हैं, जिससे पत्रिका की विषय सामग्री का पता चल जाता है। पत्रिका अनुभाग ने इन पत्रिकाओं तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए साइट लाइसेंस प्राप्त कर लिया है और आई.पी. स्थापित कर लिया है। पुस्तकालय का पूरा भवन लेन के माध्यम से जुड़ा है। यह विश्वविद्यालय वाइड एरिया नेटवर्क का एक भाग है। विश्वविद्यालय के सभी संस्थान, केन्द्र और महत्वपूर्ण कार्यालय नेटवर्क के माध्यम से पुस्तकालय सर्वर से जुड़े हैं। इसके अतिरिक्त, अंग्रेजी को छोड़कर कई यूरोपीय भाषाओं की पुस्तकों एवं विज्ञान की पुस्तकों के कुछ डाटाबेस पी.सी. पर उपलब्ध हैं।

डाटाबेसों की वर्तमान स्थिति

(i)	समीक्षाधीन अवधि के दौरान पुस्तकालय डाटाबेस में जोड़े गए ग्रंथ-सूची रिकार्ड		–	25,608
(ii)	31.3.2003 के अनुसार पुस्तकालय डाटा बेस की वर्तमान स्थिति –			
	(i)	पुस्तक और शोध ग्रंथ	–	2,00,327
	(ii)	सीरियल / पत्रिकाएं (भाग)	–	48,307
	(iii)	पत्रिकाओं के आलेख	–	66,986
	(iv)	सदस्यता	–	6,072

प्रोसेसिंग अनुभाग, पत्रिका अनुभाग, प्रलेखन अनुभाग, पाठक सेवा अनुभाग, मानविकी प्रभाग तथा विज्ञान प्रभाग को कम्प्यूटर उलब्ध कराए गए। यहां प्रोसस के साथ–साथ एक्सस कर सकते हैं। पुस्तकों, सामान्य पुस्तकों, पत्रिकाओं के

साथ–साथ आलेखों के बारे में जानकारी प्राप्त करने हेतु संदर्भ अनुभाग में पाठकों हेतु दस टर्मिनल लगाए गए हैं। पुस्तकालय को फुल स्केल आटोमेशन के लिए तैयार किया है। इसमें पुस्तकालय में अर्जन, वितरण और संदर्भ सेवाओं की प्रक्रिया के लिए योजना बनाई गई है। पुस्तकालय में पत्रिकाओं और पुस्तकों के रिट्रोकंवर्शन और प्रलेखनों की बार कोडिंग तथा सदस्यों की संख्या जैसी फुल स्केल आटोमेशन प्रणाली पहले ही शुरू हो चुकी है। हालांकि, पुस्तकालय ने कंप्यूटरीकृत डाटाबेस में प्रलेखों को जारी करने/वापस करने के लिए आन लाइन पद्धति शुरू की है।

डेलनेट और इनफिलिबनेट

जेएनयू पुस्तकालय ने दिल्ली लाइब्रेरी नेटवर्क और इनफिलिबनेट में सक्रिय रूप से भाग लिया। इसने यूनियन केटलॉग के लिए अपने डाटाओं का योगदान दिया। डेलनेट से 'ओपेक' और इनफिलिबनेट के आनलाइन केटलॉग का प्रचालन शुरू हो गया है।

2. विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्रीकरण केन्द्र

समीक्षाधीन अवधि के दौरान केन्द्र ने वैज्ञानिक और शोध उपकरणों से संबंधित डिजाइन और विकास/निर्माण/मरम्मत संबंधी 322 कार्य पूरे किए। इन कार्यों में शामिल हैं – लेमिनार फ्लो बेंचिज, पर्यावरण विज्ञान संस्थान प्रयोगशाला हेतु फ्यूम हूड्स, इलेक्ट्रोफोरेसिस पॉवर सप्लाई, इलेक्ट्रोफोरेसिस अपरेटस, एसिड डाइजेशंस चॉम्बरा, प्लांट ग्रोथ चेम्बर। इसके अतिरिक्त, केन्द्र ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान सी.पी.टी. की मरम्मत, होमोजिनाइजर्स, आटोक्लेव्स, गामा चेम्बर, एस.एम.पी.एस., शेकर्स, पावर सप्लाइज, ओवरहेड प्रोजेक्टर्स, ट्रांस–इल्यूमीनेटर, कंप्यूटर्स, माइक्रोस्कोप्स, पी.एच. मीटर्स, वैक्यूम पम्प्स, डी.एन.ए. जेल कास्टिंग अपरेटस आदि से संबंधित मरम्मत कार्य किए।

I. उपकरणों की डिजाइन और विकास

जेएनयू की शोध प्रयोगशालाओं और जेएनयू के बाहर की प्रयोगशालाओं के लिए बिक्री हेतु एक मोराफेट आधारित रेग्यूलेटिड इलेक्ट्रोफोरेसिस पावर सप्लाई विकसित की गई। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इस प्रकार की दो यूनिटों की बिक्री की गई।

II. संसाधनों का सृजन

समीक्षाधीन अवधि के दौरान केन्द्र ने जेएनयू के बाहर के कार्य करने के लिए 12,000/–रु. की राशि अर्जित की।

III. कोर्स आयोजित किए

मानसून सत्र के दौरान जीवन विज्ञान संस्थान के एम–एस.सी. (प्रथम वर्ष) के छात्रों को प्रो. एस.के. शर्मा ने रेमेडियल फिजिक्स विषयक तीन क्रेडिट का एक कोर्स पढ़ाया।

IV. व्याख्यान

समीक्षाधीन अवधि के दौरान प्रो. शतेन्द्र कुमार शर्मा ने निम्नलिखित व्याख्यान दिए :

- 14 जून, 2002 को जेएनयू खेल–कूद विभाग में 'साइंस आफ योगा' विषयक व्याख्यान दिया।
- संत लोंगोवाल इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग ऐंड टेक्नोलाजी, लोंगोवाल (पंजाब) में 'न्यूक्लियर वेस्ट मैनेजमेंट–एनवायरमेंट इश्यूज' विषयक व्याख्यान दिया।
- अकादमिक स्टाफ कालेज, जेएनयू में 'आप्टिकल स्पेक्ट्रोस्कॉपी इंस्ट्रूमेंटेशन' विषयक व्याख्यान दिया।
- अकादमिक स्टाफ कालेज, जेएनयू में 'इलेक्ट्रान ऐंड एटोमिक कोर्स माइक्रोस्कॉप्स' विषयक व्याख्यान दिया।
- 4 फरवरी, 2003 को सी.एस.आई.ओ. कांप्लेक्स, पूसा, नई दिल्ली में आयोजित सी.एस.आई.आर. की अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'रिसेंट ट्रेंड्स इन इंस्ट्रूमेंटेशन–पार्ट–I' विषयक व्याख्यान दिया।
- 4 फरवरी, 2003 को सी.एस.आई.ओ. कांप्लेक्स, पूसा, नई दिल्ली में आयोजित सी.एस.आई.आर. की अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'रिसेंट ट्रेंडस इन इंस्ट्रूमेंटेशन–पार्ट –II' विषयक व्याख्यान दिया।

V. शोध गतिविधियां

- "डिजाइन ऐंड डिवलपमेंट आफ लो कॉस्ट वीडियोस्कोप फार क्लिनीकल एक्जामीनेशन" विषयक शोध परियोजना सी.एस.आई.आर. को प्रस्तुत की गई।
- प्रो. शतेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा प्रस्तुत परियोजना के लिए सी.एस.आई.आर. ने 6.80 लाख रु. का अनुदान मंजूर किया।
- 'डिजाइन ऐंड डिवलपमेंट आफ गैस फील्ड पॉजीशन सेंसिटिव रेडिएशन डिटेक्टर' विषयक शोध आलेख इंस्ट्रूमेंट सोसाइटी आफ इंडिया की पत्रिका को प्रकाशन हेतु प्रस्तुत किया। यह आलेख प्रकाशन हेतु स्वीकार कर लिया गया है तथा जून, 2003 की पत्रिका के अंक में इसके प्रकाशित होने की संभावना है।

– स्टाकहॉम, स्वीडन में आयोजित 'फोटोनिक इलेक्ट्रोनिक ऐंड एटोमिक कोलिशंस 2003' विषयक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'इनवेस्टीगेशन आफ इफेक्ट आफ सिंगल ऐंड मल्टिपल आयोनीजेशन आन कोस्टर–क्रोनिंग ट्रांजीशंस इन हाई जैड एलिमेंट्स' विषयक शोध आलेख पोस्टर प्रजेंटेशन के लिए स्वीकार किया गया।

VI. समितियों की सदस्यता

– प्रो. शतेन्द्र कुमार शर्मा, रेफ्री, द जर्नल आफ फिजिक्स : बी एटोमिक ऐंड मोलक्यूलर फिजिक्स, यू.के.

– प्रो. शतेन्द्र कुमार शर्मा, सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की 'डोयेक' सोसाइटी की कई प्रत्यायन समितियों में विशेषज्ञ रहे।

– प्रो. शतेन्द्र कुमार शर्मा, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला और लखनऊ विश्वविद्यालय के एम–एस.सी., एम.फिल. और पी–एच.डी. शोध ग्रंथों का मूल्यांकन करने के लिए परीक्षक रहे।

VII. अन्य गतिविधियां

– 17 दिसम्बर, 2002 को जेएनयू में कवि सम्मेलन का आयोजन किया।

– 17 मार्च, 2003 को छात्रों द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में भाग लिया।

3. विश्वविद्यालय रोजगार सूचना और मार्गदर्शन ब्यूरो

विश्वविद्यालय रोजगार सूचना और मार्गदर्शन ब्यूरो, जेएनयू का गठन विश्वविद्यालय रोजगार ब्यूरो हेतु राष्ट्रीय सेवा के वर्किंग ग्रुप की सिफारिशों के आधार पर किया गया है। इन सिफारिशों का अनुमोदन श्रम मंत्रालय द्वारा वर्ष 1962 में किया गया था। ब्यूरो ने विश्वविद्यालय में अपना कामकाज मई 1976 में दिल्ली प्रशासन और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के बीच समन्वय के साथ शुरू किया। दिल्ली प्रशासन ने निम्नलिखित स्टाफ को मंजूरी दी :

1.	रोजगार अधिकारी	–	एक
2.	तकनीकी सहायक	–	एक
3.	वरिष्ठ लिपिक	–	एक
4.	कनिष्ठ लिपिक	–	एक
5.	दफ्तरी	–	एक
6.	सफाईवाला (अंशकालिक)	–	एक

इस ब्यूरो को अप्रैल 1980 में चिकित्सा कार्मिकों के लिए "वैकेंसी एक्सचेंज" के रूप में घोषित किया गया। लेकिन जून, 1999 से इसे वापस ले लिया गया। अब यह ब्यूरो जून, 1999 से 'वैकेंसी एक्सचेंज' के रूप में कार्य नहीं करता।

वर्ष 2003–2004 के लिए दिल्ली प्रशासन द्वारा 6 लाख रुपए के बजट की व्यवस्था की गई। विश्वविद्यालय का एक वरिष्ठ शिक्षक प्रोफेसर-इन्चार्ज होता है और वह ब्यूरो के अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है। ब्यूरो को जगह उपलब्ध कराने के अतिरिक्त, विश्वविद्यालय लेखन-सामग्री, फर्नीचर आदि भी उपलब्ध कराता है।

ब्यूरो के उद्देश्य निम्नलिखित है :

1. विश्वविद्यालय के छात्रों और पूर्व छात्रों को पूर्णकालिक और अंशकालिक नौकरियों के लिए पंजीकृत करना;
2. विश्वविद्यालय के छात्रों और पूर्व छात्रों को स्व–रोजगार और अन्य जगहों पर उच्च/समान्तर अध्ययनों सहित रोजगार के बारे में व्यक्तिगत सूचना, मार्ग–दर्शन और सलाह उपलब्ध कराना;
3. व्यवसाय सूचना कक्ष में अन्य विश्वविद्यालयों, व्यवसायिक कोर्सों और स्व–रोजगार योजनाओं से संबंधित सामग्री रखना;
4. इस ब्यूरो में पहले से पंजीकृत रिकार्डों में नवीकरण करना, संशोधन करना और बदलना।
5. दिल्ली में पंजीकरण चाहने वाले जेएनयू के छात्रों का मार्गदर्शन करना और उनकी सहायता करना।

यह आशा की जाती है कि ब्यूरो इस विश्वविद्यालय के छात्रों के हित में वृहत् स्तर पर सेवा करेगा। समीक्षाधीन अवधि के दौरान (1.4.2002 से 31.3.2003 तक) ब्यूरो की उपलब्धियाँ निम्नलिखित थीं :

रोजगार सूचना, पंजीकरण एवं मार्ग–दर्शन

1. समीक्षाधीन अवधि के दौरान 15 उम्मीदवारों को पूर्णकालिक नौकरियों के लिए पंजीकृत किया गया।
2. ब्यूरो के लाइव रजिस्टर में कोई भी उम्मीदवार उपलब्ध नहीं था (क्योंकि ब्यूरो जून, 1999 से 'वैकेंसी एक्सचेंज' के रूप में कार्य नहीं कर रहा है और तदनुसार, पंजीकृत छात्रों के रिकार्ड वैकेंसी एक्सचेंज में स्थानांतरित कर दिए गए)।
3. समीक्षाधीन अवधि के दौरान ब्यूरो के पास किसी भी रिक्ति की सूचना नहीं आई, अतः ब्यूरो ने किसी भी उम्मीदवार का नाम नहीं भेजा।
4. इस ब्यूरो ने केन्द्रीय रोजगार कार्यालय से विज्ञापित रिक्तियों के लिए 4 उम्मीदवारों के आवेदन पत्र केन्द्रीय रोजगार कार्यालय को भेजे।
5. समीक्षाधीन अवधि के दौरान कैरियर से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए 253 उम्मीदवार ब्यूरो में आए। इसमें 113 उम्मीदवारों ने व्यक्तिगत मार्ग–दर्शन प्राप्त किया। 140 उम्मीदवारो ने भी स्व रोजगार, उच्च अध्ययन, छात्रवृत्तियों आदि के बारे में व्यक्तिगत सूचना आदि प्राप्त की।
6. ब्यूरो द्वारा 6 समूह परिचर्चाओं का आयोजन किया गया। इन परिचर्चाओं से अनेक उम्मीदवारों को लाभ पहुंचा।
7. ब्यूरो के व्यवसाय सूचना कक्ष में पहले से ही अन्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों की विवरण–पुस्तिकाएं तथा अन्य संबंधित सूचनाएं उपलब्ध हैं।

व्यक्तिगत सलाह और मार्ग–दर्शन

जरूरतमंद छात्रों को व्यक्तिगत सलाह और मार्ग–दर्शन भी उपलब्ध कराया गया।

क. विश्वविद्यालय कोर्ट के सदस्य

(1.4.2002 से 31.3.2003 तक)

1	डॉ. कर्ण सिंह, कुलाधिपति और अध्यक्ष	
2	प्रो. आशिष दत्ता, कुलपति	30.4.2002 तक
3	प्रो. गोपाल कृष्ण चड्ढा, कुलपति	30.4.2002 (दोपहर बाद) से
4	प्रो. हरबंस मुखिया, कुलदेशिक	30.4.2002 तक
5	प्रो. के.एल. शर्मा, कुलदेशिक	30.4.2002 तक
6	प्रो. कपिल कपूर, कुलदेशिक	30.4.2002 तक
7	प्रो. बलवीर अरोड़ा, कुलदेशिक	10.6.2002 से
8	प्रो. राजीव कृष्ण सक्सेना, कुलदेशिक (जीवन विज्ञान संस्थान के डीन होने के नाते 31.7.2002 तक विद्या परिषद् के पदेन सदस्य और कुलदेशिक के नाते 1.8.2002 से)	
9	डा. आर.एस. परोदा	
10	प्रो. अशोक झुनझुनवाला	
11	डॉ. अरुण निगवेकर	
12	डॉ. पी.जे. फिलिप	
13	प्रो. सुषमा जैन	19.6.2002 से
14	डॉ. मिलाप चन्द शर्मा	19.6.2002 से
13	श्री रमेश कुमार, कुलसचिव और सदस्य–सचिव	
16	श्री एस. नन्दक्योलयार, वित्त अधिकारी	
17	प्रो. आलोक भट्टाचार्य	
18	प्रो. आई.एन. मुखर्जी	
19	प्रो. आर.आर. शर्मा	1.2.2003 से
20	प्रो. प्रभात पटनायक	
21	प्रो. वसन्त जी. गद्रे	
22	प्रो. एच.सी. पाण्डे	1.2.2003 से
23	प्रो. डी.के. बैनर्जी	2.7.2002 तक और पुनः 16.8.2002 से 31.10.2002 तक
24	प्रो. कस्तूरी दत्ता	3.7.2002 से
25	प्रो. के.के. भारद्वाज	
26	प्रो. ए.के. रस्तोगी	
27	प्रो. ज्योतिंद्र जैन	
28	प्रो. आर. रामास्वामी	
29	प्रो. एम.एच. कुरेशी	31.8.2002 तक
30	प्रो. राजेन्द्र डेंगले	
31	प्रो. आर. कुमार	
32	प्रो. आर.के. काले	17.2.2003 से

33	श्री एस.के. खुल्लर	30.7.2002 से
34	प्रो. आर.के. जैन	8.11.2002 तक
35	प्रो. अब्दुल नफे	
36	प्रो. अलोकेश बरुआ	
37	डा. लालिमा वर्मा	
38	प्रो. वरुण साहनी	8.12.2002 तक
39	प्रो. के.पी. बाजपेई	9.12.2002 से
40	प्रो. शशिकांत झा,	8.1.2003 तक
41	प्रो. अनुराधा मित्र चिनॉय	9.1.2003 से
42	प्रो. कुलभूषण वारिकू	22.12.2002 तक
43	प्रो. डी.टी. नोरबू	23.12.2002 से 23.1.2003 तक
44	प्रो. उमा सिंह	24.1.2003 से
45	डा. अजय कुमार दुबे	
46	प्रो. सी.पी. चन्द्रशेखर	9.8.2002 तक
47	प्रो. अरुण कुमार	10.8.2002 से
48	प्रो. एम.एच. सिद्दिकी,	
49	प्रो. राकेश कुमार गुप्ता	29.8.2002 तक
